RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 312
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 22 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भारत-अमेरिका के समान लक्ष्य व हित
विदेश-10

# चैनलों पर हेट स्पीच मामले में सरकार चुप क्यों: कोर्ट

● सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी, कहा-विधि आयोग की सिफारिशों को क्यों नहीं लागू किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विभिन्न** टेलीविजन चैनल पर नफरत फैलाने वाले भाषणों को लेकर नाराजगी जताते हुए उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को जानना चाहा कि क्या सरकार मूक दर्शक है और क्या केंद्र का इरादा विधि आयोग की सिफारिशों के अनुसार कानून बनाने का है या नहीं? शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि विजुअल मीडिया का विनाशकारी प्रभाव हुआ है और किसी को भी इस बात की परवाह नहीं है कि अखबारों में क्या लिखा है, क्योंकि लोगों के पास (अखबार) पढ़ने का समय नहीं है।

टीवी बहस के दौरान प्रस्तोता की भूमिका का उल्लेख करते हुए न्यायालय ने कहा कि यह प्रस्तोता की जिम्मेदारी है कि वह किसी मुद्दे पर चर्चा के दौरान नफरती भाषण पर रोक लगाए। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषणों से निपटने के लिए संस्थागत प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। न्यायालय ने इस मामले में सरकार की ओर से उठाए गए कदमों पर असंतोष जताया और मौखिक टिप्पणी की, सरकार मूक दर्शक क्यों बनी बैठी है? शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को इस मामले में अपना रुख स्पष्ट करने को भी कहा कि क्या वह नफरत फैलाने वाले भाषण पर प्रतिबंध के लिए विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप कानून बनाने का इरादा रखती है? इस बीच, पीठ ने भारतीय प्रेस परिषद और नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्रॉडकास्टर्स (एनबीए) को अभद्र भाषा और अफवाह फैलाने वाली याचिकाओं में पक्षकार के रूप में शामिल करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा, हमने टीवी समाचार चैनल का संदर्भ दिया है, क्योंकि अभद्र भाषा का इस्तेमाल दृश्य माध्यम के जरिए होता है। अगर कोई अखबारों में कुछ लिखता है, तो कोई भी उसे आजकल नहीं पढ़ता है। किसी के पास अखबार पढ़ने का समय नहीं है।

एक याचिकाकर्ता वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने मामले में भारतीय प्रेस परिषद और नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्रॉडकास्टर्स को पक्षकार बनाने की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने अभद्र भाषा पर अंकुश लगाने के लिए एक नियामक तंत्र की आवश्यकता पर जोर दिया। इसने वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े को न्याय मित्र नियुक्त किया और उन्हें याचिकाओं पर राज्य सरकारों की प्रतिक्रियाओं के आकलन को कहा है। शीर्ष अदालत ने मामलों की सुनवाई के लिए 23 नवंबर की तारीख तय की है।

# राडिया के टेप में आपराधिक तत्व नहीं: सीबीआई

● जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो ने उच्चतम न्यायालय को बुधवार को अवगत कराया कि कॉरपोरेट घरानों के लिए लॉबी करने वाली नीरा राडिया की कुछ नेताओं, कारोबारियों, मीडियाकर्मियों एवं अन्य लोगों से हुई बातचीत के टेप की जांच में कोई भी आपराधिक तत्व नहीं मिला है। न्यायालय ने सीबीआई की इन दलीलों का संज्ञान लेते हुए उसे इस मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ से कहा कि निजता के अधिकार के संदर्भ में शीर्ष अदालत के फैसले के मद्देनजर उद्योगपति रतन टाटा की ओर से दाखिल याचिका का निपटारा कर दिया जाना चाहिए। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी शामिल हैं। रतन टाटा की याचिका में राडिया का टेप सामने आने के मद्देनजर निजता के अधिकार की रक्षा का अनुरोध किया गया था। भाटी ने कहा, मुझे आपको यह अवश्य सूचित करना चाहिए कि सीबीआई को टेप की सभी बातचीत की जांच करने का आदेश दिया गया था। चौदह प्रारम्भिक जांच (पीई) दाखिल किए गए और सीलबंद कवर में अदालत के समक्ष रिपोर्ट पेश की गई थी। उनमें कोई भी आपराधिक तत्व नहीं पाया गया है। इसके साथ



नीरा राडिया की फाइल फोटो

ही, फोन-टैपिंग को लेकर दिशानिर्देश भी हैं। एएसजी ने कहा कि निजता के अधिकार से संबंधित फैसले के बाद अब इस मामले में कुछ नहीं बचा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह अवकाश के बाद इस मामले की सुनवाई करेगी, क्योंकि अगले सप्ताह संविधान पीठ बैठ रही है। पीठ ने कहा, इस बीच, सीबीआई अद्यतन स्थिति रिपोर्ट पेश कर सकती है। इसके साथ ही उसने मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 अक्टूबर की तारीख मुकर्र कर दी। टाटा की ओर से पेश वकील ने सुनवाई शुरू होने के साथ ही स्थगन की मांग की। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने 2017 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) के एस पुट्टास्वामी मामले में अपने आदेश में कहा था कि निजता संविधान संरक्षित अधिकार है।

याचिकाकर्ता के वकील ने न्यायालय को सूचित किया कि गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) ने भी एक याचिका दाखिल की है, जिसमें कहा गया है कि इन टेप की बातचीत को व्यापक जनहित में सार्वजनिक किया जाए। सीपीआईएल की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि राडिया दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण कंपनियों के लिए लॉबी करती थीं और इस दौरान सार्वजनिक जीवन वाले व्यक्तियों को प्रभावित करने की कोशिश की गई थी, जिसका खुलासा हुआ था। शीर्ष अदालत ने 2013 में कॉरपोरेट लॉबिस्ट नीरा राडिया की टेप की गई बातचीत के विश्लेषण से उत्पन्न छह मुद्दों की सीबीआई जांच का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था, राडिया की बातचीत बाहरी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से निजी उद्यमों की गहरी चाल को दर्शाती है। सरकार ने राडिया की 180 दिनों की बातचीत को पहले 20 अगस्त 2008 से 60 दिनों के लिए और फिर 19 अक्टूबर से 60 दिनों के लिए रिकॉर्ड किया था। बाद में, 11 मई, 2009 को, एक नए आदेश के बाद, उसके फोन को फिर से 60 दिनों के लिए निगरानी में रखना पड़ा था।

# टाटा, थामस, मुंडा पीएम केयर्स फंड के न्यासी मंडल में शामिल

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की बैठक, दिल खोलकर कोष में योगदान के लिए की देशवासियों की सराहना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आपात स्थितियों में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत कोष यानी पीएम केयर्स फंड के नवगठित न्यासी मंडल के सदस्यों..उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश के टी थॉमस, लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष करिया मुंडा और टाटा सन्स के मानद अध्यक्ष रतन टाटा के साथ एक बैठक की और दिल खोलकर इस कोष में योगदान देने के लिए देशवासियों की सराहना की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

बैठक में भारत के पूर्व नियंत्रक व महालेखा परीक्षक राजीव महर्षि, इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष सुधा मूर्ति और इंडी कॉर्प और पीरामल फाउंडेशन के पूर्व कार्यकारी अधिकारी आनंद शाह को पीएम केयर्स फंड के सलाहकार बोर्ड में मनोनीत करने का फैसला लिया गया। पीएमओ के मुताबिक इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नवनियुक्त न्यासी न्यायमूर्ति थॉमस, मुंडा और टाटा शामिल हुए। बैठक के दौरान कोविड-19 के चलते अपने परिजनों को खो चुके 4,345 बच्चों की मदद करने वाले पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन सहित पीएम केयर्स की मदद से शुरु की गई विभिन्न पहलों के बारे में एक प्रस्तुति दी गई।

न्यासियों की ओर से कोविड काल में इस कोष द्वारा निभाई गई भूमिका का सराहना की गई जबकि प्रधानमंत्री ने पीएम केयर्स में दिल खोलकर योगदान देने के लिए देशवासियों की प्रशंसा की। पीएमओ के मुताबिक बैठक में यह चर्चा की (शेष पेज 8)

# पुतिन ने की तीन लाख रिजर्व सैनिकों की आंशिक तैनाती



● इस कदम को जरूरी बताते हुए कहा- रूस पूरी पश्चिमी सैन्य मशीनरी से लड़ रहा

**भाषा।** मास्को

**यूक्रेन** के साथ करीब सात माह से जारी युद्ध में मिले झटकों के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तीन लाख आरक्षित सैनिकों की आंशिक तैनाती की घोषणा की और इसे आवश्यक बताते हुए कहा कि रूस पूरी पश्चिमी सैन्य मशीनरी से लड़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 3,00,000 रिजर्विस्ट (आरक्षित सैनिक) की आंशिक तैनाती की योजना बनाई गई है।

वहीं रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि अब तक यूक्रेन के साथ सैन्य अभियान में रूस के 5,937 जवान मारे गए हैं और यूक्रेन के 61,207 सैनिक मारे गए हैं। मार्च के बाद पहली बार रूस ने सैन्य अभियान के दौरान अपने नुकसान को स्वीकार किया है। मार्च के अंत में हताहत रूसी जवानों की संख्या 1,351 थी। पुतिन ने (शेष पेज 8)

# कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए गहलोत तैयार

● कहा- समय बताएगा कि मैं मुख्यमंत्री रहूंगा या नहीं, मैं वहां रहना चाहता हूं जहां मुझसे पार्टी को फायदा हो

● राहुल गांधी को मनाने का आखिरी प्रयास करेंगे, आज भारत जोड़ो यात्रा में करेंगे सहभागिता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलने पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अगला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बुधवार को वो दिल्ली पहुंचे और कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की।

माना जा रहा है कि उन्होंने सांगठनिक चुनाव पर चर्चा की तथा संकेत दिया कि यदि राहुल गांधी जिम्मेदारी संभालने के लिए सहमत नहीं होते है तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। गहलोत बृहस्पतिवार को राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ों यात्रा में शामिल होंगे और इसके बाद वे अगले दिन जयपुर और राष्ट्रीप राजधानी पहुंचने से पहले साईं बाबा मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। दूसरी तरफ, पहले से ही चुनाव लड़ने का संकेत दे रहे लोकसभा सदस्य थरूर ने कांग्रेस के मुख्यालय में पहुंचकर पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री से मुलाकात की और नामांकन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की। वैसे, कुछ अन्य नेताओं के भी चुनावी मैदान में उतरने की संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता। गहलोत ने दिल्ली में यह संकेत भी दिया कि वह अध्यक्ष और मुख्यमंत्री दोनों की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि अध्यक्ष बनने की स्थिति में अगर उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ता है तो उनकी जगह किसे यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

माना जा रहा है कि ऐसी स्थिति में गहलोत चाहेंगे कि उनका कोई करीबी मुख्यमंत्री बने, हालांकि सचिन पायलट के करीबी नेताओं का कहना है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह जिम्मेदारी पायलट को सौंपी जानी चाहिए। गहलोत बुधवार शाम चार बजे कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले। करीब दो घंटे की मुलाकात के बाद गहलोत (शेष पेज 8)

# औपनिवेशिक अतीत से जुड़े नियमों व परंपराओं की समीक्षा करेगी सेना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**औपनिवेशिक** विरासत से दूरी बनाने की कोशिश के तहत भारतीय सेना अपनी परंपराओं, नियमों, वर्दी तथा पुरानी रवायतों को समीक्षा शुरू कर दी है। आंतरिक चर्चा के बाद सूत्रों ने यहां बुधवार को बताया कि इन मुद्दों के अलावा सेना मानद कमीशन देने तथा गणतंत्र दिवस समापन समारोह के मौके पर बीटिंग रिट्रीट जैसे समारोहों के आयोजन पर भी विचार करेगी। यह साफ कर दिया गया है कि गहन चर्चा और सहमति बनने के बाद ही कोई भी बदलाव किए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में पुरानी और अप्रभावी हो चुकी परंपराओं की जरूरत पर विचार किया गया। समीक्षा में इंफेंट्री रेजीमेंट के नामों जैसे पंजाब, गोरखा, जाट, सिख, डोगरा और असम पर विचार किया जाएगा क्योंकि ये नाम तत्कालीन औपनिवेशिक शासकों ने रखा था। उन्होंने बताया कि समीक्षा में कानून, नियमों, औपनिवेशिक संस्थानों तथा (शेष पेज 8)

# दिल्ली पुलिस ने 345 किलो हेरोइन की बड़ी खेप पकड़ी



नई दिल्ली में बुधवार को मुंबई के बंदरगाह से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ जब्त करने वाली दिल्ली पुलिस की टीम। फोटो: रंजन डिमरी

● 1725 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 20 टन नशीला पदार्थ जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मुंबई के जवाहर लाल नेहरू पोर्ट के एक कंटेनर से हेरोइन की बड़ी खेप को जब्त किया है। जब्त हेरोइन का वजन करीब 345 किलोग्राम है जो 20 टन मुलेठी की (शेष पेज 8)

### पंजाब समेत कई राज्यों में पहुंचाई जानी थी

**पड़ोसी** देशों से प्रतिबंधित पदार्थ को कंटेनरों में छिपाकर भारत के विभिन्न बंदरगाहों पर लाया जाता है। इस बार यह खेप अफगानिस्तान से पहले ईरान लाया गया फिर दुबई से मुंबई के बंदरगाह पर लाया गया। यह खेप मध्य प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,456 | ↓ | 262 | |
| निफ्टी | 17,718 | ↓ | 97 | |
| सोना | 49,871 | ↑ | 152 | /10g |
| चांदी | 57,406 | ↑ | 333 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एबीजी समूह के संस्थापक अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने बुधवार को एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड के संस्थापक-अध्यक्ष ऋषि कमलेश अग्रवाल को 22,842 करोड़ रुपए की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आधिकारिक पद के दुरुपयोग के आरोपों में कंपनी के पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल और अन्य के खिलाफ सात फरवरी को मामला दर्ज किया था। जांच एजेंसी ने एसबीआई की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया था। अधिकारियों ने कहा कि अग्रवाल को बुधवार को पूछताछ के लिए सीबीआई मुख्यालय बुलाया गया था और इस दौरान जांच में सहयोग नहीं करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# हमेशा हंसाने वाले राजू श्रीवास्तव सबको रुलाकर चले गए

● फिल्म उद्योग के साथियों और प्रशंसकों का दिल टूटा, शोक संवेदनाओं का तांता, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत सबने दी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रख्यात** हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव का बुधवार को दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह 58 वर्ष के थे। राजू श्रीवास्तव का 40 दिन से अधिक समय से अस्पताल में भर्ती थे। राजू कुछ समय तक समाजवादी पार्टी से जुड़े रहने के बाद 2014 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। दिल्ली के एक होटल में व्यायाम करते समय 10 अगस्त को उन्हें दिल का दौरा पड़ा था।

इसके बाद उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया, जहां उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। तभी से वह वेंटिलेटर पर थे और होश में नहीं आए थे। मुंबई में उनके भाई दीपू श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा को बताया, मुझे सुबह फोन करके उनके निधन की सूचना दी गई। यह काफी दुखद खबर है। वह 40 से अधिक दिन से अस्पताल में भर्ती थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्रीवास्तव के परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि उनका असामयिक निधन अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने ट्विटर पर एक पोस्ट में कहा, प्रख्यात हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव जी का असामयिक निधन बेहद दुखद है। अपनी हास्यपूर्ण प्रस्तुतियों से, दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की उनमें विलक्षण प्रतिभा थी। उनके प्रभाव से भारत में हास्य के मंचन को नई पहचान मिली।




उनके परिवार एवं प्रशंसकों को मेरी शोक संवेदनाएं। प्रधानमंत्री ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, राजू श्रीवास्तव ने हंसी, हास्य और सकारात्मकता के साथ हमारे जीवन को रोशन किया। वह बहुत जल्दी हमें छोड़कर चले गए लेकिन अपने समृद्ध काम के जरिए वह अनगिनत लोगों के दिलों में बसे रहेंगे। अस्पताल के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राजू श्रीवास्तव को सुबह 10 बजकर करीब 20 मिनट पर मृत घोषित किया गया। राजू श्रीवास्तव के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। दीपू श्रीवास्तव ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजू श्रीवास्तव के निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया, सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार, राजू श्रीवास्तव जी के निधन से मुझे गहरा दु:ख हुआ है। वे एक मंझे हुए कलाकार होने के साथ-साथ एक बेहद ज़िंदादिल इंसान भी थे। सामाजिक क्षेत्र में भी वे काफ़ी सक्रिय रहते थे। उनके शोकाकुल परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, अपनी अभिनव कला दक्षता द्वारा जीवनपर्यंत सभी का मनोरंजन करने वाले राजू श्रीवास्तव का निधन अत्यंत दु:खद है। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करता हूं। राजू श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा, राजू श्रीवास्तव ने हास्य कला की विधा को अपनी प्रतिभा एवं मेहनत से नई उंचाइयों पर पहुंचाया। उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के माध्यम से प्रदेश की परंपरागत कला की विधाओं के उत्थान में उनका सराहनीय योगदान रहा। ओम शांति। पंजाब के मुख्यमंत्री और श्रीवास्तव के पूर्व सहयोगी भगवंत मान ने कहा कि उन्होंने लोकप्रिय कॉमेडियन के साथ काम किया है और उनसे बहुत कुछ सीखा है।

मान ने ट्वीट किया, राजू श्रीवास्तव जी ने अपने जीवन में हमें खूब हंसाया लेकिन आज ये खबर सुनकर बहुत दुख हो रहा है...उनके साथ काफी काम किया और बहुत कुछ सीखने को भी मिला... राजू जी भले ही शारीरिक तौर पर हमारे बीच नहीं हैं पर उनकी अदाकारी हमेशा दिलों में जीवित रहेगी। आप याद आएंगे गजोधर भइया। उत्तर प्रदेश विधानसभा ने भी उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी हास्य अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। फिल्म जगत की भी कई हस्तियों ने श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी।

फिल्मकार रोकश रोशन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, भगवान आपकी आत्मा को शांति दे राजू श्रीवास्तव। अभिनेता अजय देवगन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, पर्दे पर और आम जीवन में हमेशा आपने हम सभी को हंसाया। भगवान आपके परिवार को इस मुश्किल घड़ी का सामना करने की हिम्मत दे। फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं में राजू श्रीवास्तव के साथ काम कर चुके अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा, (शेष पेज 8)

**प्राधिकरण बोर्ड बैठक**

# न्यू नोएडा समेत सात प्रस्तावों पर लगी मुहर

## कुल 18 प्रस्ताव प्रस्तुत किए, मास्टर प्लान-2041 का एक ड्राफ्ट बनाकर पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा की 206वीं बोर्ड बैठक में कुल 18 एजेंडा प्रस्तुत किए गए। इसमें से सात प्रस्तावों को पास किया गया। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक सचिव व नोएडा प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तीनों प्राधिकरण के सीईओ मौजूद रहीं।

औद्योगिक संस्थागत, वाणिज्यिक व ग्रुप हाउसिंग बिल्डर्स जो भी आवंटी प्राधिकरण का बकाया वर्तमान दरों पर जमा करना चाहता है। उसके लिए बोर्ड पुनर्निर्धारण स्कीम लेकर आ रहा है। योजना तीन महीने एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक रहेगी। पुनर्निर्धारण में 20 प्रतिशत राशि 30 दिनों के अंदर जमा करनी होगी। 80 प्रतिशत राशि किस्तो में जमा की जा सकेगी। इसके लिए 1


नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में अधिकारी।

अक्टूबर से आवेदन किए जा सकते है। न्यू नोएडा डीएनजीआईआर में गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलंदशहर के 60 ग्रामों को शामिल करते हुए एक मास्टर प्लान-2041 का एक ड्राफ्ट बनाकर प्रस्तुत किया गया। प्राधिकरण बोर्ड ने सीटीसीपी से सुझाव लेकर उसको इसमें शामिल किया और अब शहर के लोगों की आपत्ति लेकर इस प्रस्ताव को आगामी बोर्ड में प्रस्तुत करेगी। प्राधिकरण ने कॉमर्शियल एक्टिविटी को बढ़ाने के लिए शहर के बड़े पार्क जिसमें बायोडाइवर्सिटी और औषधी पार्क सेक्टर-91, एक्सप्रेस व्यू पार्क सेक्टर-93 व सेक्टर-150 में शहीद भगत सिंह पार्क में बनी हुई दुकानों और पेट्रोल पंप, सीएनजी पंप और ई चार्जिंग पंप ई टेंडरिंग के जरिए आवंटित किए जाएंगे।

इसमें शर्त है कि यदि टेंडर में तीन से कम आवेदन आते है तो योजना की तिथि को सात दिन बढ़ाया जाएगा। इसके बाद भी तीन से कम आने पर सात दिन के और बढाया जाएगा। इसके बाद पुराने वाले आवेदन कर्ता खुद ब खुद इसमें जुड़ जाएंगे। इसी तरह कॉमर्शियल में सात सात दिनों के बढ़ाया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण में समूह ग के खाली पदों को भरने के लिए एक वर्ष पूर्व सेवानिवृत 44 कार्मिक रखे जाएंगे। इनका चयन कार्यदक्षता और गुण दोष के आधार पर किया जाएगा।

आवासीय भूखंडों के निरस्तीकरण के बाद उसकी रिस्टोर कराने के लिए आवंटी को निरस्तीकरण की तिथि से अधिकतम छह माह के अंदर रिस्टोर कराने के लिए आवेदन करना होगा। इसके लिए रिस्टोर करने के लिए विचार किया जाएगा। नोएडा के सेक्टर.82 बस टर्मिनल को यूपीएसआरटीसी को हैंडओवर करने का निर्णय लिया गया। इस बस स्टेशन को सेक्टर-35 बस स्टेशन के साथ साथ सेटेलाइट बस टर्मिनल के रूप में प्रयोग किया जाएगा। बस टर्मिनल के भूतल और सेकंड फ्लोर के स्पेस को पीपीपी मॉडल पर संचालित किया जाएगा।

जेपी जयप्रकाश इंडस्ट्रीज और यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के बीच हुए अनुबंध के तहत जेपी से नोएडा को जो भूमि हस्तांतरित की गई थी, वहां निर्माण के लिए निशुल्क टाइम एक्सटेंशन का समय बढ़ाया गया है। जिन परियोजनाओं या प्रकरणों में जेपी और यमुना के बीच सबलीज हो चुकी है, उनके संबंध में नोएडा प्राधिकरण की 205वीं बोर्ड बैठक में यमुना प्राधिकरण के निर्णय के अनुसार 31 मार्च 2022 तक समय निशुल्क दिया गया था। इसके बाद संपत्ति की प्रकृति के अनुसार समय वृद्धि देने का निर्णय लिया गया था। मंगलवार को हुई नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इस निर्णय में संशोधन करते हुए 31 मार्च 2022 तक के समय को बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक कर दिया गया है।

# एसीईओ ने 5 अधिकारियों से की पूछताछ

## दीवार गिरने का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा। नोएडा में दीवार गिरने और चार लोगों की मौत के मामले में प्राधिकरण ने जांच शुरू कर दी है। बुधवार को प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीन मिश्र ने सर्किल-2 के पांच अधिकारियों से पूछताछ की। नोएडा दस सर्किल में बंटा है। जिस स्थान पर दीवार गिरी वह क्षेत्र सर्किल-2 में आता है। जिनसे पूछताछ की गई उनमें सर्किल-2 के प्रभारी, डीजीएम, एपीई, जेई सुपरवाइजर शामिल थे।

प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की है। इसमें एसीईओ प्रवीन मिश्रा और सीएपी इश्तियाक अहमद है। जांच रिपोर्ट 15 दिन के अंदर देनी है। इस जांच में थर्ड पार्टी तकनीकी संस्था फ रॉट्रेस इंफ्राकॉन लिमिटेड इनका सहयोग करेगी।


फाइल फोटो

सूत्रों ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। पहले दिन जांच में एसीईओ की ओर टेंडर संबंधित दस्तावेज और जानकारी ली गई। जिसमें कंपनी का बैकग्राउंड, काम करने का तरीका और किन.किन अधिकारियों की क्या जिम्मेदारी थी, इसके बारे में जानकारी ली गई। दो से तीन दिन में एसीईओ की अध्यक्षता वाली ये टीम साइट विजिट करेगी। मामले में पुलिस अब तक एमडी कंस्ट्रक्शन के मालिक सुंदर यादव को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस ने बताया कि उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद सहित अन्य ठिकानों पर नोएडा पुलिस की छापेमारी की है। बताया गया कि सुंदर यादव के परिजनों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। छापेमारी के लिए चार टीमें बनाई गई है।

सर्विलांस की मदद ली जा रही है। मंगलवार को नोएडा के सेक्टर-21 जलवायु विहार सोसाइटी की पेरीफेरल दीवार गिर गई थी।

## निगम ने थमाए बढ़े टैक्स के नोटिस, सुनवाई भी बंद

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने प्राइवेट कंपनी द्वारा तैयार नोटिस का वितरण शुरू कर दिया, इससे आम लोग परेशान हैं। हालांकि, नगर निगम इन नोटिसों पर आपत्तियां दर्ज कराने वाले लोगों की सुनवाई कर रहा है। मगर यह सुनवाई भी अब रुक गई है।

निगम अब तेजी से हाउस टैक्स के नए नोटिस का वितरण कर रहा है। इसका नगर निगम बोर्ड की बैठक में विरोध भी हो चुका है। इसके बाद भी नगर निगम नोटिस के वितरण का कार्य कर रहा है। नोटिस में लिखा गया है कि अगर किसी को कोई आपत्ति है तो वह एक महीने के अंदर उसे दर्ज करा सकता है। इससे पहले भी निगम ने आपत्तियां मांगी थीं। करीब 1300 से अधिक आपत्तियां आई भी थीं, जिनका निगम प्रशासन की ओर से अभी तक निस्तारण नहीं किया गया।

# बच्चा चोरी की अफवाह पर भीड़ ने पीटा, 4 गिरफ्तार

**● सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में बच्चा चोरी की अफवाह में भीख मांगने वाले एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने पीटा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला नोएडा के फेस-दो कोतवाली क्षेत्र याकूबपुर गांव का है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। याकूबपुर गांव के लोगों ने भीख मांगने वाले एक बहरुपिया को पकड़ लिया और आरोप लगाने लगे कि यह बच्चा चोरी करता है। जिसके बाद ग्रामीणों ने बहरुपिया को दौड़ा.दौड़ाकर पीटा। हालत यह गई कि बहरुपिया के मुंह और नाक में से खून निकलने लगा। पुलिस ने बताया कि घटना तीन दिन पुरानी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गांव से चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

इसके बाद मंगलवार को पुलिस ने स्पेशल कैंपेन चलाया और लोगों को इस तरह से अफवाह फैलाने वालों से बचकर रहने की हिदायत ही साथ लोगों को जागरूक भी किया। बताया गया कि बहरुपिया गेझा गांव में रहता है। वह ठीक से सुन और बोल भी नहीं सकता है। उसके पिता की मौत बचपन में हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार


यातायात नियम का उल्लंघन करने पर कार चालक का चालान काटता पुलिसकर्मी

### भारतीय किसान यूनियन कृषक संघ का प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण पर भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा होकर संगठन के कार्यकर्ता यमुना प्राधिकरण पहुंचे। इन लोगों ने यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों पर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपमानित करने का आरोप लगाया। भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने यमुना प्राधिकरण पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। भारी संख्या में किसान इकट्ठा होकर यमुना प्राधिकरण पहुंचे। यमुना प्राधिकरण के सामने यह लोग धरने पर बैठ गए। भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर ने बताया कि वह किसानों की समस्याओं को लेकर सीईओ रविंद्र कुमार के पास पहुंचे जहां पर उनको अपमानित किया गया। उन्होंने ओएसडी शैलेंद्र भाटिया पर भी अभद्रता करने का आरोप लगाया।

### डॉ. अकेला पर तीसरे मुकदमे की तैयारी

**गाजियाबाद।** सत्तारूढ़ पार्टी का कद्दावर नेता बताने वाले डॉ अरविंद कुमार वत्स अकेला ने समाज में अपना रुतबा बढ़ाने के लिए न केवल तन से सर जुदा करने वाली धमकी का ताना बाना बुनकर पुलिस प्रशासन को हड़कंपित कर दिया, बल्कि समाज में भी सनसनी फैला दी। कई दिनों के बाद जब पुलिस ने डॉ. अकेला को मिली कथित धमकी का चौकाने वाला खुलासा करके उनके गनर लेने वाले मंसूबों पर पानी फेर दिया। उनके खिलाफ पहले दो केस दर्ज है अब तीसरे की तैयारी है। पुलिस को गुमराह करने और समाज में सनसनी फैलान व दूसरे धर्म के अनुयायों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणीं करके सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश के दो मामलों में रिपोर्ट दर्ज करके उनके खिलाफजांच भी शुरू कर दी।

### फरियादियों को नहीं होने देंगे परेशानः नितिन गौर

**गाजियाबाद।** नए नगर आयुक्त नितिन गौर का कहना है कि किसी भी फरियादी को निराश नहीं होने दिया जाएगा। हर समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और उसका समय रहते निस्तारण किया जाएगा। नितिन गौर ने मंगलवार देर शाम चार्ज लेने के बाद यह बाते कहीं थीं। उन्होनें कहा कि नगर निगम का मुख्य काम जनता को सुविधाएं देना है। उनकी प्राथमिकता सरकारी योजनाओं के समय पर क्रियान्वय की है। जो कार्य पहले से चल रहे हैं उनकी समीक्षा के बाद सुचारू किया जाएगा। पार्किंग, संपत्ति के किराए वृद्धि, टैक्स में बढोत्तरी आदि के मामले पर विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया जाएगा। उन्होनें कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं पर साहनुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा। फिलहाल पहले वह नगर निगम के काम करने के तरीके की परख कर रहे हैं। आज सुबह नगर आयुक्त नितिन गौर शहर में सडक पर उतरे। उन्होनें कई स्थानों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान ललित जयसवाल भी मौजूद रहे।

### कारोबारी के घर चोरी, नेपाली दंपति नौकर फरार

**नोएडा।** थाना बीटा टू क्षेत्र की दी पॉम्स सोसाइटी में कारोबारी के घर में नेपाली नौकर दंपति ने फ्राइड राइस में नशीला पदार्थ मिलाकर परिवार को बेहोश कर दिया और उसके बाद घर से नगदी, जेवरात और विदेशी डॉलर सहित 20 लाख की चोरी कर फरार हो गए। कारोबारी विकास चक्रवर्ती के घर नेपाल निवासी गीता व प्रमोद घर का काम करते थे। शुक्रवार की रात आरोपी दंपति ने फ्राइड राइस में नशीला पदार्थ मिला कर पुरे परिवार को खिला दिया। जिससे विकास चक्रवर्ती उसकी पत्नी व बेटा बेहोश हो गए। जिसके बाद आरोपी गीता व प्रमोद ने घर से नगदी ज्वेलरी व विदेशी डॉलर सहित 20 लाख की चोरी कर फरार हो गए।

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients Sh. Davinder Kumar Malhotra S/o Late V M Malhotra and his wife Ms.Mohini Malhotra R/o D-2 Pujari Apartment, Shiv **Vihar, Rohtak Road, Delhi -110087** have separated and severed all relations with their son **Mr. Ankit Malhotra** and daughter-in-law **Ms. Debanita Sutradhar** and have debarred them from their self-acquired moveable, immoveable and intangible properties and any persons hereafter dealing with them shall do so entirely at his/her own risk and responsibility.

Advocate
Regn. No..............

**LOST & FOUND**

I, Sanjay Mathur S/o Late Radhika Narain Mathur R/o. K - 2 Shree Ganesh Apartments, 93, I. P. Extension Patparganj Delhi - 110092 , inform that I have lost my original documents (i) Share certificate (ii) Allotment Letter (iii) Possession Letter etc. Related to my Flat no - K- 2 Shree Ganesh Apartments Plot No - 93, I.P. Extension Patparganj Delhi - 92 in Madhu Vihar Market I. P. Extension Delhi. **Sanjay Mathur**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Suresh Kumar is the owner of Property of area measuring 280 Sq., Yds., Situated in the Mohalla Adarsh Colony, Gali No. 2, Bagpat, Tehsil & District Bagpat vide Gift Deed dated 17.09.2022, Doc No. 7398. All persons are hereby informed that M/s Suresh Jewellers Roop Palace wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# पार्किंग विवाद में बाउंसर ने युवक को सरिया से मारा

**नोएडा।** नोएडा में अस्पताल के बाउंसर ने सरिया से युवक हमला कर दिया। जिसका फुटेज सामने आया है। जिसमें दिख रहा है। दो युवक एक कार के पास आकर रुकते हैं। एक युवक सड़क पर खड़ा होकर फोन पर बात करने लगा। थोड़ी देर बाद बाउंसर हाथ में सरिया लेकर आया। उसके पीठ पर हमला कर दिया। वह भागने लगा।

इसके बाद कार के गेट के पास खड़े दूसरे व्यक्ति को मारने के लिए दौड़ा, तो वह भाग निकला। दोनों युवकों को दौड़ा लिया। कार पार्किंग को लेकर विवाद बताया जा रहा है। इसकी शिकायत थाना फेज.2 पुलिस से की गई है। मामले में अस्पताल प्रबंधन ने आरोपी बाउंसर को निकाल दिया है। पुलिस ने बताया अजब सिंह नोएडा के अगाहपुर में रहते हैं। उनके एक परिचित का सेक्टर-110 में यर्थाथ अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह उससे मिलने अस्पताल गए थे। जाने से पहले उन्होंने अस्पताल के बाहर अपनी गाड़ी पार्क की। इसको लेकर जाने से पहले ही बाउंसर राहुल के साथ विवाद हुआ। इसके बाद वे अस्पताल से बाहर आए। कुछ ही सेकंड में पीछे से अस्पताल का बाउंसर राहुल लोहे की राड लेकर आया और पीछे से कमर पर दो से तीन वार किए।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स रेयर इम्पेक्स/ शुभम बंसल/ नीलू बंसल/ अजय कुमार/ खाता संख्या 000752001525/ 000705042068 | प्लॉट नंबर जी-113 ब्लॉक-जी, छत के अधिकार के बिना दूसरी मंज़िल, अशोक विहार फेज -1 दिल्ली-110052 / 19 सितंबर, 2022 | जून 13, 2022 रु. 1,06,74,403.43/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 22, 2022**
**स्थान : दिल्ली**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रविकांत शर्मा/ सीमा कुमारी/ LBGUR00004037589 | फ्लैट नं 1602, 16वीं मंज़िल, टावर-डी, अराविले, सेक्टर-79, गुड़गांव, हरियाणा/ सितंबर 16, 2022 | जून 23, 2021 रु. 73,98,500/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | प्रदीप कुमार/ नंदिता कर्माकार/ LBGUR00004326056 | फ्लैट नंबर 106, टॉवर- ई, पहली मंज़िल, अराविले, सेक्टर- 79, गुड़गांव, हरियाणा/ सितंबर 16, 2022 | जून 23, 2021 रु. 62,39,126/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | वीरपाल सिंह/ हेमा सिंह/ LBGUR00004915551 | शॉप नंबर एलजी-25, लोअर ग्राउंड फ्लोर, सिग्नम 36, सेक्टर 36, गुड़गांव/ सितंबर 16, 2022 | अक्टूबर 16, 2021 रु. 22,12,093/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | वीरपाल सिंह/ हेमा सिंह/ LBGUR00004928648 | फ्लैट नंबर 5-005, ग्राउंड फ्लोर, टावर 5, द सेरेनास, विलेज धुनेला, सेक्टर 36, सोहना जिला, गुड़गांव/ सितंबर 16, 2022 | अक्टूबर 16, 2021 रु. 20,11,649/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | बिट्टू कुमार सिंह/ अमृता सिंह/ LBDEL00002919631 | फ्लैट नंबर-1106, 11वीं मंज़िल, टावर 8, सुपरटेक बसेरा, सेक्टर-79 और 79बी, गुड़गांव/ सितंबर 16, 2022 | जून 19, 2021 रु. 18,57,893/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | जय भगवान डोडवाल/ दविंदर कौर डोडवाल/ LBDEL00004918774 | फ्लैट नंबर एसटी-22-01, पेंट हाउस नंबर 01, 22वीं मंज़िल, सीएचडी एवेन्यू -71, टॉवर नंबर 2, सीएचडी एवेन्यू, सेक्टर 71, गुड़गांव/ सितंबर 16, 2022 | फरवरी 22, 2021 रु. 1,99,07,873/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 22, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**SBFC**
**SBFC FINANCE PVT.LTD.**
(Erstwhile Small Business Fincredit India Pvt. Ltd.)
Unit No. 103, First Floor C & B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai -400059 |Telephone: +91 22 - 67875300 | Fax: +91 22 67875334 |
www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

एसबीएफसी फाइनेंस प्रा. लि. की शाखा लाजपत नगर, दिल्ली के स्थानांतरण के बारे में जनता को सूचित/ अधिसूचित किया जाता है। **21.12.2022** से प्रभावी।
**यहां सेः- एसबीएफसी फाइनेंस प्रा. लि.**
ओ-7, पहली मंजिल, लाजपत नगर-2, नई दिल्ली-110024
**के लिएः- एसबीएफसी फाइनेंस प्रा. लि.**
ए-86, पहली मंजिल, अर्जुन नगर, भीष्म पितामह मार्ग, डिफेन्स कॉलोनी के सामने, नई दिल्ली-110003
**अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें – एसबीएफसी फाइनेंस प्रा.लि.**
**Phone: 9871627604**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती लता जैन, ने गांव पालम, आबादी को राज नगर-II, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली 110045 के नाम से जाना जाता है, में स्थित फ्रीहोल्ड छत अधिकार के साथ भूतल और द्वितीय तल दो और आधी मंजिला संपत्ति सं. आरजेड-एच-110ए का हिस्सा, एरिया परिमाप 110 वर्ग गज उप-रजिस्ट्रार IX नई दिल्ली के साथ पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 30.06.2022, पंजीकरण सं. 8378 के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती लता जैन पत्नी पंकज जैन ने फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से ऋण लेने के लिए संपर्क किया है और वे 1) खतौनी (1954-1955) श्री जुग लाल पुत्र श्री नंदू (69 मीन) के पक्ष में, 2) वसीयत और एटीएस दिनांक 18.06.1982 के साथ नोटरीकृत जीपीए, 3) वसीयत और एटीएस दिनांक 18.06.1983 के साथ नोटरीकृत जीपीए, 4) वसीयत और एटीएस दिनांक17.02.2006, दस्तावेज सं. 1817, खंड सं. 931, पृष्ठ 141-143 पर पंजीकृत 17-02-2006 और एटीएस दिनांक 17-02-2006 और वसीयत दिनांक 17-02-2006 को खो दिया हैं श्रीमती लता जैन पत्नी पंकज जैन ने दिल्ली पुलिस को दिनांक 20.09.2022 नंबर 814908/2022 के साथ उपरोक्त दस्तावेजों के खोने के बारे में सूचित किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

**श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,**
**एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301**
**ईमेलः sgassociatespl@gmail.com**
**फोन : 7011172764, 8130200837**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
**VEHICLES FOR SALE**
1) TATAMOTORS_T_LPT2518G
REG. NO. HR47D5606-YOM -2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : JAGBIR SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 9999996157
E-MAIL – jagbir.singh@kotak.com

## एलीवेटेड रोड पर फिर हुई जन्मदिन की दो पार्टियां, 13 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद व इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित एलीवेटिड रोड पर आधा दर्जन से अधिक युवकों को जन्मदिन मनाना भारी पड़ गया। पुलिस प्रशासन ने फौरी कार्रवाई करते हुए उन युवकों के खिलाफ साहिबाबाद थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया।

अब साहिबाबाद पुलिस ने उन युवकों की शिनाख्त करके पांच युवकों को गिरफ्तार भी कर लिया। एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है पुलिस ने जिन युवकों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम फईम, सद्दाम व अजीम, अमन खां निवासी सैक्टर 11 विजयपगर व सोनू निवासी गली नंबर 23 सर्वोदय नगर विजयनगर हैं। एसपी सिटी के अनुसार कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# नॉलेज पार्क पहुंचा गंगा जल, ग्रेनो में सप्लाई जल्द

**● परीक्षण के तौर पर अब यहां से टंकियों तक पानी पहुंचाया जाएगा।**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडावासियों के घरों तक गंगाजल पहुंचाने की परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। ग्रेटर नोएडा के जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्व वायर से तीन एरिया रिजर्व वायर तक गंगाजल पहुंच गया है। परीक्षण के तौर पर अब यहां से टंकियों तक पानी पहुंचाया जाएगा। उसके बाद घरों को सप्लाई शुरू की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह ने बताया कि सितंबर के पहले सप्ताह में गंगाजल ग्रेटर नोएडा के मास्टर रिजर्व वायर पहुंच गया था। वहां से अब



तीन एरिया रिवर्ज वायर सेक्टर ईटा, गोल्फ कोर्स और नॉलेज पार्क में शारदा विश्वविद्यालय के पास पानी पहुंच गया है। अब यहां से टंकियों में पानी पहुंचाया जाएगा। नॉलेज पार्क में एरिया रिजर्व वायर से नॉलेज पार्क वन टू व थ्री, ओमेगा वन, पी थ्री, पी फोर व पी-7 सहित अन्य बिल्डर्स एरिया में पानी पहुंचाया जाएगा। सेक्टर ईटा स्थित एरिया रिजर्ववायर से ईटा वन व टू, डेल्टा वन, टू व थ्री में गंगाजल की सप्लाई की जाएगी।

गोल्फ कोर्स स्थित एरिया रिजर्व वायर से सेक्टर अल्फा वन, बीटा वन व टू और गामा वन व टू में सप्लाई की जाएगी। फिलहाल परीक्षण के तौर पर गंगाजल के यूजीआर तक पहुंचाया जा रहा है। टेस्टिंग सफल होने के बाद घरों तक आपूर्ति शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि मास्टर रिवर्जवायर से तीनों एरिया रिजर्व वायर तक बिना लीकेज के परनी पहुंच गया है। इसकी तैयारी बीते दो साल से की जा रही थी।

# आठ माह में 562 सड़क दुर्घटनाएं, 242 ने गंवाई जान

## गाजियाबाद में बढ़ते हादसों को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह का अधिकारियों संग मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में आए दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर केन्द्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग राज्यमंत्री एवं केन्द्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने चिंता जताई। सड़क हादसे कम से कम हों इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मंथन किया।

जिला सभागार में आयोजित बैठक में शामिल हुए वीके के समक्ष सबसे पहले आरटीओ आरके सिंह ने सड़क हादसों का ब्यौरा रखा। उन्होंने वीके सिंह को बताया कि पिछले दो सालों के मुकाबले में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। एक जनवरी 2022 से 31 अगस्त तक


राज्यमंत्री वी.के सिंह

2022 तक जिले में 562 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं में 242 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं तो वहीं 402 घायल हो चुके हैं। जबकि, 2020 में 426 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें 194 लोगों की जान गई थी और 286 घायल हुए थे।

2021 में 533 सड़क हादसे हुए थे, जिसमें 256 की मौत और 346 घायल हुए थे। यानि, दो सालों में सबसे अधिक घटनाएं जिले में बढ़ी हैं। बैठक में नेशनल हाईवे के आठ ब्लैक स्पॉट, स्टेट हाइवे के तीन ब्लैक स्पाटों में क्या सुधारात्मक कार्रवाई की गई इसको लेकर चर्चा हुई।

इसके अलावा बैठक में गति सीमा और यातयात कम करने वाले उपायों की समीक्षा, जिले में गुड स्मार्टनेस को प्रेरित करने के लिए कार्य नीतियां तैयार करना, जिले में यातायात पार्क, सह प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना, सडक सुरक्षा अभियान को प्रोत्साहित करना, राष्ट्रीय, राज्य सड़क सुरक्षा परिषद को सुझाव प्रदान करने को लेकर भी चर्चा की गई।

इसके अलावा 12 नए ब्लैक स्पॉटों का भी लोकनिर्माण विभाग ने चिन्हित किया, जो विजयनगर टी प्वॉइंट, घूकना मोड़, मोहननगर, अर्थला, वसुंधरा रेड लाइट, दुहाई अंडरब्रिज, आईटीएस, ओएफएम गेट, गंगनहर, रावली रोड, राजेन्द्र नगर, सीमापुरी बॉर्डर और करन गेट हैं, यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर ब्लैक स्पॉटों पर जल्द से जल्द सुधार कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि इन घटनाओं को रोका जा सके। बैठक में डीएम आरके सिंह, एसएसपी मुनिराज, नगरायुक्त नितिन गौर, एडीएम सिटी बिपिन कुमार, सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर, आरटीओ आरके सिंह, एआरटीओ राघवेन्द्र सिंह, एआरटीओ मनोज, डीआईओएस राजेश श्रीवास आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सड़क किनारे सो रहे छह को ट्रक ने रौंदा, चार की मौत

**रफ्तार का कहर**



फोटो: रंजन डिमरी

सीमापुरी स्थित डिवाइडर पर जमा भीड़, यहां ट्रक ने छह लोगों को कुचला था, इंसेट में गमगीन मृतक की परिजन।

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। इस दुर्घटना में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 6 लोगों को रौंदा डाला।

हादसे में 4 लोगों की मौत बताई गई जबकि एक शख्स की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि सीमापुरी में डीटीसी डिपो रेडलाइट के पास की यह घटना है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक यह घटना मंगलवार देर रात करीब एक बजकर 51 मिनट पर हुई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक ट्रक डीटीसी डिपो ट्रैफिक सिग्नल को पार कर डीएलएफ टी-प्वाइंट की ओर जा रहे रोड डिवाइडर पर सो रहे लोगों को कुचलता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) आर सत्यसुंदरम ने कहा कि

## चालक यूपी के शामली से गिरफ्तार, लापरवाही से चला रहा था वाहन

चालक बहुत तेज और लापरवाही से ट्रक चला रहा था। इस दुर्घटना में दो पीड़ितों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चार घायलों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से एक को डॉक्टरों जांच के बाद मृत घोषित कर दिया और एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

सीसीटीवी फुटेज में यह भी दिख रहा है कि ट्रक लोगों के ऊपर से गुजरने के बाद बिजली के खंभे से टकराया जिससे स्ट्रीट लाइट बंद हो गई। मृतकों की पहचान नई सीमापुरी के रहने वाले करीम, छोटे खान और शाह आलम के अलावा उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद के शालीमार गार्डन निवासी राहुल के रूप में की गई है। दुर्घटना में घायल मनीष उत्तर प्रदेश में साहिबाबाद के हर्ष विहार का, जबकि प्रदीप ताहिरपुर का रहने वाला है।

पुलिस के मुताबिक घटना के बाद फरार ट्रक चालक की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। बुधवार शाम पुलिस ने ट्रक चालक को यूपी के शामली से गिरफ्तार कर लिया। मनीष ने इस हादसे को याद करते हुए कहा वह कल रात करीब आठ बजे यहां कबाड़ का सामान बेचने आया था। इसमें कुछ समय लगा और रात का खाना खाने के बाद वह डिवाइडर पर सो गया। ट्रक पहले मेरे हाथ के ऊपर से गुजरा और उसे डिवाइडर के दूसरी तरफ धकेल दिया।

इसके बाद ट्रक डिवाइडर पर सो रहे अन्य लोगों के ऊपर से गुजरा। ट्रक एक बिजली के खंभे से टकराने के बाद उसका चालक वहां से फरार हो गया। मनीष को हाथ पर चोट लगी है और उसे उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



घायल मनीष

पुलिस का कहना है कि ट्रक की पहचान कर ली गई है। इस हादसे के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

### छोटे खान की आंख परिवार ने किया दान

ट्रक हादसे में जान गंवाने छोटे खान का परिवार आंखें दान करने का फैसला किया है। 25 वर्षीय छोटे खान के बड़े भाई मुमताज खान ने कहा कि उन्हें फोन पर एक दोस्त ने घटना के बारे में जानकारी दी थी। मंगलवार रात, वह छोटे को घर के अंदर सोने के लिए कहा, लेकिन उसने बाहर सोने का फैसला किया। छोटे शादीशुदा थे और उनकी एक बेटी भी थी। हालांकि, वह अपनी पत्नी से अलग हो गए। उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों से बात कर भाई की आंख दान करने का निर्णय लिया है ताकि जिनके आंखों के सामने अंधेरा है। वह छोटे की आंखों से खूबसूरत दुनिया को देख सके।

# डीडीए भूमि पर कब्जे के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

- सोमनाथ भारती ने सरकारी और कब्रिस्तान की जमीन पर किया कब्जा : आदेश गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

केजरीवाल सरकार पर हमला बोलते हुए दिल्ली भाजपा ने डीडीए की जमीन पर कब्जा कर बेचने का आरोप लगाते हुए बुधवार को जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि कब्रिस्तान की जमीन को बेचने और साथ लगी डीडीए की जमीन पर कब्जा करने पर आप विधायक सोमनाथ भारती को आम आदमी पार्टी (आप) तुरंत बर्खास्त करे।

आदेश गुप्ता ने कहा कि सोमनाथ भारती ने हौज खास क्षेत्र में प्रसिद्ध डियर पार्क के करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने



प्रदर्शन के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता

कहा कि कब्जे का काम वक्फ बोर्ड के सहयोग से कब्रिस्तान के साथ लगती जमीन पर किया गया है जो कि वास्तव में डीडीए की जमीन है।

आदेश गुप्ता ने इसे लैंड जिहाद का नाम देते हुए आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खास सोमनाथ भारती सरकारी प्लॉट बेच कर करोड़ों का घोटाला करने का काम किया है। आदेश गुप्ता ने कहा कि हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक भूमि हथियाने के मुद्दे पर आप के नेताओं पर ठोस कार्रवाई नहीं हो जाती। उन्होंने उपराज्यपाल से सभी आरोपियों को सजा दिलाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी समेत वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे।

### भाजपा नेता शैलेंदर सिंह मोंटी ने जमीन पर बनाया होटल : भारती

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि भाजपा नेता शैलेंदर सिंह मोंटी ने श्मशान भूमि पर होटल बनाया है। जमीन हड़पने की सीबीआई जांच हो। मोंटी के अतिक्रमण के खिलाफ वर्ष 2015 में डीडीए के डिमोलिशन आर्डर का भाजपा क्यों पालन नहीं होने दे रही है। भाजपा अपने आप को हिन्दू हितैषी कहती है लेकिन उसका यह नकाब उतर चुका है। उप राज्यपाल से मांग है कि शैलेंदर सिंह मोंटी ने वर्ष 2007 के बाद जो जमीनें ली हैं उसकी ईडी-सीबीआई से जांच कराएं।

## कोविड-19 की समीक्षा के लिए डीडीएमए की बैठक आज

**नई दिल्ली।** कोविड-19 की समीक्षा के लिए दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक गुरुवार को होगी। इस बैठक में स्थिति की समीक्षा करने तथा इस संक्रमण से निपटने और अस्पतालों में लगाए गए संसाधनों का मूल्यांकन किया जाएगा।

अप्रैल में अपनी पिछली बैठक में प्राधिकरण ने सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य किया था और उल्लंघन करने पर 500 रुपये का जुर्माना तय किया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बैठक में यह भी मूल्यांकन किया जाएगा कि इस संक्रमण से निपटने के लिए अस्पतालों में लगाए गए कर्मियों एवं अन्य सुविधाओं में कमी की जाए या उन्हें इसी स्तर पर बरकरार रखा जाए।

# हथियारों की बड़ी खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

- 15 अत्याधुनिक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और 45 कारतूस बरामद

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों की नकेल दिल्ली पुलिस लगातार कस रही है।

इस कड़ी में उसने बुधवार को गैर कानूनी रूप से हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए एक तस्कर दिलशाद को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 15 अत्याधुनिक अर्द्ध-स्वचालित पिस्तौल एवं 45 कारतूस जब्त किए गए।

जब्त किए गए हथियारों की आपूर्ति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में माफिया सरगनाओं को की जानी थी। पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन सिंह के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बागपत जिला में एक गांव का निवासी दिलशाद हथियारों की अवैध खरीद एवं बिक्री में शामिल था। गत सोमवार को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि अंतरराज्यीय हथियार आपूर्तिकर्ता दिलशाद किसी अज्ञात खरीददार को बेचने के लिए अवैध हथियारों की बड़ी खेप के साथ धौला कुआं से रिंग रोड होते हुए नारायणा से गुजरेगा। शाम करीब पांच बजकर 40 मिनट पर जब दिलशाद वहां पहुंचा तो उसे तुरंत पुलिस ने काबू में कर लिया।

तलाशी लेने पर उसके पास से 15 अर्द्ध-स्वचालित पिस्तौल और 45 कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि वह उत्तर प्रदेश के कैरान में स्थानीय हथियार निर्माताओं से हथियार खरीदता था और उन्हें बागपत तथा शामली में बेचता था। जब्त हथियारों की दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश में विभिन्न माफिया सरगनाओं को आपूर्ति की जानी थी।

आरोपी पर शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को संबंधित निचली अदालत में पेश किया गया जहां से उसे चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में हथियार तस्कर।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवाजी कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा



**नई दिल्ली।** शिवाजी कॉलेज की राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें 14 सितंबर को सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आदि अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही 15 सितंबर को शिवाजी कॉलेज के कर्मचारियों के बीच हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए छात्रों और कर्मचारियों में काफी उत्साह देखने को मिला। हिंदी पखवाड़े के अंतिम चरण के रूप में मंगलवार को द्विसत्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुधीर प्रताप सिंह ने भारतीय संस्कृति और एकता में हिंदी की भूमिका विषय पर अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और एकता बिना हिंदी भाषा के अकल्पनीय है। बिना हिंदी भाषा के भारतीय सांस्कृतिक एकता की एकसूत्रता और अखंडता को ही खतरा नहीं अपितु इससे भारतीयता को भी खतरा है।

### हिन्दी प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**नई दिल्ली।** नगर निगम के राजभाषा अनुभाग द्वारा सरकारी काम-काज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बुधवार को पुरस्कृत किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में आलोक सिंह, महेश कुमार, डौली कौर को सम्मानित किया गया। स्वामी दयानंद अस्पातल को राजभाषा शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जिसे सीएमओ डॉ. ग्लैडबिन त्यागी ने प्राप्त किया। वहीं प्रेस एवं सूचना निदेशालय को राजभाषा के लिए पुरस्कार निदेशक अमित कुमार ने पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए, विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार ने कि कोई भी व्यक्ति अपनी मातृभाषा में ही खुद को सर्वाधिक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर सकता है। समारोह में ज्ञानेश भारती अतिरिक्त आयुक्त, राजभाषा, हरलीन कौर, अन्य अतिरिक्त आयुक्त गण, एए ताजिर, सुनील भादु, अल्का आर शर्मा, अपर उपायुक्त, राजभाषा, बीपी भारद्वाज और प्रशासनिक अधिकारी, राजभाषा, राजेश निगम समेत निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## मीटर रीडिंग में गड़बड़ी पर जलबोर्ड ने दर्ज कराई पहली एफआईआर

**नई दिल्ली।** मीटर रीडिंग में गड़बड़ी को लेकर दिल्ली जल बोर्ड ने सख्त रुख अपनाया है। डीजेबी ने पानी के बिल में हेराफेरी करने वाले निजी कंपनी के एक मीटर रीडर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पिछले हफ्ते ही गड़बड़ी करने वाले मीटर रीडर्स और उनकी संबंधित एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। उन्होंने डीजेबी के अधिकारियों को ये निर्देश भी दिया कि न्यूनतम मानदेय से कम भुगतान करने वाली एजेंसियों को नोटिस जारी किया जाए।

## सेंट स्टीफेंस कॉलेज को करना होगा नियमों का पालन: डीयू

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने बुधवार को कहा कि सेंट स्टीफंस कॉलेज को प्रवेश के लिए सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना ही होगा। एक दिन पहले ही कॉलेज के संचालन मंडल ने इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत जाने का निर्णय लिया था।

संचालन मंडल के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विश्वविद्यालय पीछे नहीं हटेगा और अपनी प्रवेश नीति का बचाव करेगा। मंगलवार को संचालन मंडल ने कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पर दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के फैसले को चुनौती देने का निर्णय लिया था। उसने यह भी फैसला किया कि उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया जाए कि वह इस साल सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों को साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से दाखिला देने के संबंध में अंतरिम राहत दे।

दिल्ली विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने कहा कि हम अपनी प्रवेश प्रक्रिया का बचाव करेंगे और पीछे नहीं हटेंगे। कॉलेज को सरकार द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया का पालन करना ही होगा।

## सार्वजनिक संपत्तियों की क्षति पहुंचाने के मामले में 500 मामले दर्ज हुए

- दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट को बताया कि सीएए-विरोधी प्रदर्शन में केस दर्ज किए

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध में वर्ष 2019-20 में हुए विरोध के मामले में दिल्ली पुलिस सार्वजनिक और निजी सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाने के मामले में 500 से अधिक मामले दर्ज किए हैं।

पुलिस ने यह जानकारी बुधवार को उच्च न्यायालय को दी। उसने एक हलफनामे में कहा है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने इसी अदालत के पूर्व न्यायाधीश सुनील गौर को दावा आयुक्त नियुक्त किया है, ताकि सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई क्षति की जांच की जा सके और तदुपरांत मुआवजा निर्धारित किया जा सके।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने हलफनामा रिकॉर्ड पर नहीं लाए जाने के कारण मामले की सुनवाई 21 जनवरी, 2023 तक के लिए स्थगित कर दी। उच्च न्यायालय एक वकील और एक विधि छात्र की उस जनहित याचिका की सुनवाई कर रहा था, जिसमें अधिकारियों को वर्ष 2019 -20 में सीएए के विरुद्ध हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और निजी सम्पत्तियों को क्षति पहुंचाने में शामिल लोगों की पहचान करने और उनसे क्षतिपूर्ति राशि वसूलने के दिशानिर्देश देने का अनुरोध किया गया है। विशेष लोक अभियोजक रजत नायर के जरिए दाखिल हलफनामे में कहा गया है, जब कभी प्रदर्शनकारियों ने कानून अपने हाथ में लेने का प्रयास किया और वे कानून लागू करने वाली एजेंसियों के विधि-सम्मत दिशानिर्देश मानने में विफल रहे, तब दंगाइयोंाअसामाजिक तत्वों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई होती रही है।

# दीवारों पर उकेरे 75 प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों के चित्र

## केंद्रीय विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने वॉल ऑफ दिल्ली का किया अनावरण

- चित्रों को पहचान कर मध्य जोन की ईमेल dc-cnz@mcd.nic.in पर 2 अक्टूबर तक भेजने वाले विजेता को मिलेगा वॉल ऑफ दिल्ली का फ्रेम पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दक्षिणी दिल्ली की सड़कों पर राजधानी के 75 प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों के चित्रों को उकेरा गया है।

साउथ एक्स मेट्रो स्टेशन के पास बीएसईएस कार्यलय की दीवार के आस-पास कूड़ा व गंदगी को साफ कर स्ट्रीट आर्ट इंडिया के सहयोग से यहां रंग-बिरंगी विशाल वॉल पेंटिंग बनाई गई। इससे वहां से गुजरने वालों की आंखें कुछ देर के लिए ठहर जा रही है। शहर को साफ सुथरा रखने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए उत्तरी नगर निगम ने यह पहल की है।

दीवारों पर इंडिया गेट, लोटस टैंपल, झंडेवालान स्थित बड़े हनुमान जी, संसद भवन, दिल्ली मेट्रो, खारी बावली, बिड़ला मंदिर, जामा मस्जिद, बीएसईएस समेत अन्य ऐतिहासिक व आध्यात्मिक चित्र बनाए गए हैं। इस स्थल पर एक सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है। केंद्रीय विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री व सांसद मीनाक्षी लेखी ने बुधवार को मध्य जोन के साउथ एक्स क्षेत्र में वॉल ऑफ दिल्ली का अनावरण किया। इस मौके पर लेखी ने निगम द्वारा किये जा रहे कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा विशेष रूप से साफ-सफाई की ओर कार्य कर रहा है। इसी सिलसिले में सभी जोनों में व्यापक स्तर पर निगम भवनों, सार्वजनिक स्थलों, शौचालयों आदि पर स्वच्छता पर आधारित वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है। क्षेत्रीय उपायुक्त दानिश अशरफ ने बताया कि साउथ एक्स मेट्रो स्टेशन के पास बीएसईएस कार्यलय की दीवार के आस-पास कूड़ा व गंदगी थी, जिसे साफ कर स्ट्रीट आर्ट इंडिया के सहयोग से यहां रंग-बिरंगी विशाल वॉल पेंटिंग बनाई गई। इस स्थान पर नागरिकों के लिए एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें उन्हें इस वॉल ऑफ दिल्ली में चित्र की गई 75 प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों व प्रसिद्ध स्थलों की पहचान कर उसे मध्य जोन की ईमेल dc-cnz@mcd.nic.in पर 2 अक्टूबर तक भेजना होगा। विजेताओं को पुरस्कार के रूप में इस वॉल ऑफ दिल्ली का फ्रेम दिया जाएगा।



दीवारों पर बनाये गए विभिन्न चित्र।


**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता,**
**उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी**
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eehal-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 2496/निविदा/245 दिनांक : 21.09.2022

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा शाखा हल्द्वानी के अन्तर्गत निम्न कार्यो हेतु क्रम सं0 1 व 2 हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में D एवं उच्चतर श्रेणी (विद्युत/यांत्रिक), क्रम सं0 3 व 4 हेतु D एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों तथा क्रम सं0 5, 6 व 7 हेतु अनुभवी फर्मों से दिनांक 07.10.2022 के अपरान्ह 3.00 बजे तक टैण्डर बाक्स के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 24/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल फिल्टर प्लान्ट नं0 1 में क्लेरीफायर की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 7200.00 | 60 दिन |
| 02 | 25/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल फिल्टर प्लान्ट नं0 4 में क्लेरीफायर की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 6500.00 | 60 दिन |
| 03 | 26/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत ब्यूरा स्थित 450 कि0ली0 क्षमता के ओवर हैड टैंक के वर्टिकल पाईप की लीकेज मरम्मत कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 5550.00 | 60 दिन |
| 04 | 27/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत हाईडिल गेट स्थित 1250 कि0ली0 क्षमता के ओवर हैड टैंक के वर्टिकल पाईप की लीकेज मरम्मत कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 6900.00 | 60 दिन |
| 05 | 28/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल स्थित 650 कि0ली0 क्षमता के ओवर हैड टैंक के वर्टिकल पाईप की लीकेज मरम्मत कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 6100.00 | 60 दिन |
| 06 | 29/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल फिल्टर प्लान्ट से निर्मला कान्वेंट स्कूल तक पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 5500.00 | 60 दिन |
| 07 | 30/2022-23 | हल्द्वानी नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत बसन्त विहार फेज-1 मुखानी में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु नई पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य। | Rs.1000.00+ 180.00 (GST 18%) = 1180.00 | ₹ 10800.00 | 60 दिन |

शर्ते :-

1. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम/निविदा संख्या अंकित करना अनिवार्य है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, तिकोनिया हल्द्वानी से दिनांक 22.09.2022 से 06.10.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक क्रय की जा सकती है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त देय होगा।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक/पोस्ट ऑफिस में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंकगारन्टी/एन.एस.सी के रूप में संलग्न करनी होगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. उक्त किसी भी तिथियों को अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
5. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी को एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
6. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी तथा संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में भी किया जाएगा।
7. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, रू0 1.00 के हस्ताक्षरयुक्त रसीदी टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाताओं को प्रमुख सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या 6447/111-(2)/11-20 (सा0)/11 देहरादून दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी (Additional Performance Security) जोकि NSE/FDR/TDR/KVP के रूप में अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी के नाम बन्धक होगी, अनुबन्ध से पूर्व विभाग में जमा की जानी होगी।
9. ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
10. निविदा प्रपत्र के फार्म- 'जे' में कार्य के सम्मुख दरें शब्दों एवं अंकों में दी जानी होगी, दी गयी दरों में करों (जी0एस0टी) का स्पष्ट उल्लेख करना होगा, अन्यथा यह माना जायेगा कि दरें कर रहित दी गई है, जिस पर जी0एस0टी0 विभाग द्वारा अतिरिक्त देय होगा।
11. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी। जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

# अब टीबी के मरीजों के साथ रहने वालों की भी होगी जांच

## डॉ. शिवानी गुप्ता के नाम पर नागरिक अस्पताल में टीबी जांच लैब स्थापित

## टीबी मरीजों के साथ रहने वालों में टीबी होने के 80 फीसदी चांस

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में डॉ. शिवानी गुप्ता मैमोरियल आईजीआरए लैब के उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों, डॉक्टर्स व अन्य स्टाफ के साथ स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा की महानिदेशक डॉ. सोनिया त्रिखा।

**नागरिक** अस्पताल सेक्टर-10 में उन लोगों में टीबी संक्रमण जांच के लिए आईजीआरए प्रयोगशाला (लैब) स्थापित की गई है, जो अक्सर टीबी के मरीजों के सम्पर्क में रहते हैं। बुधवार को इस आईजीआरए लैब का उद्घाटन स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा की महानिदेशक डॉ. सोनिया त्रिखा ने किया। यह लैब डॉ. शिवानी गुप्ता के नाम पर स्थापित की गई है। इसे डॉ. शिवानी गुप्ता मैमोरियल आईजीआर लैब नाम दिया गया। बता दें कि हाल ही में डॉ. शिवानी गुप्ता का जींद के पास सड़क हादसे में बेटे के साथ निधन हो गया था। बुधवार को उनकी 13वीं के दिन यह लैब शुरू हुई।

आईजीआरए लैब के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा की महानिदेशक डॉ. सोनिया त्रिखा के स्वागत के लिए अस्पताल को रंग-बिरंगे गुब्बारों व फूलों से सजाया था। डॉ. सोनिया त्रिखा ने सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव, प्रधान चिकित्सा अधिकारी नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 डॉ. दीपा संधु समेत अस्पताल के डॉक्टर्स व अन्य स्टाफ की मौजूदगी में डॉ. शिवानी गुप्ता मैमोरियल आईजीआर लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान उप-सिविल सर्जन (टीबी) डॉ. केशव शर्मा, उप-चिकित्सा अधीक्षक (डीएमएस) डॉ. मनीष राठी, डीएमएस डॉ. नीरज यादव, डब्ल्यूएचओ सलाहकार डॉ. सुखवंत सिंह, डॉ. विरेंद्र बसवाना, डॉ. जय सिंह मलिक, डॉ. अलका सिंह, डॉ. मिनीक्ष बसवाना, डॉ. वरुण यादव, डॉ. अरुण, डॉ. रंजना, डॉ. अनुराग, डॉ. मनीषा, डॉ. मोनिका मौजूद रहे।

### मरीजों के सम्पर्क में आने वालों की होगी जांच

**उप-सिविल** सर्जन (टीबी) डॉ. केशव शर्मा के मुताबिक आईसीआरए लैब में टीबी के संक्रमण की जांच उन लोगों की होगी, जो किसी न किसी रूप में टीबी मरीजों के सम्पर्क में रहते हैं। उनमें फेफड़े की टीबी का संक्रमण होने का अंदेशा बना रहता है। ऐसे में उनकी जांच आईजीआरए के माध्यम से की जाएगी, ताकि पहले से ही रोकथाम के लिए इलाज किया जा सके। इससे उन सदस्यों में टीबी होने का खतरा कम हो जाएगा।

### फेफड़े की टीबी के अब तक 2815 केस मिले

**डॉ. केशव** ने बताया कि जनवरी-2022 से अब तक फेफड़े की टीबी के करीब 2815 केस मिले हैं। इन केसों के संपर्क में आने वाले लोग चार से पांच गुणा तक हो सकते हैं। इस तरह साल के अंत तक करीब 4000 केस होंगे। ऐसे में 16 हजार से 20 हजार आईजीआरए टेस्ट साल में किए जा सकते हैं। इतने लोगों का संक्रमण रोककर उनका इलाज टीबी होने से पहले ही कर दिया जाएगा। इससे टीबी के मरीजों की संख्या को बढ़ने से रोका जा सकेगा।

### ब्लड सेंपल से की जाएगी टीबी जांच

**इस** आईजीआरए लैब में ब्लड सेंपल से जांच करके संक्रमण का पता लगाया जाएगा। टीबी मरीजों के साथ घरों में रहने वाले पांच साल से ऊपर के लोगों की यहां जांच होगी। इस जांच से पता चलेगा कि उन लोगों में टीबी पूरी तरह से विकसित नहीं हुई है, लेकिन संक्रमण है। संक्रमण का पता चलते ही उन लोगों की भी टीबी की दवा शुरू कर दी जाएगी। उनका छह महीने तक उपचार चलेगा। डॉ. केशव का कहना है कि टीबी मरीजों के साथ रहने वाले 80 फीसदी लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। इस जांच प्रक्रिया के बाद से टीबी होने के 33 फीसदी आसार कम हो जाएंगे। अभी तक तो स्क्रीनिंग करके इसका पता लगाया जाता था।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर में आवारा घूमने वाली गाय में फैलने लगी बीमारियां



**सोहना।** शहर में आवारा घूमने वाली गाय बीमारी से ग्रस्त हो रही है। लोहियावाड़ा मोहल्ले में पिछले एक सप्ताह से चार बीमार गाय जिन्दगी और मौत के बीच की जंग लड़ रही है। शहर में घूमने वाली गायों में अब बीमारियां पनपने लगी हैं। बीमारी से ग्रस्त गाय चलने-फिरने योग नहीं हैं। शहर के लोहियावाड़ा मोहल्ला निवासी विक्की गाबा ने बताया कि उनके घर के सामने मात्र एक सौ मीटर की दूरी में चार बीमारी से ग्रस्त गाय रास्ते में बैठी हुई है। बीमार होने के कारण गाय चलने के लिए उठ भी नहीं पा रही है। इसके साथ-साथ गाय खाने को देते हैं, लेकिन वे बीमारी के कारण खा भी नहीं पा रही हैं। राकेश का कहना है कि आवारा घूमने वाली गाय पिछले करीब एक सप्ताह से उनके मोहल्ले में ही है। उनके आस पास से बदबू आ रही है। हरीश संदूजा का कहना है कि नगर परिषद के कर्मचारी आवारा बीमारी ग्रस्त गाय को देखकर चले जाते हैं। गो रक्षक दल के कार्यकर्ता भी शहर में रहते हैं, लेकिन बीमार चार गाय की तरफ न तो प्रशासन और न ही गो रक्षक कार्यकर्ता का ध्यान इनकी तरफ जा रहा है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले नागरिक शुक्रवार को बीमारी से ग्रस्त गाय की सुरक्षा दिए जाने के उद्देश्य से नगर परिषद अधिकारियों को शिकायत देंगे।

### ग्राहक ने मांगा जूस, दुकानदार ने दे दी शराब की बोतल

**गुरुग्राम।** अवैध रूप से शराब की तस्करी का एक अजीबो-गरीब मामला उजागर हुआ। यहां एक जूस की दुकान पर एक व्यक्ति ने दुकानदार को जूस बनाने के लिए कहा। दुकानदार ने जूस बनाने की बजाय उसके सामने शराब की बोतल लाकर रख दी। यह देखकर ग्राहक स्तब्ध रह गया। तब दुकानकार की भी आंख खुली कि उसने यह क्या कर दिया। ग्राहक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जांच में पता चला कि दुकानदार अवैध से रूप से शराब बेचता है। जानकारी के अनुसार फरुखनगर क्षेत्र में शिव कुमार जूस की दुकान चलाता है। जूस पीने के लिए एक व्यक्ति उसकी दुकान पर पहुंचा। उसने शिव कुमार को जूस बनाने की बात कही। दुकानदार को पता नहीं क्या सूझा, उसने उस व्यक्ति को जूस बनाकर देने की बजाय शराब की बोतल सामने लाकर रख दी। पहले तो ग्राहक कुछ समझ नहीं पाया। उसने दुकानदार से पूछा यह क्या है। ग्राहक के इतना कहते ही दुकानदार की आंख खुली और उसने हड़बड़ाकर शराब की बोतल ग्राहक के आगे से उठाई। ग्राहक को भी माजरा समझते देर नहीं लगी। उसने इस बात की सूचना पुलिस को दी। फरुखनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर दुकानदार हक्का-बक्का रह गया। पुलिस को तलाशी के दौरान वहां से तीन पेटी शराब की बरामद हुई। बताया जा रहा है कि वह अवैध रूप से शराब बेचता था। वह भी अधिक कीमत में। वह काफी समय से अवैध शराब का धंधा कर रहा था। फरुखनगर पुलिस ने शिवकुमार के खिलाफ केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पोषण माह अभियान में महिलाओं को दे रहे पौष्टिकता का ज्ञान




**सोहना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा मनाया जा रहा पौषण माह सप्ताह के अंतरगत पहली बार गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी जा रही है। महिलाओं को अपने बच्चों समेत स्वयं का खाना-पान पौष्टिक बनाकर खाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बादशाहपुर में बुधवार को पोषण माह अभियान के तहत कार्यक्रम किया। जिसमें सहशक्ति सामाजिक संस्था द्वारा पूरा सहयोग दिया जा रहा है। सुपरवाइजर सरोज बाला ने बताया कि इस पोषण माह में सबसे विशेष कार्यक्रम पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं के लिए गोद भराई की जा रही है। जिसके तहत ऐसी महिलाओं को एक किट प्रदान की जा रही है।

# भारतीय अभियांत्रिकी के अधिकारियों ने कवियों के रूप में भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में हिंदी पखवाडा के अवसर पर हरियाणा रेल अंवरचना विकास निगम द्वारा उसके कार्यालय में आयोजित कवि गोष्ठी।

**हिंदी** पखवाड़ा के सुअवसर पर हरियाणा रेल अवरचना विकास निगम द्वारा निगम कार्यालय में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवि संगोष्ठी में भारतीय अभियांत्रिकी के अधिकारियों ने कवियों के रूप में भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि 14 से 24 सितंबर तक हिंदी पखवाडा अयोजित किया जा रहा है। हरियाणा रेल अवरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक राकेश अग्रवाल ने कवि-गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए अपने कार्यों में हिंदी भाषा का अधिकाधिक उपयोग किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 04 सितंबर,1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकृत किया गया। संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया है।

हरियाण रेल अंवरचना विकास निगम के महाप्रबंधक नरेश कुमार ने हिंदी पखवाड़े के अवसर पर आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन, वाद-विवाद, निबंध लेखन, आवेदन व परिपत्र का विवरण प्रस्तुत किया। कवि संगोष्ठी में हरियाणा रेल अवरचना विकास निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। कवि गोष्ठी में प्रसार भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी एंव ब्लॉगर विश्वमीहन, भारतीय रेलवे के उच्चाधिकारी एवं मैथिलीशरण गुप्त व काका हाथरसी पुरस्कारों से सम्मानित महेश गर्ग बेधड़क, उत्तर रेलवे के उच्चाधिकारी व विभिन्न कविता संग्रहों के रचयिता रविंद्र कुमार गोयल और रेलवे बोर्ड के उच्चाधिकारी एवं विभिन्न साहित्यिक रचनाओं के रचयिता तेज प्रताप नारायण और अन्यों ने कविताएं प्रस्तुत कीं।

# हीरो होंडा चौक फ्लाईओवर की एक लेन बंद, लगा कई किमी लंबा जाम

## फ्लाईओवर की एक लेन पर एनएचएआई की ओर से किया गया लोड टेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



हीरो होंडा चौक फ्लाईओवर की एक लेन पर लोड जांच के चलते लगा लंबा जाम।

**बुधवार** को यहां दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित हीरो होंडा चौक पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से लोड टेस्ट के कारण एक लेन बंद करने से कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे। ऐहतियात के तौर पर पुलिस ने वाहनों को रूट डायवर्ट करके निकालने का प्रयास किया, लेकिन हर जगह जाम की स्थिति बनी रही।

एनएचएआई की ओर से बुधवार को जयपुर की तरफ से दिल्ली की ओर जाने वाली हीरो होंडा चौक फ्लाईओवर की लेन को बंद किया गया। ऐसा वहां पर लोड टेस्ट करने के लिए किया गया। इसी के साथ ही पीछे से आ रहे यातायात का पूरा दबाव सर्विस लेन पर आ गया। देखते ही देखते हजारों वाहन धीमे हुए यातायात के बीच फंसते चले गए। यह जाम करीब पांच किलोमीटर तक पहुंच गया। यातायात पुलिस ने यातायात सुचारू करने की कमान संभाली।

कई क्षेत्रों में यातायात को डायवर्ट भी किया गया। दिल्ली जाने वाला यातायात सेक्टर-10 की तरफ से घूमकर वापस हीरो होंडा चौक पर ही पहुंच गया। इस दौरान सर्विस लेन जाम ही रही। हालांकि इस कार्य के लिए यातायात पुलिस की ओर से मंगलवार को एडवाइजरी जारी करके जानकारी दी गई थी। जो वाहन चालक जयपुर की आते हैं, स्वाभाविक है उन तक यह सूचना नहीं पहुंची। इसलिए वे वाहनों को हाईवे पर लेकर खेड़कीदौला टोल प्लाजा से आगे बढ़े और जाम में फंसते गए।

# सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में बनेगी क्रिकेट पिच

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में स्थित देवीलाल खेल स्टेडियम।

**स्थानीय** देवीलाल खेल स्टेडियम में जल्द ही क्रिकेट पिच तैयार की जाएगी। इसके साथ दो अलग से अभ्यास पिच जाल के साथ तैयार होंगी। गुरुग्राम से आए क्यूरेटर स्टेडियम का निरीक्षण कर चुके हैं।

स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों को अलग-अलग खेलों का अभ्यास कराने के लिए ट्रैक तैयार किये जाएंगे। स्टेडियम में कुश्ती, तीरंदाजी और क्रिकेट पिच तैयार की जाएगी। ताकि क्रिकेट के खिलाड़ियों को दिल्ली, फीदाबाद या गुरुग्राम न जाना पड़े। इसके लिए नगर परिषद के एक्सइएन प्रवीण राघव, एमई धीरज कुमार, जेई ओमप्रकाश सहित मार्केट कमेटी के उकाउंटेंट को टीम में शामिल करके जिम्मेदारी दी गई है। गठित टीम ने गुरुग्राम से क्यूरेटर बुलाकर मैदान का निरीक्षण भी कराया है। क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए दो अलग से अभ्यास पिच जाल के सहित तैयार होंगी। मैच के दौरान खिलाड़ी बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अभ्यास कर सकेंगे। एमई (एसडीओ नप) धीरज कुमार ने बताया कि क्यूरेटर की निगरानी में पिच तैयार की जाएगी। पिच के लिए मिट्टी कहां से लाई जाएगी। यह अभी क्यूरेटर द्वारा बताया नहीं गया है।

### दर्शक दीर्घा पर बनेगा टिनशेड

**खेल** स्टेडियम समिति ने गर्मी व बरसात के मौसम में बारिश से बचाव के लिए यहां बनी दर्शक दीर्घा पर टिनशेड बनाया जाएगा। जिसमें खेल होने के दौरान एक साथ 400 से 500 दर्शक बैठ सकेंगे। अधिक गर्मी या बारिश होने पर खिलाड़ी टीम शेड में बैठकर भीगने से बच सकेंगे। नगर परिषद के एक्सइएन ने बताया कि स्टेडियम में खेलने या अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर आरओ के साथ लगाया जा रहा है। महिला खिलाड़ियों के लिए विशेष शौचालय तैयार किए जा रहे हैं। एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने बताया कि खेल स्टेडियम में अभ्यास या मैच खेलने के लिए आने वाले खिलाड़ियों को पूरी सुविधाएं मिलेंगी। खिलाड़ियों को पेयजल, शुलभ शौचालय, टिनशेड, ट्रैक आदि को आने वाले छह माह में पूरी करा दी जाएगी।

# अमेजन फैशन ने मल्टी-डिजाइनर लक्ज़री ब्रांड, रिवर सीजन 3 से उठाया पर्दा

## अमेजन फैशन ने डीबीएस लाइफस्टाइल एलएलपी के सहयोग से, जाने-माने सेलिब्रिटी डिजाइनरों नरेंद्र कुमार और राजदीप राणावत के साथ की साझेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**अमेजन** फैशन ने डीबीएस लाइफस्टाइल एलएलपी के साथ मिलकर भारत में एक प्रीमियम मल्टी-डिजाइनर लक्जरी ब्रांड, रिवर सीजन 3 पेश किया है। रिवर के पहले दो सीजन की सफलता के बाद, इस ऑटम विंटर/फेस्टिव सीजन 3 कलेक्शन में ट्रैवल और फेस्टिव वियर का एक अनोखा कलेक्शन देखने को मिलेगा।

इस कलेक्शन को जाने-माने सेलिब्रिटी डिजाइनर नरेंद्र कुमार के सहयोग से तैयार किया जाएगा। नरेंद्र कुमार को हाल ही में अपनी फैशन फिल्म 2+2=5 ब्रेव न्यू वर्ल्ड से काफी लोकप्रियता मिली है। इस फिल्म को बर्लिन फैशन फिल्म फेस्टिवल 2022 के लिए चुना गया है। इसके साथ ही पहली बार अक्टूबर 2004 में लॉन्च किया गया लेबल राजदीप राणावत, आज के समय में ग्लैमरस और आकर्षक महिलाओं का पर्याय बन गया है। रिवर सीजन 3 महिलाओं का एक खास कलेक्शन है जो ग्राहकों को अमेजन फैशन पर अपने पसंदीदा डिजाइनर लेबल की शॉपिंग करने में मदद करेगा। यह खासतौर पर तैयार किया गया कलेक्शन महिलाओं के रोजमर्रा के परिधानों से लेकर त्योहारों के परिधानों तक की जरूरत को पूरा करता है। इस कलेक्शन में रंगों और प्रिंटों का एक नया मिश्रण पेश किया गया हैं जो आपके त्योहार और ट्रैवल के लुक को और ग्लैमरस और खूबसूरत बना देगा।

फेस्टिव कलेक्शन में ड्रेस, जंपसूट, टॉप और ट्राउजर के साथ दो नई कैटेगरीज़ कुर्ता/कुर्ती और कुर्ता सेट शामिल हैं। रेंज सभी प्रकार के बॉडी साइज को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। अमेजन फैशन इंडिया के डायरेक्टर एवं हेड सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, हमें प्रसिद्ध सेलिब्रिटी डिजाइनर नरेंद्र कुमार और राजदीप राणावत के साथ हमारे प्रीमियम मल्टी-डिजाइनर ब्रांड, रिवर सीजन 3 को पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। सीजन 1 और 2 कलेक्शन को लेकर टियर 2 और 3 शहरों और कस्बों सहित पूरे भारत से मिले बेहतरीन रिस्पॉन्स ने हमें रिवर सीजन 3 को पेश करने के लिए प्रोत्साहित किया है। यह कलेक्शन उन प्रिंटों पर फोकस करेगा जिसमें आगामी त्योहारी सीजन की रंगत साफ दिखाई दे। इसके साथ ही यह कलेक्शन मौजूदा ट्रेंड के अनुरूप महिलाओं के लिए फेस्टिव कलेक्शन और रोजमर्रा के परिधानों पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है।

# पीसीओएस को लेकर जागरुकता के लिए पीसीओएस क्लब इंडिया द्वारा दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन 24 और 25 सितम्बर को

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम



**पॉलीसिस्टिक** ओवरी सिंड्रोम यानी पीसीओएस महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन के कारण होने वाली समस्या है। भारत में हर पांच में से कम से कम एक महिला और वैश्विक स्तर पर हर 10 में से एक महिला इसका शिकार है। इसके कारण महिलाओं को मासिक धर्म में अनियमितता का सामना करना पड़ता है। दुख की बात यह है कि इतनी व्यापक समस्या होने के बावजूद इसे लेकर जागरुकता की बहुत कमी है। अक्सर इसकी अनदेखी कर दी जाती है, जो महिलाओं में आगे चलकर कई और समस्याओं का कारण बन सकती है। जागरुकता की इसी कमी को देखते हुए पीसीओएस क्लब इंडिया ने 24 और 25 सितंबर को दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करने का एलान किया है।

पीसीओएस को दवा देकर पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता है, बल्कि डायबिटीज की तरह पूरी उम्र दवा और जीवनशैली व खानपान संबंधी अन्य आदतों के माध्यम से इसे प्रबंधित किया जाता है। पीसीओएस क्लब इंडिया की संस्थापक एवं न्यूट्रशनिस्ट निधि सिंह पीसीओएस को लेकर व्याप्त गलत धारणा को खत्म करने और इसके प्रति लोगों में जागरुकता की जरूरत पर बल दिया है। वह कहती हैं, 'जिस तरह हम डायबिटीज के बारे में बैठकर बात करते हैं, उसी तरह पीसीओएस के बारे में भी चर्चा होनी चाहिए। जांच और पूरे सहयोग से ही महिला को पीसीओएस को मैनेज करने में मदद मिल सकती है।

निधि सिंह ने दिसंबर, 2019 में पीसीओएस क्लब इंडिया की स्थापना की थी। पीसीओएस हार्मोन से संबंधित समस्या है और इसके लक्षण एवं दुष्प्रभावों में बदलाव होता रहता है। इसी कारण से इसके प्रबंधन के लिए कई अलग-अलग रणनीतियां अपनानी पड़ती हैं। इसे सही तरह से मैनेज करने के लिए पर्याप्त विशेषज्ञता आवश्यक है। दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर मैक्स मूलर मार्ग पर आयोजित होने जा रहा हाइब्रिड पीसीओएस समिट 2022 अपनी तरह का पहला सम्मेलन है। इसमें पीसीओएस की जांच एवं थेरेपी को लेकर जागरुकता पर बात होगी। साथ ही इस दिशा में व्यापक शोध की आवश्यकता पर भी विमर्श होगा। शोधकर्ताओं एवं चिकित्सकों को भी इस समस्या के बेहतर समाधान का रास्ता तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इंस्टाग्राम और लिंक्डइन के माध्यम से सम्मेलन में ऑनलाइन भी हिस्सा लिया जा सकेगा।

पीसीओएस क्लब पीसीओएस का सामना कर रही महिला के साथ-साथ इस क्षेत्र में कार्य रहे स्वास्थ्य पेशेवरों को भी सहयोग करता है। अपने प्रयासों को गति देते हुए पीसीओएस क्लब ने मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में एडिडास के साथ मिलकर 'रन फॉर पीसीओएस' मैराथन का भी आयोजन किया था। साथ ही हैशटैग स्पीकफॉरपीसीओएस के माध्यम से डिजिटल कैंपेन भी चलाया जा रहा है। वेदांता, एसआरएल लैब्स और मेडिफाई जैसे प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों का सहयोग पीसीओएस क्लब को मिल रहा है।

# बिजली निगम की योजना से छह हजार बकायेदारों को होगा लाभ

एन रोहिल्ला। सोहना

**बिजली** निगम की 30 नवंबर तक चलने वाली ब्याज माफी योजना का सोहना सबडिविजन क्षेत्र में करीब छह हजार बिल बकायेदार उपभोक्ता लाभ ले सकेंगे। बकायेदार उपभोक्ता मूल बिल राशि को छह किश्तों में भी जमा कर सकते हैं। बिजली निगम ने अपने घरेलू बिजली कनेक्शन से लेकर कृषि, औद्योगिक व व्यापारी संबंधी बिजली उपभोक्ता अपने बकाया बिल बिना ब्याज जमा करा सकते हैं। बिजली निगम की इस योजना का लाभ 30 नवंबर तक ले सकते हैं। यह योजना दिसम्बर 2021 से पहले बकाया बिल राशि उपभोक्ताओं के लिए लागू है। योजना के तहत जिन उपभोक्ताओं के कोर्ट में मामले विचाराधीन हैं। ऐसे उपभोक्ता योजना का लाभ लेते हुए अपने मामले को अदालत से समाप्त करा सकते हैं।

### एक मुश्त जमा करने पर छूट

**बिजली** निगम के एसडीओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बकाया बिल राशि को यदि बकायेदार एक बार में कुल राशि जमा करना चाहते हैं तो उसे बकाया राशि में पांच फीसदी की छूट मिलेगी। ताकि उपभोक्ताओं को यह योजना सोने पर सुहागा के समान होगी।

### निगम का 13 करोड़ बकाया राशि

**बिजली** निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहना सबडिविजन में सभी प्रकार के बिजली कनेक्शनों की संख्या 35 हजार के लगभग है। जिनमें से छह हजार के लगभग ऐसे उपभोक्ता हैं। जिन पर निगम का लगभग 13 करोड़ रुपये बकाया है। जिसमें 11 करोड़ के लगभग मूल बकाया राशि तथा दो करोड़ के लगभग ब्याज का है।

बिजली निगम के एसडीओ लियाकत अली ने बताया कि बकाया बिजली बिल उपभोक्ता अपने ऊपर निगम की राशि का बोझ न रखें। योजना का लाभ लेते हुए निगम को बकाया राशि का भुकतान करें। योजना का लाभ उपभोक्ता और निगम दोनों को होगा।

# नोवामैक्स ने किफायती दर पर प्रीमियम गुणवत्ता और टिकाऊ औद्योगिक एयर कूलर लॉन्च किए

## लंबे समय तक चलने वाले, शॉक-प्रतिरोधी प्लास्टिक बॉडी वाले औद्योगिक एयर कूलर की नई रेंज भारी औद्योगिक उपयोग के साथ घरेलू उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**देश** के अग्रणी एयर-कूलर और कंपोनेंट ब्रांडों में से एक, नोवामैक्स, 9000 रुपये से शुरू होने वाली सस्ती कीमत पर प्रीमियम गुणवत्ता, टिकाऊ औद्योगिक एयर कूलर की अपनी नवीनतम रेंज लॉन्च कर रहा है। एयर कूलर की नवीनतम रेंज के अलावा पोर्टेबल और शॉक-रेसिस्टेंट होने के कारण, इसमें यूनिफॉर्म एयरफ्लो टेक्नोलॉजी, लैमिनार वाटर फ्लो और बेहतर कूलिंग कम ह्यूमिडिटी पैदा करने के लिए यूनिक पैडिंग जैसी नवीन विशेषताएं भी होंगी। स्वदेशी रूप से सब कुछ बनाने के लिए अपने मेक-इन-इंडिया दृष्टिकोण के लाभों पर प्रकाश डालते हुए, नोवामैक्स के संस्थापक हर्षित अग्रवाल ने कहा, नोवामैक्स कूलर के पीछे का विचार देश में कूलर निर्माण के संगठित और असंगठित क्षेत्र के बीच गुणवत्ता बनाम लागत के अंतर को पाटना है। देश और ग्राहकों को सस्ती कीमतों पर सर्वोत्तम गुणवत्ता और लंबे समय तक चलने वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए। नोवामैक्स में हमने लागत कम करने और अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ग्रेटर नोएडा में अपने कारखाने में एयर-कूलर के प्रत्येक घटक जैसे मोटर, वायरिंग, पैडिंग और पाइप इन-हाउस के निर्माण के लिए अनुसंधान और नवाचार पर जोर दिया। नोवामैक्स अभी बाजार में वाणिज्यिक कूलर के सबसे प्रसिद्ध और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक है। नोवामैक्स का रेम्बो मॉडल 2022 की इस गर्मी के दौरान भारत में सबसे लोकप्रिय एयर-कूलर मॉडल में से एक था। नोवामैक्स डेजर्ट कूलर की नवीनतम रेंज 6 किस्मों में आती है और औद्योगिक और घरेलू उपयोग दोनों के लिए उपयुक्त हैं।

**नोवामैक्स इंडस्ट्रीज एलएलपी के बारे में :** 2017 में शुरू हुआ, नोवामैक्स वाणिज्यिक और घरेलू उपयोग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले एयर कूलर का आईएसओ प्रमाणित निर्माता है। विनिर्माण उद्योग के 35 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, नोवामैक्स के प्रमोटरों ने कम समय में कंपनी को उद्योग में शीर्ष ब्रांडों में से एक के रूप में स्थापित किया, जो ग्राहकों को किफायती मूल्य सीमा पर हाई-टेक और अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए उत्पाद पेश करता है। एयर कूलर के लिए 20 से अधिक पेटेंट के गर्व के मालिक, नोवामैक्स विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने वाले सभी आकारों, आकारों, क्षमताओं और सुविधाओं में एयर कूलर की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के कारण, नोवामैक्स अन्य ब्रांडों के लिए 50 से अधिक विभिन्न उत्पाद बनाकर कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के लिए जल्दी से एक पसंदीदा OEM और ODM भागीदार बन गया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 22 सितंबर, 2022



# स्मार्ट सिटी : अंडरपास में भरे पानी में फंसी स्कूल बस

कविता। फरीदाबाद

**शहर** को स्मार्ट सिटी की संज्ञा तो कागजों में दे दी गई, लेकिन इस स्मार्ट सिटी की पोल बरसात के दिनों में खुल जाती है। ऐसा ही बुधवार को देखने को मिला। जहां बुढ़िया नाले के निकट मौजूद एनएचपीसी अंडरपास में एक नामचीन निजी स्कूल की बस सीवरेज का पानी अंडर भरने से खराब हो गई। आनन-फानन में बच्चों को किसी तरह से सीवरेज व बरसाती पानी में उतारा गया। पानी में भींग कर उतरे बच्चों के आंसू

## सीवरेज के पानी से रोते बिलखते बच्चों को मशक्कत के बाद निकाला

निकल आए और वह रोते बिलखते नजर आए। उनका कहना था कि आज तक वह इतने गंदे पानी में से होकर नहीं निकले। वहीं उनका कहना था कि पानी से आ रही दुर्गंध से उन्हें बस के भीतर सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी।

**खस्ता हालत में अंडरपास :** जिले में तीन अंडरपास बने हुए हैं,





खराब बस से बच्चों को उतारते हुए, साथ ही ओवरफ्लो होती सीवरेज का पानी। बस से निकले बच्चियों में डर के खौफ से निकलते आंसू, एक-दूसरे से गले मिलकर रोने को हो गए मजबूर।

जिसमें एनएचपीसी, ओल्ड फरीदाबाद और ग्रीनफिल्ड का अंडरपास शामिल हैं। शहर को कागजों में एफएमडीए, हुडा, स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटे और नगर निगम ने शहर को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलवा हुआ है। अंडरपास में पानी भरने की समस्या आए होती रहती है। लेकिन शहर के अंडरपास की हालतों में सुधार नहीं किया गया। इन अंडरपास में रिपेयरिंग का कार्य समय-समय पर नहीं किया जाता है। ऐसे में स्मार्ट सिटी के यह अंडरपास अब जानलेवा साबित हो रहे हैं।

**बरसात में होती है आफत :** अंडरपास से आवागमन करने वालों ने बताया कि जिले में मौजूद अंडरपास की हालत काफी खस्ता हो चुकी है। बुधवार को एनएचपीसी अंडरपास में मानव रचना इंटरनेशन स्कूल की बस खराब हुई है।

वहां की हालत पिछले करीब दस सालों से खस्ता है। यहां सीवरेज ओवरफ्लों की समस्या पिछले दस साल से है। वहीं ओल्ड फरीदाबाद और ग्रीनफिल्ड स्थित अंडरपास में तो बरसाती पानी भरते ही वाहन चालकों का निकलना भी दुर्भर हो जाता है। यहां से पैदल तो क्या बड़े वाहन चालक भी डुबते नजर आते हैं।

# सास बहु को बंधक बना बदमाशों ने लूटे लाखों के जेवरात और नगदी

## हथियारों के बल पर बदमाश लूट ले गए करीब 15 लाख रुपये का सोना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर 55** में रहने वाले एक कारोबारी के घर में बुधवार को दिनदहाड़े हथियार बंद तीन बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने आते ही पिस्तौल और चाकू के बल पर घर में मौजूद एक महिला और उनकी सास को बंधक बना लिया। बदमाशों ने दोनों महिलाओं को डरा धमका कर करीब 15 लाख रुपये के सोने के जेवरात और करीब 75 हजार रुपये की नगदी लूट ली।

वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश सास बहू को बाथरूम में बंद कर मौके से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर पड़ोसियों ने उन्हें बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



सेक्टर-55 में लूट के बाद घर में खड़े लोग। साथ में सास पुष्पा और बहू रमा गोयल।

पीड़ित महिला रमा गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह यहां अपने परिवार के साथ रहती है। उसके पति कौशल गोयल और उनके ससुर शहर में बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबार चलाते हैं। अन्य दिनों की तरह बुधवार सुबह करीब पौने दस बजे उसके पति और ससुर अपने काम पर चले गए थे। जिसके बाद घर में वह अपनी सास पुष्पा देवी के साथ रह गई थी। करीब सवा दस बजे के आसपास किसी ने उनके घर की डोर बैल बजाई। जिससे सुन कर उन्होंने जैसे ही घर का दरवाजा खोला तभी तीन युवक धड़धड़ाते हुए अंदर घुस आए। तीनों बदमाशों ने आते ही उनकी व पुष्पा देवी की गर्दन पर चाकू और पिस्तौल तान दी।

जिसके बाद बदमाश उन्हें जान से मारने की धमकी देकर घर में रखी नगदी की मांग करने लगे। इस दौरान बदमाशों ने उन्हें डरा धमका कर अलमारियां की चाबी ले ली। जिसके बाद बदमाशों ने अलमारियों में रखी करीब 15 लाख रुपये कीमत के तीस तौले सोने के गहने, 75 हजार रुपये की नगदी और अन्य कीमती सामान निकाल लिया। जिसके बाद बदमाश उन्हें धमकी देते हुए घर के बाथरूम में ले गए। बाथरूम में उन्हें बंद करने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। जिसके बाद उन्होंने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे सुनकर आसपास रहने वाले कुछ लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकाला।

पीड़िता ने घटना की सूचना तुरंत अपने पति को दी। उन्होंने मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना मिलने ही सेक्टर 55 पुलिस चौकी के साथ-साथ अपराध शाखा की टीम मौके पर पहुंच गई। पीड़ित महिला रमा गोयल ने बताया कि दो बदमाशों ने काले कपड़े और एक बदमाश ने जींस और शर्ट पहनी हुई थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास कर रहा है।

# कार से 123 किलोग्राम गांजा किया बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को ऑल्टो गाड़ी में 123 किलोग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राजेंद्र प्रसाद है जो अलवर जिले के बाघौर गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम में शामिल उपनिरीक्षक जलालुद्दीन एएसआई नवीन, मुकेश, हवलदार राजेंद्र, अजीत व सिपाही दीपक धीज थाना एरिया में गश्त कर रही थी। गुप्त सूत्रों से आरोपी के बारे में सूचना प्राप्त हुई जिसके पश्चात क्राइम ब्रांच की टीम ने आलमपुर सिरोही रोड पर नाका लगाया जहां कुछ समय पश्चात आरोपी अपनी ऑल्टो गाड़ी लेकर वहां आया जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो आरोपी गाड़ी छोड़कर भागने की कोशिश करने लगा परंतु क्राइम ब्रांच की टीम ने मिलकर आरोपी को काबू कर लिया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें से प्लास्टिक के छह कट्टे बरामद हुए जिनमें गांजा भरा



हुआ था। बरामद किए गांजे का कुल वजन 123.330 किलोग्राम पाया गया। आरोपी से इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करने लगा इसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 13 सितंबर को विशाखापट्टनम गया था और वहीं से किसी भगवान नाम के व्यक्ति से एक लाख रुपये में खरीदकर लाया था जिसकी जांच की जा रही है। आरोपी इसे दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में महंगे दामों पर बेचकर पैसे कमाना चाहता था।

# जलवायु परिवर्तन से महिला कामगारों पर पड़ा दबाव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जलवायु** परिवर्तन का प्रभाव और उनसे निपटने की दिशा में लिए जा रहे निर्णयों में महिलाओं की सहभागिता न होने व उनकी जरूरतों को ध्यान में न रखने के कारण कामकाजी जनसंख्या में लैंगिक समानता के लक्ष्य को पाने में अतिरिक्त परेशानियां आ सकती हैं। इससे आगे चलकर सतत विकास लक्ष्यों (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) को हासिल करने में भी अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।



महिला कामगारों के हित को देखते हुए, एक्शनएड एसोसिएशन एवम् लैंगिक आधार होने वाली हिंसा व संपत्ति में महिलाओं के अधिकार के मसले पर काम करने वाले व इस क्षेत्र में जमीनी स्तर पर सक्रिय सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशन गितालडाह विकास समिति (जीबीएस) और स्थानीय महिलाओं के समूह प्रमिला वाहिनी के साथ मिलकर कूच बिहार के दिनहाटा ब्लॉक में 'जलवायु परिवर्तन, लैंगिक भेदभाव एवं श्रम' विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए बेहतर वेतन, काम की बेहतर स्थिति, सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा को लेकर महिला कामगारों के सतत संघर्ष को लेकर विमर्श की शुरुआत करना था। सम्मेलन में तीन जिलों की 800 से ज्यादा महिला कामगारों और रोजगार के कई अनौपचारिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया।

आठ महिला प्रतिनिधियों ने कई मुद्दों पर बात की और सामुदायिक स्तर पर एवं संगठित शक्ति के रूप में कई विकल्प सुझाए। सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य जनों ने इस संघर्ष में महिलाओं का साथ देने का भरोसा दिया और उन्हें अपनी आवाज को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित किया। भारत और बांग्लादेश की सीमा पर स्थित पश्चिम बंगाल के जिले कूच बिहार में बार-बार आंधी, बाढ़ और अनियमित बारिश जैसी मौसम संबंधी अप्रत्याशित परिस्थितियों के साथ-साथ बहुत ज्यादा गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन ने अनौपचारिक क्षेत्र के कामगारों, विशेषरूप से महिला कामगारों के जीवन पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। कृषि क्षेत्र की महिला कामगारों, बीड़ी बनाने वाली और घरों में काम करने वाली महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हुए हैं और बड़े पैमाने पर पलायन एवं बेरोजगारी की स्थिति बनी है। मौसम में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव के कारण कृषि बहुत अनिश्चित हो गई और लाखों लोगों को गांवों से शहरों की ओर पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। ग्रामीण महिलाओं को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, क्योंकि वे अपनी आजीविका के लिए मुख्यत: प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर होती हैं।

एक्शनएड एसोसिएशन (एएए) पिछले 10 वर्षों से इस जिले में महिला समूहों के साथ मिलकर काम कर रहा है और आसपास चाय बागानों में काम करने वाली महिला कामगारों से जुड़ा है। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों की महिला कामगारों ने समानता, आजादी और प्रकृति के साथ परस्पर निर्भरता के मुद्दे पर बात रखी और अपनी आजीविका से जुड़े प्राथमिकता वाले मसलों को सामने रखा।

# उच्च शिक्षा में बच्चों की पहुंच बढ़ाने को पार्टनरशिप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दो अग्रणी अंतरराष्ट्रीय शिक्षा कंपनियां विदेश में उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को दुनियाभर में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं**

**एमपावर** फाइनेंसिंग और एप्लाईबोर्ड इंक (एप्लाईबोर्ड) ने विदेश में उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा की है। एमपावर फाइनेंसिंग एक मिशन के तहत कार्यरत फिनटेक फर्म है और अंतरराष्ट्रीय छात्रों को छात्रवृत्ति एवं एजुकेशन लोन देने के मामले में अग्रणी है। अप्लाईबोर्ड एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो दुनिया भर के छात्रों को सबसे श्रेष्ठ उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद करता है। दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी से एप्लाईबोर्ड के माध्यम से अपनी शिक्षा के सफर को आगे बढ़ाने की योजना बना रहे छात्रों को एमपावर के फंडिंग विकल्पों का लाभ लेने का मौका मिलेगा।

एमपावर फाइनेंसिंग के वाइस प्रेसिडेंट एवं जनरल मैनेजर (भारत) अश्विनी कुमार ने कहा, 'विदेशी छात्रों के लिए प्रक्रिया बहुत जटिल होती है और इसमें समय भी बहुत लगता है। विशेष तौर पर जब लोन की बात हो, तो और भी मुश्किलें आती हैं। हमारी आसान सर्विस और लोन की सुविधा अब एप्लाईबोर्ड एवं उनके पार्टनर्स के लिए भी उपलब्ध है। इससे छात्रों का सफर आसान होगा। उन्होंने किसी को-साइनर या कोलैटरल की आवश्यकता नहीं होगी। एप्लाईबोर्ड के साथ मिलकर हम छात्रों एवं रिक्रूटमेंट पार्टनर्स के बीच भरोसे का निर्माण कर रहे हैं।'

एमपावर फाइनेंसिंग और एप्लाईबोर्ड के कोफाउंडर अंतरराष्ट्रीय छात्र थे, जिन्होंन इन कंपनियों को शुरू करने से पहले ऐसे छात्रों की परिस्थितियों को समझा था और वह जानते थे कि इस प्रक्रिया में छात्रों को किस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्वयं इन मुश्किलों का सामना किया था। उन्होंने भविष्य में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की राह को आसान करने के मिशन के रूप में कंपनियों की शुरुआत की थी। एप्लाईबोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस ऑपरेशन हेड, करुण कंदोई ने कहा, 'विदेश में शिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए फाइनेंशियल व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती होती है। हम एमपावर के साथ इस साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। इससे छात्रों को आसान वित्तीय विकल्प चुनने में मदद मिलेगी और वे बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।'

दोनों कंपनियां टेक्नोलॉजी का भरपूर लाभ लेते हुए शिक्षा से जुड़े बैरियर्स को तोड़ रही हैं। एमपावर फाइनेंसिंग कनाडा एवं अमेरिका के 400 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी कर रहे 200 से ज्यादा देशों के छात्रों को स्कॉलरशिप एवं नो-कोसाइनर लोन उपलब्ध करा रही है। एप्लाईबोर्ड विदेश में पढ़ाई की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाती है और एक सिंगल प्लेटफॉर्म पर स्कूलों, रिक्रूटमेंट पार्टनर्स और छात्रों को जोड़ती है। सात साल पुरानी कंपनी ने 400,000 से अधिक छात्रों को विदेश में अपनी पढाई पूरी करने में मदद की है। अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट रिक्रूटमेंट के लिए एप्लाईबोर्ड दुनिया का सबसे बड़ा ऑनलाइन प्लेटफार्म है।

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** विधानसभा के अंतर्गत आने वाली आजाद नगर कॉलोनी में पिछले 11 अगस्त को 11 वर्षीय दलित परिवार की बच्ची के बलात्कार के बाद हुई हत्या के आरोपियों की अभी तक पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं कर पाने के विरोध में बल्लभगढ़ की पूर्व विधायक शारदा राठौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायत भवन स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंची। महिलाएं आरोपियों की तुरंत की गिरफ्तारी की तथा आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रही थीं।

इस अवसर पर शारदा राठौर ने कहा कि सवा महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। अन्य प्रदेशों में ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई होती है, लेकिन हरियाणा सरकार के ढुलमुल रवैये की वजह से यह मामला नहीं सुलझ पाया है। सरकार का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा पूर्णत: विफल हो



पूर्व विधायक शारदा राठौर बल्लभगढ़ एसडीएम कार्यालय पर बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के विरोध में प्रदर्शन करती हुईं।

चुका है, क्योंकि बेटी बचाना ही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। महिलाओं में भय का वातावरण बना हुआ है। बच्चियां कहीं भी सुरक्षित नहीं है। सरकार का हर घर शौचालय का नारा भी पूर्णत: विफल है क्योंकि अगर आजाद नगर में शौचालय होता तो यह बच्ची रात के समय रेलवे लाइन पार करके शौच करने नहीं जाती और आज जिंदा होती।

प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जो आर्थिक मदद की घोषणा की थी वह भी अभी तक नहीं पहुंची है। शारदा राठौर ने कहा कि हम बच्ची को इंसाफ दिलाने के लिए अपने वकील खड़ा करेंगे और परिवार की हर संभव सहायता करेंगे।

इस अवसर पर महिलाओं ने एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद को प्रदेश के राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौंपा। जिसमें महामहिम राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप कर बलात्कार की शिकार मृतक बच्ची को न्याय दिलाने की मांग की है। शारदा राठौर ने कहा कि अगर अब भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो बड़े स्तर पर हम भाजपा नेताओं व सरकारी अधिकारियों का घेराव करेंगे।

# महिला पुलिस ने कसा मनचलों को शिकंजा

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेक्टर-16 प्रभारी इंस्पेक्टर गीता तथा हेल्प डेक्स की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं तथा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले 10 मनचलों को काबू किया है।

पूछताछ करने पर पता चला कि कुछ मनचले युवक पढ़ाई करते हैं तथा कुछ लड़के आवारा घूमते रहते हैं जो आने जाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं पर भद्दे कमेंट पास करते हैं। लड़कों से पूछताछ करने पर पता चला कि इनकी उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष है। इनमें कोई दसवीं तक पढ़ा हुआ है, कोई 12वीं तक, कोई कॉलेज में पढ़ रहा है तो कोई पढ़ाई छोड़ कर प्राइवेट काम करता है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए मनचलों में विष्णु, दीपक, सार्थक, रवि, राहुल, मन्नू, अवधेश, दीपक, दिलीप तथा रवि का नाम शामिल है। मनचलों को काबू करने के लिए महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद थी।

# डीसी ने मांगा डीईओ और डीपीसी से स्पष्टीकरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ 14 सितम्बर को जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी पर 27 लाख रुपये गबन के चलते जिला कोर्ट फरीदाबाद के आदेश पर एफआईआर दर्ज हुई है, लेकिन फिर भी वह जिला शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद के पद पर बनी हुई है जिसके चलते निष्पक्ष जांच होना संभव नहीं हो पा रहा है।

वहीं उन्होंने सबसे पहले सस्पेंड टीचर यतिंद्र शास्त्री को बहाल किया और फिर टीचर ललित भारद्वाज पर गंभीर आरोप लगाकर स्पष्टीकरण मांगा है। 27 लाख वाले मामले को देखते हुए हुए उन्हें तुरंत प्रभाव से जिला शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद के पद से हटाए जाने और निष्पक्ष जांच के लिए युवा आगाज संगठन के अध्यक्ष जसवंत पवार ने एक प्रेसवार्ता मंगलवार को की गई थी। उस प्रेसवार्ता के बाद देर शाम को डीईओ की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई। अब



जिला उपायुक्त विक्रम कुमार ने डीईओ और डीपीसी (जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा) आनंद सिंह के खिलाफ स्कूलों की रिपोर्ट समय पर न भेजने के आरोप में लेटर जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है। जिला शिक्षा अधिकारी जिला प्रशासन के द्वारा की जाने वाली बैठक में अधूरी रिपोर्ट पेश करते है। जिस कारण जिला प्रशासन को स्थिति क्लीयर नहीं हो पाती। पिछले दिनों गत 12 सितंबर को जिला उपायुक्त विक्रम कुमार ने जिले के उन स्कूलों की रिपोर्ट मांगी थी, जो डेमोलेशन होने वाले हैं, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी और जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आनंद सिंह ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और 19 सितम्बर तक भी जिला प्रशासन को रिपोर्ट नहीं भेजी।

# संक्षिप्त समाचार

## जहर खाने से दो महिलाओं की मौत, दहेज हत्या का आरोप



मोरची के बाहर खड़े मृतक विवाहिता के परिजन। पूजा, ज्योति की फाइल फोटो

**बल्लभगढ़।** जिले के विभिन्न इलाकों में दो महिलाओं की मौत हो गई। जिस पर मृतक महिलाओं के परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बृजमोहन उर्फ बबलु हुड्डा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह दयालपुर का रहने वाला है। उसके दूसरे भाई जगवीर सिंह की मौत के बाद उनकी बेटी पूजा की शादी उन्होंने नौ महीने पहले 20 जनवरी को अटाली गांव निवासी दीपक के संग धूमधाम से की थी। सात अगस्त को पूजा मायके आई। 19 अगस्त को दीपक रात को आठ बजे आया और पूजा को घर के बाहर बुलाकर एक डिब्बी देकर गया, उसे कहा कि यह मंजन है, इस दवा के बारे में किसी को कुछ भी बताने से मना किया। गतदिवस सुबह मंजन करने पर पूजा की तबीयत खराब होने लगी। उसे तुरंत पीएचसी दयालपुर में भर्ती कराया, जहां से उसे बीके के लिए रेफर कर दिया। उसे सर्वोदय हस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने दीपक पर आरोप लगाया है कि पूजा को उसने मंजन में जहर दे दिया है। दूसरे मामले में थाना सदर बल्लभगढ़ में मीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ब्राह्मण वाड़ा की रहने वाली है, उसकी बेटी ज्योति की शादी 2008 में हुई थी, जिसके तीन बच्चे है, ज्योति की शादी चंदावली निवासी तेजन के संग हुई थी। तेजन ज्योति को पैसे के लिए परेशान करता था। 20 सितम्बर को तेजन ने ज्योति से पैसों की मांग की, तो ज्योति ने पैसे देने से इंकार कर दिया। उसका ससुर ओम प्रकाश और सास कृष्णा व उसके जेठ के लड़के रवि ने मिलकर उसे सल्फास की पुड़िया दे दी। हालत खराब होने पर उसे अस्पाल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## मानव रचना विश्वविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

**फरीदाबाद।** सेंटर फॉर अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेसोल्यूशन (सीएडीआर), स्कूल ऑफ लॉ, मानव रचना यूनिवर्सिटी (एमआरयू) ने समाधान (दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता और सुलह केंद्र) के सहयोग से 45 घंटे की मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम छह दिनों तक चला, जिसमें समाधान की पांच प्रसिद्ध कानूनी हस्तियों ने छात्रों को मध्यस्थता के मूल मूल्यों से अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान प्रो. (डॉ.) डीएस सेंगर - प्रो-वाइस चांसलर, एमआरयू और स्कूल ऑफ लॉ के संकाय सदस्य उपस्थित थे। जे.पी. सेनघ, वरिष्ठ अधिवक्ता, एक प्रसिद्ध नागरिक और वाणिज्यिक मध्यस्थता वकील, और समाधान के आयोजन सचिव के संस्थापक ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने साझा किया, मध्यस्थता में पक्षों को आखिरी चरण में भी विवाद निपटाने की अनुमति मिलती है। वीना रल्ली, वरिष्ठ अधिवक्ता, दिल्ली उच्च न्यायालय में अधिवक्ता, और समाधान की आयोजन सचिव, ने विवाद के बारे में छात्रों को समझाया। स्वाति सेतिया, अधिवक्ता और प्रशिक्षित मध्यस्थ ने मध्यस्थता के चरणों को समझने में छात्रों की सहायता की। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को मध्यस्थता करने के लिए सभी आवश्यक कौशल और तकनीक प्रदान की।

## कायस्थ महासभा ने सौंपा जिला उपायुक्त को ज्ञापन

**फरीदाबाद।** बालीवुड फिल्म थैंक गॉड के ट्रेलर एवं पोस्टर में भगवान चित्रगुप्त का अपमान करके हिन्दू धर्म के लोगों की भावनाओं को आहत किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की



राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मेघना श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभा के पदाधिकारियों ने जिला उपायुक्त विक्रम व पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा सूचना प्रसारण मंत्री को ज्ञापन सौंप फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। मेघना श्रीवास्तव ने कहा कि वैसे तो भगवान चित्रगुप्त के प्रति संपूर्ण हिन्दू जनमानस आस्था व श्रद्धा रखता व उनकी पूजा अर्चना करता है, लेकिन कायस्थ समाज बुद्धि, विवेक, लेखनी और ज्ञान के प्रदाता तथा जीव मात्र के कर्म, अकर्मों का विपाक कर पुरस्कार एवं दंड का निर्धारण करने वाले ब्राह्म न्यायाधीश चित्रगुप्त को विशेष रूप से अपना आराध्य व पूज्य मानता है, लेकिन इस फिल्म के माध्यम से उनका अपमान किया गया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर प्रदेश महामंत्री शालिनी कुलश्रेष्ठ, प्रदेश अध्यक्ष ममता श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष मोहना सक्सेना, संयुक्ता श्रीवास्तव, प्रहलाद शर्मा आदि मौजूद थे।

## बिजली कर्मचारियों ने की बैठक

**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद के 11 केवी स्विटचिंग सिस्टम 2-ए पावर हाउस पर बिजली कर्मचारियों की



ओर से प्रदेश महासचिव सुनील खटाना के किये गये स्वागत समाहरोह व अहम बैठक को लेकर चर्चा की गयी। जिसमें आगामी आने वाली 24 व 25 सितम्बर को फरीदाबाद जिले में होने वाले राज्यस्तरीय 25वां प्रतिनिधि सम्मेलन व केन्द्रीय परिषद का चुनाव हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के बैनरतले एनआईटी फरीदाबाद की खान दौलतराम धर्मशाला नजदीक एनआईटी बस स्टैंड पर होने जा रहा है। जिसको लेकर एचएसईबी वर्कर यूनियन के प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने अपने जारी बयान में बताया कि केन्द्रीय परिषद का यह चुनाव जो सिल्वर जुबली के तौर पर भी अहम माना जा रहा है। आगामी त्रिवार्षिक यानी तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये नई प्रदेश कार्यकारिणी के चुने जाने के इस अवसर में महासचिव सुनील खटाना की ओर से अपनी मजबूत दावेदारी को पेश कर भावी प्रदेश प्रधान पद के रूप में अब प्रदेश के कर्मचारियों ने इनके नाम पर राज्य प्रधान बनाये जाने की एक तरफा ताल ठोकी है। जिनका इस चुनाव में प्रदेश प्रधान को लेकर जीतना तय माना जा रहा है। यूनिट सचिव व मीडिया प्रभारी लेखराज चौधरी सहित चीफ एडवाइजर सतीश छाबड़ी व पूर्व सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा तथा वर्तमान सर्कल सचिव कर्मवीर यादव, प्रधान विनोद कुमार, मदनगोपाल, सुनील चौहान, पुष्पेंद्र, अशोक लाम्बा, सोनू गोला, बृजपाल, रवि दत्त, आदि कर्मचारियों नेताओं ने अपने तमाम साथियों से एक तरफ भावी राज्य प्रधान सुनील खटाना के नाम के साथ साथ इसके पैनल को खुलकर वोट करने की पुरजोर अपील की है।

## शिक्षण संस्थानों में कोटपा के नियमों का पालना हो: डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम ने कहा कि जिला में धूम्रपान निषेध ऑफ का अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने हुए और सिगरेट की खुली बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध है। यदि कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ अनुसार आता अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीसी ने कहा कि सिग्रेट एवं अन्य तंबाकू प्रोडक्ट्स एक्ट (कोटपा) 2003 के तहत कैद/जुर्माना लागाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने पर और कोपटा के नियमों का उल्लंघन करने पर प्रति उल्लंघन 200 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। नियमानुसार होटल, रेलवे स्टेशन, राजकीय, निजी कार्यालय, बस अड्डे, सिनेमा हॉल, विद्यालय, महा-विद्यालय आदि सभी सार्वजनिक स्थानों की सीमा के भीतर सार्वजनिक स्थान के स्वामी, प्रबन्धक अथवा प्रभारी आदि द्वारा धूमपान नहीं होने देना चाहिए। डीसी विक्रम बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में कोटपा की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियो को सम्बोधित कर रहे थे। डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में सार्वजनिक स्थान पर सही आकार व संख्या में अधिनियम अनुसार धूमपान मुक्त क्षेत्र के चेतावनी बोर्ड लगाना, मुख्य द्वार पर लगे चेतावनी बोर्ड पर नोडल अफसर का नाम, फोन नंबर लिखा होना जरूरी है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 22 सितम्बर 2022



# ममता का बयान

## भ्रमित विपक्ष

**विपक्ष** भ्रमित स्थिति में है, ममता बनर्जी नरमी दिखा रही हैं, केजरीवाल अकेले चलने के पक्ष में हैं, जबकि केसीआर गैर-कांग्रेस गठबंधन बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति ममता बनर्जी के बयान में दिखी नरमी से सबको आश्चर्य हुआ है। यह उन लोगों के लिए झटका है जो केन्द्र में सरकार बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, उनका विश्वास नहीं है कि मोदी केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो व प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियों को उनकी तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। लगता है कि ममता बनर्जी का तर्क भ्रामक है और वे तथ्यों को अपने तर्क की राह में आड़े नहीं आने देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों एजेंसियां प्रधानमंत्री कार्यालय-पीएमओ के अंतर्गत नहीं आती हैं, बल्कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आधीन हैं। मोदी समर्थक शायद इससे यह समझ सकते हैं कि प्रधानमंत्री का सीबीआई व ईडी पर नियंत्रण नहीं है और इस पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। इसके अलावा सीबीआई कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत आती है जो सीधे पीएमओ को रिपोर्ट करता है। उन्होंने सीबीआई व ईडी की कार्रवाइयों के लिए 'केन्द्र सरकार तथा भाजपा नेतृत्व के एक हिस्से' पर आरोप लगाया। उनके लक्ष्यों की 'बाल की खाल निकालने' का कोई औचित्य नहीं है। यहां यह तथ्य पूर्णत: स्पष्ट है कि ममता बनर्जी ने अपना कट्टर मोदी-विरोधी दृष्टिकोण छोड़ दिया है जो अभी कुछ ही समय पहले तक बना हुआ था। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव की याद करें तो स्पष्ट होगा कि वे कितने तीखे ढंग से पूरी 'भगवा अवस्थापना' पर हमले बोलती थीं। इनकी तुलना में उनको मोदी पर हालिया बयान मित्रतापूर्ण कहा जा सकता है। लेकिन इसकी भाजपा की ओर से कोई मैत्रीपूर्ण प्रतिक्रिया नहीं हुई है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने उनके बयान की प्रतिक्रिया में कहा है कि भाजपा में किसी को और खासकर प्रधानमंत्री को ममता बनर्जी से कोई वैधता प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।



राजनीतिक विश्लेषक उनके नरम दृष्टिकोण को उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ जारी भ्रष्टाचार मामलों का नतीजा मान सकते हैं जिनमें उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी शामिल हैं। इन मामलों ने निश्चित रूप से ममता बनर्जी पर दबाव डाला है और उनको राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को उनके सभी पदों से हटाना पड़ा है। लेकिन उनका नरम दृष्टिकोण निश्चित रूप से विपक्षी एकता के लिए शुभ संकेत नहीं है। सतही तौर से देखने पर विपक्षी एकता भारतीय जनता पार्टी-विरोधी नेताओं की स्वाभाविक पसंद लगती है। जैसा कि वे सभी दावा करते हैं कि अन्य चीजों के साथ उनको केन्द्रीय एजेंसियां परेशान कर रही हैं। जहां ममता बनर्जी पर भले ही भ्रष्टाचार मामलों के कारण दबाव हो, वहीं अन्य विपक्षी नेताओं के अपने एजेंडे हैं। आम आदमी पार्टी सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल संभवत: गठबंधन के प्रति ज्यादा उत्साही नहीं हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि 'गठबंधन बनाने या तोड़ने की राजनीति' उनकी ठीक से समझ में नहीं आती है। इसके उलट तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव केन्द्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए गठबंधन के पक्ष में हैं। वे अपनी राष्ट्रीय पार्टी भी शुरू करना चाहते हैं। उनका विश्वास है कि 'वैकल्पिक राष्ट्रीय एजेंडे' पर सहमति है। लेकिन इसमें एक पेंच भी है। वे कांग्रेस को प्रस्तावित गैर-भाजपा गठबंधन से बाहर रखना चाहते हैं। दूसरे शब्दों में, विपक्ष का कोई नेता यह नहीं जानता है कि आगे कैसे बढ़ा जाए। विपक्ष में मोदी सरकार को सत्ता से हटाने की इच्छा तो है, लेकिन इसके लिए उसके पास कोई योजना नहीं है।

# गैस मूल्यों पर पुनर्विचार आवश्यक

प्राकृतिक गैस या एनजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि का कारण यूक्रेन युद्ध तथा वैश्विक सप्लाई में आई बाधा है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

प्राकृतिक गैस या एनजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि का कारण यूक्रेन युद्ध तथा वैश्विक सप्लाई में आई बाधा है। इसका प्रभाव अनेक क्षेत्रों में ऊर्जा की लागत पर पड़ रहा है। इनमें खासकर ऊर्जा व बिजली, आदि क्षेत्र संवेदनशील हैं। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस-एमपीएनजी मंत्रालय ने डा. किरीट पारिख के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है जो देश में उत्पादित एनजी के वर्तमान मूल्य फार्मूले की समीक्षा करेगी। देश में खर्च होने वाली 54.6 बिलियन क्यूबिक मीटर या बीसीएम गैस का लगभग 50 प्रतिशत आयातित द्रव प्राकृतिक गैस या एलएनजी से पूरा होता है। कमेटी से इस महीने के अंत तक रिपोर्ट देने को कहा गया है। उसे फार्मूले का ढांचा पुन: इस प्रकार बनाने को कहा गया है ताकि 'अंतिम उपभोक्ता के लिए उचित मूल्य' सुनिश्चित हो सके। नवंबर, 2014 से प्रभावित मूल्य दिशानिर्देशों के अनुसार फील्ड से सभी घरेलू सप्लायरों को नई खोज व लाइसेंसिंग नीति-एनईएलपी के अंतर्गत लाया गया है। इसमें राज्य स्वामित्व वाली ओएनजीसी व आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल को नामांकित ब्लाकों को भी एनईएलपी में लाना शामिल है। इस कीमत या सामान्य कीमत को चार अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर मूल्यों का औसत रखा गया है।



इनमें अमेरिका की हेनरी हब, कनाडा की एल्बर्टा गैस, ब्रिटेन की नेशनल बैलेसिंग प्वाइंट-एनबीपी तथा रूसी गैस शामिल हैं। एक वित्त वर्ष में हर 6 महीने पर कीमतों की समीक्षा होती है। इसके साथ ही मार्च, 2016 में गहरे व बहुत गहरे तथा उच्च दाब व उच्च तापमान वाले क्षेत्रों के लिए एक विशेष पैकेज की घोषणा की गई थी जिसके अंतर्गत 'प्रीमियम' मूल्य की अनुमति है। इसका निर्धारण प्रतियोगी बोली के आधार पर किया जाता है जिसमें पहले गैस उत्पादकों से जुड़े उद्यमों को भाग लेने की अनुमति नहीं थी। इस प्रकार निर्धारित नीति एक सीमा तक वैकल्पिक ईंधनों की कीमतों पर निर्भर करती है जिनमें फ्यूल आयल, नेफ्था व एलएनजी शामिल हैं। यदि बोली आधारित कीमत सीमा से ऊपर निकल जाती है तो खरीदार को सीमा निर्धारित कीमत ही देनी होती है।

अक्टूबर, 2020 से गैस उत्पादक फर्मों के सहयोगियों की नीलामी प्रक्रिया में सहभागिता पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया। इसका अर्थ था कि उत्पादक अपनी सहायक या सहयोगी कंपनी के माध्यम से अपनी ही गैस खरीद कर तीसरे पक्षों को अधिक दर पर बेच सकता था। इस प्रकार कीमत पर सीमाबंधन से मुक्ति मिल गई। उदाहरणार्थ, आंध्र प्रदेश तट पर स्थित कृष्णा गोदावरी बेसिन के केजी-डी6 क्षेत्र से गैस उत्पादन करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड-आरआईएल ने ठीक यही काम किया। 5 फरवरी, 2021 को उसने इस क्षेत्र से निकलने वाली नई गैस के लिए 7.5 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रति दिन-एमएमएससीएमडी का प्रस्ताव किया। उसकी सहायक रिलायंस ओ2सी लिमिटेड ने 4.8 एमएमएससीएमडी पर या 4.06 डालर प्रति मिलियन बीटीयू पर खरीदा जो उस समय मूल्य सीमा थी।

इसे उसने गेल इंडिया लिमिटेड, शेल व अन्य को 6-7 डालर प्रति मिलियन बीटीयू पर बेचा। देश में उत्पादित अधिकांश एनजी के अलावा उपरोक्त के दो अन्य बड़े स्त्रोत हैं। इनमें जुलाई, 2017 में शामिल ओपेन एकरेज लाइसेंसिंग नीति-ओएएलपी शामिल है जो बाजार-आधारित मूल्य की अनुमति देती है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर भारतीय उपभोक्ताओं के समक्ष एनजी मूल्य परिदृश्य इस प्रकार है। स्पाट मार्केट में औसत अंतरराष्ट्रीय मूल्य 50 डालर प्रति एमबीटीयू है जो 1 अप्रैल, 2022 से लागू है। इसके अलावा पुराने व नियंत्रित क्षेत्रों से 6.1 डालर प्रति एमबीटीयू दर, डी-यूडी-एचपी-एचटी क्षेत्रों से 9.92 डालर प्रति एमबीटीयू प्रीमियम मूल्य है जो आमतौर से बोली मूल्य 15 डालर प्रति एमबीटीयू से अधिक है। उर्वरक क्षेत्र एनजी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है जो 33 प्रतिशत उपभोग करता है। इसके बाद शहरों में गैस वितरण या सीजीडी का हिस्सा 23 प्रतिशत तथा बिजली का 13 प्रतिशत है। ये क्षेत्र नियंत्रित कम मूल्य पर गैस आबंटन में प्राथमिकता प्राप्त हैं।

उर्वरकों में अधिकांश गैस का प्रयोग यूरिया उत्पादन में होता है जिसका अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी कम स्तर पर बनाए रखा जाता है ताकि किसानों को यह सस्ती कीमतों पर मिल सके। एमआरपी से अधिक लागत की निर्माताओं को सब्सिडी के माध्यम से भरपाई की जाती है। उर्वरकों के लिए एनजी की आवश्यकता का लगभग 67 प्रतिशत घरेलू स्त्रोतों तथा 33 प्रतिशत आयातित एलएनजी से होता है। घरेलू स्त्रोतों से उद्योग 50-50 प्रतिशत 'नियंत्रित' व 'प्रीमियम' गैस से प्राप्त करता है। इस प्रकार गैस का प्रभावी मूल्य 8 डालर प्रति एमबीटीयू होता है और इसके परिणामस्वरूप गैस की कुल कीमत 5.5 डालर प्रति एमबीटीयू हो जाती है।

जहां तक आयातित गैस का सवाल है, भारत इसका 80 प्रतिशत दीर्घकालीन अनुबंधों से प्राप्त करता है जिसका औसत मूल्य 12 डालर प्रति एमबीटीयू है, जबकि 20 प्रतिशत स्पाट बाजार से खरीदी जाती है जिसकी वर्तमान कीमत 50 डालर प्रति एमबीटीयू है। इस प्रकार प्रभावी मूल्य 19.6 डालर प्रति एमबीटीयू है। इस प्रकार कुल गैस की समग्र कीमत 6.5 डालर प्रति एमबीटीयू हो जाती है। कुल मिला कर यूरिया उत्पादन में एनजी की लागत 12 डालर प्रति एमबीटीयू आती है। इसमें हैडलिंग, रि-गैसीफाइंग एलएनजी, परिवहन टैरिफ, बाजार का मुनाफा, टैक्स व ड्यूटी, आदि के खर्च अलग से जुड़ते हैं। इनको मिला कर लागत 15 डालर प्रति एमबीटीयू पहुंच जाती है। एक टन यूरिया के लिए 24 एमबीटीयू गैस प्रयोग करने से इसका खर्च 360 डालर प्रति टन या 28,800 रुपये प्रति टन हो जाता है। यह 5360 रुपये प्रति टन एमआरपी की तुलना में 5.5 गुना अधिक है। एनजी की अधिक कीमत उर्वरक सब्सिडी बढ़ने का प्रमुख कारण है जिसके 2022-23 में 2,50,000 करोड़ पहुंचने की आशा है। बिजली क्षेत्र में एनजी की अधिक कीमत से गैस-आधारित उत्पादन प्लांटों की उपयोगिता खतरे में पड़ जाती है क्योंकि खरीदार इसके परिणामस्वरूप पैदा महंगी बिजली नहीं खरीद सकते हैं। सीजीडी क्षेत्र भी मूल्यवृद्धि के कारण दबाव अनुभव कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्पाट बाजार में एनजी की कीमतें नियंत्रण से बाहर हैं। वास्तव में ईयू देशों द्वारा रूस से आने वाली दो-तिहाई गैस का विकल्प तलाशने, यानी इसे मध्य पूर्व व अमेरिका, आदि से खरीदने की योजना के कारण इसके दामों में तेज वृद्धि की आशंका है। इससे भारतीय खरीद के दीर्घकालीन अनुबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। इसके कारण दामों में तेज वृद्धि की आशंका है।

इसलिए भारत को घरेलू गैस की कीमतें कम करने पर ध्यान देना चाहिए। आगे बढ़ने का रास्ता क्या है? डी-यूडी-एचपी-एचटी क्षेत्रों को अधिक कीमत की अनुमति देने का कोई वैध कारण नहीं है। यदि जटिल क्षेत्रों से उत्पादन में अधिक निवेश होता है तो ये ज्यादा गैस भी देते हैं। सामान्य कीमतों पर भी उत्पादक ज्यादा राजस्व प्राप्त कर सकता है। इस तर्क को ध्यान में रखते हुए शुरुआत में मोदी सरकार का इरादा इन क्षेत्रों के लिए ज्यादा कीमतें देने का नहीं था। लेकिन मार्च, 2016 में वह दबाव के सामने झुक गई। आज पुराने व नियंत्रित क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों से सप्लाई बाजार आधारित मूल्यों पर होती है। मांग के सप्लाई से बहुत अधिक होने को देखते हुए इस कीमत को उचित नहीं कहा जा सकता है। यह सिद्धान्त छोड़ देना चाहिए। इसके बजाय सभी घरेलू सप्लाई 2014 में तय फार्मूले के आधार पर होनी चाहिए।

1 अप्रैल, 2022 से लागू वर्तमान 'सामान्य' कीमत 6.1 डालर प्रति एमबीटीयू है जो 1 अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2022 के बीच लागू कीमतों से 100 प्रतिशत अधिक है। चार वैश्विक स्थानों पर एनजी कीमतों की प्रवृत्ति को देखते हुए इसकी कीमतों में और वृद्धि की संभावना है। कीमतों की अगली समीक्षा 1 अक्टूबर, 2022 में होगी। सरकार को वर्तमान दर पर कीमतों को 'फ्रीज़' कर देना चाहिए और इसे वैश्विक स्थितियों में सामान्य स्थिति आने तक बनाए रखना चाहिए।

# क्यों कहते हैं इंग्लैंड के राजा को चार्ल्स तृतीय?



**सरदिंदु मुखर्जी**
(लेखक आईसीएचआर के सदस्य हैं)

अंग्रेजी राजशाही का एक लंबा सुव्यवस्थित इतिहास रहा है। यहां प्रस्तुत हैं कुछ संकेतक जो यूनाइटेड किंगडम में इसके गुंझलदार अतीत से रूबरू कराते हैं। जाहिर है, इस प्रश्न का उत्तर यह होगा कि इंग्लैंड में पहले राजा होते थे, जिन्हें चार्ल्स प्रथम और चार्ल्स द्वितीय के नाम से जाना जाता था। हो सकता है, केवल वही लोग जिनकी इतिहास में रुचि है, विशेष रूप से अंग्रेजी इतिहास में रुचि रखने वाले लोग जानना चाहें। अंतत:, क्या किसी ने इतिहास को शयनगाह नहीं कहा था! वैसे भी 30 जनवरी को स्कॉटलैंड यार्ड, लंदन के पास से अगर कोई गुजरे तो एक अजीब नजारा देखने को मिल सकता है। कुछ लोग, शाही अंदाज अपनाते हुए, उस राजा की याद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिसका यहां सिर काट दिया गया था। यह आखिरी बार था जब किसी अंग्रेज राजा को फांसी दी गई थी। वह राजा चार्ल्स प्रथम थे, जिन्होंने 1625-1649 तक शासन किया था, जो अपने पिता, राजा जेम्स के निधन के बाद अंग्रेजी सिंहासन पर आसीन हुए थे! उससे पहले, स्कॉटलैंड के जेम्स छठा स्टुअर्ट राजवंश से संबंधित थे।

चार्ल्स प्रथम को एक अड़ियल अंग्रेजी संसद का सामना करना पड़ा जिसने राजत्व के दैवी अधिकार सिद्धांत को चुनौती देना शुरू कर दिया था। हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रमुख स्थान रखने वाले प्यूरिटंस के बढ़ते विरोध का कारण थे- कराधान से संबंधित शाही मांगें, उनके द्वारा कैथोलिक, फ्रांसीसी राजकुमारी हेनरीटा मारिया के साथ शादी करना और विदेश नीति के संचालन में उनका स्पेनिश-समर्थक पूर्वाग्रह। इंग्लैंड में सुधार के बाद की अवधि में, ट्यूडर किंग हेनरी अष्ठम् (1509-1547) द्वारा गति मिलने से, कैथोलिकों पर कैथोलिक पोप का समर्थक होने के नाते इंग्लैंड के प्रति अनिष्ठा का संदेह किया गया।

जैसे जैसे चार्ल्स प्रथम से समझौता के बिना किसी संकेत के मतभेद बढ़ते गए, मामला गंभीर होता गया। कॉमन्स ने अधिकारों की याचिका (1628) द्वारा अपने संवैधानिक अधिकारों का दावा किया, जिसे लॉर्ड्स द्वारा भी पारित किया गया था- जिसने शाही शक्ति - मसलन, मार्शल लॉ, सैनिकों की बिलेटिंग, कराधान और कारावास-के मनमाने प्रयोग पर प्रतिबंध लगाकर कुछ उल्लेखनीय लक्ष्यों को प्राप्त किया। इसके बाद, कोई भी अंग्रेज राजा कभी भी सैन्य तानाशाह नहीं बन सका, निजी घर में सैनिकों की बिलेटिंग पर और नागरिकों के कोर्ट मार्शल पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कोई आश्चर्य नहीं, बिल ऑफ राइट्स को 'यूरोप के सर्वाधिक नागरिक राष्ट्र का चार्टर' कहा जाता है।



जैसे-जैसे टकराव जारी रहे, जेम्स ने संसद को भंग कर दिया और अगले 11 वर्षों तक, इंग्लैंड पर बिना संसद के राजा का शासन जारी रहा। चार्ल्स प्रथम (1629-1640) द्वारा व्यक्तिगत शासन के इस दौर को 'ग्यारह वर्ष का अत्याचार' कहा जाने लगा। पूर्ण शासन के समकालीन यूरोपीय मानक को देखते हुए, यह कहा जा सकता है कि यह इतना अत्याचारी नहीं था। 1640 में जब दुबारा संसद बुलाई गई, तो यह अधिक समय तक नहीं चली। इसके बाद गृहयुद्ध (1642-49) हुआ, और सांसदों के हाथों शाही लोगों को पराजय मिली। उसी समय किंग चार्ल्स को मार डाला गया था और इंग्लैंड पर ग्यारह साल (1649-1660) तक बिना संसद के शासन चला। यह वो समय था जब ओलिवर क्रॉमवेल ने शासन किया था। यह वो समय था, जब दो शब्द उपयोग में आए- कैवलियर्स (रॉयलिस्ट) और राउंडहेड्स (संसद)।

जैसा कि रिचर्ड क्रॉमवेल एक विफलता (1658-1660) साबित हुआ, उस समय एक आम सहमति थी कि गणतंत्र विफल हो गया, और इंग्लैंड को बिना राजा के नहीं चलाया जा सकता। कन्वेंशन पार्लियामेंट -तथाकथित, क्योंकि इसे एक राजा द्वारा नहीं बुलाया गया था - ने राजा और दो सदनों - लॉर्ड्स और कॉमन्स की वापसी के लिए मतदान किया, और उस समय इंग्लैंड के पूर्व राजा के बेटे को पदभार संभालने के लिए कहा गया था। इतिहास में बहाली के रूप में विख्यात - चार्ल्स द्वितीय, लंदन आया, और उस तख्ते के करीब के बैंक्वेटिंग हॉल में प्रवेश किया जहां उसके पिता को मार डाला गया था।

एक फ्रांसीसी राजकुमारी (1660-1685) के बेटे चार्ल्स द्वितीय ने फैसला किया कि 'वह फिर से उस राह पर नहीं जाएंगे, जिसे उनके पूर्ववर्तियों स्टुअर्ट और ट्यूडर ने अपनाया था, उन्होंने संसद की मंजूरी लेकर शासन किया। चार्ल्स द्वितीय ने राउंडहेड्स को क्षमा कर दिया, लेकिन जो लोग उसके पिता को सजा देने में हिस्सेदार थे- उनमें से लगभग दस पर विधिवत मुकदमे चलाया गया और उन्हें सजा दी गयी। राजा के एक मित्र ने उसके चरित्र का सार प्रस्तुत किया था: यहां हमारा प्रभु राजा है, जिसके वचन पर कोई भी विश्वास नहीं करता है, जिसने न कभी कोई मूर्खतापूर्ण और न कभी कोई बुद्धिमानीपूर्ण बात कही। राज शाही में अपने परिष्कृत विश्वास के बावजूद, उन्होंने एक स्थायी सेना की अवधारणा को तुच्छ माना, और उसकी अनुमति नहीं दी। इस दौरान, दो पुराने राजनीतिक समूहों को टोरीज (बाद में कंजरवेटिव) और व्हिग्स (बाद में लिबरल्स) कहा जाने लगा, जो ब्रिटेन में द्वि-पक्षीय प्रणाली की शुरुआत का प्रतीक था।

मूलत:, टोरीज का मतलब था एक विद्रोही आयरिश पापिस्ट, और व्हिग्स का अर्थ था- एक विद्रोही स्कॉटिश प्रेस्बिटेरियन! एक और ऐतिहासिक निर्णय था 1679 में पारित बंदी प्रत्यक्षीकरण अधिनियम, जिसमें यह प्रावधान था कि किसी भी ब्रिटिश व्यक्ति को मुकदमा चलाए बिना गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए- जिसने कई देशों में इसी तरह के कानून के लिए मॉडल प्रदान किया। विचारों की दुनिया में 17वीं सदी में बहुत कुछ हुआ।

महान विचारक और निबंधकार फ्रांसिस बेकन का निधन हो गया, और बाइबल के 'सच्चाई के निर्विवाद स्त्रोत' के रूप में बने रहने के बावजूद, इस सदी में विलियम शेक्सपियर, बेन जॉनसन, जॉन डोने और मिल्टन जैसे लोग थे। यह नवीन विचारों और अमर रचनाओं वाले गिल्बर्ट, बॉयल और न्यूटन जैसों का ''विज्ञान का युग'' भी था।

## आप की बात

### बिखरा हुआ विपक्ष

विपक्षी नेताओं के बयान पर्याप्त संकेत है कि विपक्षी नेताओ को एकजुट कर पाना तराजू में मेडक तोलने के समान है। आम आदमी पार्टी संयोजक केजरीवाल ने कहा है कि हम भाजपा के विरुद्ध विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेंगे बल्कि 130 करोड़ जनता के साथ गठबंधन करेंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के सी आर स्वयं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रव्यापी दौरे कर विपक्षी एकजुटता का दम भर रहे हैं. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर भारत के विपक्षी नेताओं को एकजुट करने का बीड़ा उठाया हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले आर एस एस और अब देश के प्रधानमंत्री पर विपक्षी आरोप ई डी एवम सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप को सिरे से खारिज किया है। विपक्षी एकता मुहिम में बड़े जनाधार वाली दलित नेता मायावती, कभी विपक्षी एकता के सूत्रधार रहे चंद्रबाबू नायडू और एक मजबूत विपक्षी नेता नवीन पटनायक को विपक्षी नेताओं ने विपक्षी मुहिम का हिस्सा नहीं बनाया है यह विपक्षी नेताओं की व्यापक सोच पर भी प्रश्न चिन्ह है। भारतीय जनता पार्टी के समक्ष विपक्ष अपनी डफली अपना राग की नीति पर चलता दिखाई देता है

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### बच्चों पर विशेष ध्यान दें!

**हमारे** देश के सभी राज्यों में प्रारंभिक विद्यालय में मिड-डे- मील यानी मध्यान भोजन की व्यवस्था है. इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने को लेकर अक्सर अन्य-अन्य राज्यों से खबर आती रहती है. सरकार की ओर से बाकायदा हर दिन के हिसाब से मन्यू तय है. यह बच्चों के लिए जरूरी पोषक तत्वों के हिसाब से बनाया गया है. मिड-डे-मील को लेकर राज्य सरकार की ओर से अक्सर औचक निरीक्षण वरीय अधिकारियों द्वारा किया जाता है. कई बार जिला अधिकारी खुद बच्चों के साथ बैठकर भोजन करते हैं. इसके बावजूद गुणवत्ता पर अक्सर प्रश्न उठता है. इसको देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से इस बारे में राज्य मध्यान भोजन निदेशालय को दिशा निर्देश जारी किया गया है कि गुणवत्ता की परख अब उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र करेंगे. निर्देश में उचित शिक्षण संस्थानों के फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग में पढ़ाई करने वाले छात्रों को मिड-डे-मील की गुणवत्ता जांच की मुहिम से जुड़ने को कहा गया है. साल में कम से कम एक स्कूल में जाकर इन छात्रों द्वारा भोजन की गुणवत्ता की पड़ताल की जाएगी. साथ ही उन्हें खुद भी उसे चखकर उसकी रेटिंग करनी होगी. इस मुहिम में रसोईया को भी जोड़ा जाना चाहिए।

– **सदन जी,** पटना विश्वविद्यालय

### विरोध का दमन

**आजकल** हमारे देश के इस लोकतंत्र में किसी भी मुद्दे पर विरोध / आंदोलन करने वालों की कोई भी सुनना ही नहीं चाहता है। केवल दमन (दबाव) के बल पर आंदोलन करने वालों क आंदोलन खत्म की कोशिश की जाती है। यह लोकतंत्र के विपरीत है। जबकि जिन मुद्दों पर विरोध आंदोलन किया जा रहा है उनको गंभीरता से सुनना जिम्मेदारों का काम है। प्रयागराज विविद्यालय में 400 गुना फीस बढ़ा दी गई है। छात्र आंदोलन कर रहे हैं की बढ़ाई गई फीस थी कम करें या वापस ले। लेकिन एकाएक तुगलकी फरमान जारी कर 400 गुना वृद्धि करना तो व्यवहारिक नहीं है। एक छात्र ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसका कहना है कि आंदोलन खत्म करने हेतु पुलिस उसके परिवार को प्रताड़ित कर रही है। आरोप-प्रत्यारोप जारी है। मगर शासन प्रशासन को विरोध करने वालों की जायज़ बातों को सुनना चाहिए व जो भी तर्कसंगत हल है, उसका संतोषप्रद निदान करना चाहिए ताकि आम व कमजोर छात्रों पर आर्थिक भार ना बढ़े।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**बहुत** अधिक नशे के कारण पंजाब के मुख्यमंत्री को विमान से उतार देने की खबरें हैं। ये पंजाबियों के लिए शर्मनाक व परेशान करने वाली बात है।

– **सुखबीर सिंह बादल**
अकाली दल नेता



**सोशल** मीडिया की खबरें प्रचार हैं। विदेश यात्रा से मान द्वारा निवेश लाने के कारण विपक्ष आश्चर्यचकित है।

– **मलविंदर सिंह कांग**
आप प्रवक्ता



**चुनाव** लड़ने के इच्छुक हर व्यक्ति का स्वागत है। यह खुली, लोकतांत्रिक व पारदर्शी प्रक्रिया है। किसी को किसी से अनुमति की जरूरत नहीं है।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता

# आजम ने शत्रु सम्पत्तियों सहित दलितों की जमीन पर कब्जा किया हैः खन्ना

## आजम खां के खिलाफ फर्जी मुकदमें लिखने बंद कराया जाएः माता प्रसाद पांडेय





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सदन** में सपा के वरिष्ठ सदस्य माता प्रसाद पांडेय ने सपा पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद मो आजम खां के खिलाफ हो रही कानूनी कार्रवाई को बदले की भावना और राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि वे इस सदन के वरिष्ठ सदस्य रहे है। उन्हे न सिर्फ दो साल जेल में रखा गया। बल्कि उनके खिलाफ पेशेवर अपराधियों जैसा बर्ताव किया गया। जमानत पर होने के बावजूद उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे लिखे जा रहे है। यही नहीं सरकार उनकी जमानत तक खारिज कराने के लिए प्रयासरत है। जौहर विवि की खुदाई कराकर उसमें नगरपालिका को मशीने बरामद कर उनके खिलाफ चोरी के नए-नए मुकदमें लिखे जा रहे है। माता प्रसाद ने कहा कि दो साल उन्हें सीतपुर में कालकोठरी में रखा गया। उन्होंने विधानसभाध्यक्ष से इस मामलें हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि आजम खां के खिलाफ फर्जी मुकदमें लिखने बंद कराए जाए। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जब सदन के किसी सदस्य को न्याय नहीं मिलेगा तो कहां मिलेगा। सपा सदस्यों द्वारा आजम खां के मुद्दे पर उठाए गए आरोपों के जवाब में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आजम खां पर फर्जी मुकदमें नहीं लगाए गए है। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई बदले की भावना से नहीं की जा रही है। मुकदमें के वादी ने ही उनपर धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने शत्रु सम्पत्तियों सहित दलितों की जमीन पर कब्जा किया है। उन्होंने कहा कि कानून से उपर कोई नहीं है। सपा के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने सदन की समितियों के गठन का मामला उठाते हुए कहा कि सदन में विपक्ष के संख्याबल के आधार पर समितियों में उसके सदस्यों को मौका मिलना चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आश्वासन दिया कि सत्रावसान के बाद समितियों के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। सपा के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय और राकेश कुमार सिंह ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि सदन में मंत्रियों द्वारा सदस्यों के पूछे गए सवालों का बिन्दुवार जवाब नहीं दिया जाता। इसके लिए जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिएं। इसी के साथ सपा के ही वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने सदन में आने वाली याचिकाओं का जवाब न मिलने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि आज भी कई याचिकाएं और आश्वासन समितियों में ऐसे प्रकरण लंबित है जिसमें न तो याचिकाएं लगाने वाले लोग बचे है न ही जवाब देने वाले सदन में है। इस पर विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सारी याचिकाओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाता इसलिए ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि एक दिन में पांच से ज्यादा याचिकाएं न लगाई जाए।

## वृक्षारोपण में 1.37 करोड़ रुपए के भुगतान का फर्जीवाड़ा आया सामने

**इस मामले में 14 कर्मचारियों के निलंबित के साथ 137 को दिया गया आरोप पत्र**

लखनऊ। विधानसभा पटल पर रखी गई भारत के महालेखा नियंत्रक लेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वृक्षारोपण के लिए ठेकेदारों व अन्य व्यक्तियों को किए 1.37 करोड़ रुपए के भुगतान में फर्जीवाड़ा किया गया है। इस मामले में प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने दिसम्बर 2020 और मार्च 2021 में सूचना दी कि आडिट आपत्तियों को स्वीकार किया गया और दोषी कार्मिकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई। सरकार ने अपने उत्तर में बताया कि इस मामले में 14 कर्मचारियों को निलंबित किया गया। 137 को आरोप पत्र दिया गया और 44 कार्मिकों की सेवानिवृत्ति या मृत्यु हो चुकी है। बाकी दोषी कार्मिकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी है। ऑडिट जांच में गलत ट्रैक्टरों/जेसीबी नम्बरों वाले 1058 वाउचरों का पता चला, जिन ट्रैक्टरों और जेसीबी के नम्बरों का वाउचरों के जरिये भुगतान किया गया, दरअसल कभी हुआ ही नहीं था। सीएजी की इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016-17 से 2018-19 के लिए 20 वन प्रभागों में विभिन्न कार्यों के भुगतान के मासिक वाउचरों की आडिट जांच हुई। इसमें पता चला कि वृक्षारोपण और संरक्षण उद्देश्यों के लिए प्रभागों ने गड्ढों और खाइयों आदि की खुदाई, मिट्टी का कार्य, पौधों, गाय के गोबर, ईंट के कार्य, पौधों को पानी देने आदि के ढुलाई का कार्य ठेके पर ट्रैक्टर और जेसीबी का इस्तेमाल करके कराया गया। ट्रैक्टर/जेसीबी आदि के पंजीकरण संख्या, निष्पादित कार्य का विवरण, भुगतान की गई राशि जिन वाउचरों में अंकित की गई वह सभी फर्जी निकले हैं।

## परिवहन निगम को 84 करोड़ रुपये की क्षति

लखनऊ। भारत के महालेखा नियंत्रक लेखा परीक्षक (कैग) की ओर से 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए पेश की गई रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि निगम को महज दो मामलों में ही 84 करोड़ रुपये की क्षति हुई है। परिवहन निगम ने अनुबंध की शर्तों से इतर एक निजी फर्म ट्राइमैक्स को 69.84 करोड़ रुपये अधिक भुगतान कर दिया तो टोल टैक्स के भुगतान पर कैशबैक न लेकर 14.18 करोड़ रुपये नुकसान उठाया। निगम ने फरवरी 2013 में पांच वर्षों की अवधि के लिए मेसर्स ट्राइमैक्स आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लिमिटेड मुंबई के साथ एक अनुबंध किया था। यह अनुबंध इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) की आपूर्ति स्थापना एवं संचालन के लिए किया गया था। इसके तहत एकीकृत टिकट प्रणाली, वाहन ट्रैकिंग प्रणाली और यात्रियों को सूचना प्रणाली प्रदान किया जाना था। ट्राइमैक्स को किए गए भुगतान से संबंधित अभिलेखों की जांच के दौरान कैग को कई कमियां देखने को मिलीं।

## महिला सशक्तीकरण पर परिचर्चा के लिए डॉ. सरोजनी अग्रवाल अधिष्ठाता मंडल में शामिल

**लखनऊ।** विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने महिला सशक्तीकरण विषय पर निर्धारित परिचर्चा के लिए विधान परिषद सदस्य डॉ. सरोजनी अग्रवाल को अधिष्ठाता मंडल के अस्थायी सदस्य के रूप में नामित किया है। यह जानकारी विधान परिषद के प्रमुख सचिव डा. राजेश सिंह ने दी। उन्होंने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि महिला सशक्तीकरण पर 22 सितंबर को विधानसभा की तरह ही विधान परिषद में भी महिला सशक्तीकरण पर परिचर्चा होगी। जिसमें सिर्फ महिला सदस्यों को बोलने का मौका दिया जाएगा।

# सपा में सच सुनने की हिम्मत नहींः बृजेश पाठक

### ● स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री की सपा सदस्यों के साथ तीखी नोंकझोंक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन में खासी गरमागरमी दिखाई दी। प्रश्नप्रहर के बाद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देने के लिए जैसे ही खडे हुए। वैसे ही सपा सदस्यों द्वारा उनका विरोध शुरू कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव का कहना था कि जब इस मामलें नेता सदन कल पूरा जवाब दे चुके है इसलिए इस विषय पर आज कोई वक्तव्य सुने जाने का औचित्य नहीं है। इस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष द्वारा प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जो मिथ्या आरोप लगाए गए है उनके बारे स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है। सपा के सदस्य उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे। इसी बीच सपा सदस्यों और उपमुख्यमंत्री के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के विधायकों पर भड़कते हुए जमकर फटकारा। बृजेश पाठक सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों पर कहा कि कल नेता प्रतिपक्ष ने मेरे विभाग को लेकर तमाम ऐसी बातें कहीं थी, जो लोगों को और देश को गुमराह करने वाली हैं। मैं इस विषय पर अपनी बात रखना चाहता हूं। बृजेश पाठक की इतनी बात पर समाजवादी पार्टी के विधायकों ने हंगामा करने की कोशिश की, जिस पर वह बिफर पड़े। उन्होंने चिल्लाते हुए कहा कि 'दिमाग ना खराब हो'। बृजेश पाठक द्वारा दिए गए इस बयान पर सपा विधायक माफी मांगने की बात करने लगे। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आप भी इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की माफी नहीं मांगी जाएगी। उन्होंने सपा विधायकों से कहा कि अभी बात शुरू भी नहीं हुई, माफी मांगने की बात करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना लगातार सपा विधायकों को चुप कराने की कोशिश में लग रहे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव यूपी की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल करने लगे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसी क्या बात है, जो इन दोनों में तालमेल नहीं है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को लेकर सवाल किया जा रहा है क्योंकि डिप्टी सीएम के माध्यम से अस्पतालों में सबसे ज्यादा छापा लखनऊ में ही मारा गया था। बृजेश पाठक के जवाब देने से पहले ही नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव अपने विधायकों के साथ सदन से वाकआउट कर गए। इस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भड़कते हुए कहा किए मुझे पता था कि आप लोग सदन छोड़कर चले जाएंगे क्योंकि आप में सच सुनने की हिम्मत ही नहीं है। इन लोगों में सच सुनने की क्षमता ही नहीं है।

# शिक्षण संस्थानों को यूपी में लूट की खुली छूटः भीमराव अंबेडकर

### ● सरकार सभी वर्गों के छात्रों की शिक्षा के लिए संवेदनशीलः केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** के भीमराव अम्बेडकर ने प्रदेश में अनुसूचित जाति व जनजाति के गरीब व कमजोर लोगों के बच्चों को विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में जीरो बैलेन्स फीस पर प्रवेश की सुविधा दिलाए जाने का मामला कार्य स्थगन सूचना के जरिए उठाया। वहीं नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों की शिक्षा के लिए संवेदनशील है।अम्बेडकर ने सदन को जानकारी दी कि अनुसूचति जाति-जनजति के बच्चों की शिक्षा की जीरो बैलेंस सुविधा भाजपा सरकार ने बंद कर दी है। जिससे इन वर्गों के लाखों बच्चों का जीवन अंधकारमय हो गया है। कई बच्चों ने तो दाखिला न होने के चलते आत्महत्या कर ली है। उन्होंने कहा कि यूपी के निजी शिक्षण संस्थान फीस के नाम पर अभिभावकों से मोटी-मोटी फीस वसूल रहे हैं। शिक्षण संस्थानों को यूपी में लूट की खुली छूट मिली हुई है। इस मामले में सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार के शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने यूपी में पूरब से लेकर पश्चिम, मध्य और हर ओर स्थापित किए जा रहे विश्वविद्यालयों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तकनीकी संस्थनों में एससीएसटी वर्ग के छात्रों के प्रवेश में हो रही धांधली को देखते हुए निशुल्क प्रवेश पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि जबकि प्रदेश के शासकी और अशासकीय शिक्षण संस्थानों में गरीब छात्रों को 100 प्रतिश निशुल्क प्रवेश अनुमन्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री निशुल्क अन्त्योदय कोचिंग केंद्र शुरू किए गए हैं। जहां छात्रों को सिविल सर्विक की तैयारी की कोचिंग निशुल्क दी जाती है। उन्होंने बताया कि मंडल के कमिश्नर, जिलों के डीएम, एसपी तक कोचिंग में छात्रों के बीच जाते हैं और उनका मार्गदर्शन करते हैं। इसी मामले में बोलते हुए सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा सरकार आई है एससीएसटी छात्रों शुल्क प्रतिपूर्ति रोक दी गई है जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों को 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी शिक्षण संस्थान ने घपला किया है तो एफआईआर दर्ज कर दोषियों को जेल भेजा जाए।

# शिक्षामित्रों के मुद्दे पर सपा सदस्यों ने किया सदन से वाकआउट

### ● योगी सरकार शिक्षा मित्रों की हितैषीः संदीप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद में बुधवार को समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने बुधवार को शिक्षामित्रों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने और आत्महत्या करने वाले शिक्षामित्रों के परिजन को मुआवजा देने के मुद्दे पर सदन से वाकआउट किया। शून्यकाल के दौरान सपा सदस्यों लाल बिहारी यादव, मान सिंह यादव और आशुतोष सिन्हा ने कार्य स्थगन की सूचना के जरिए यह मामला उठाते हुए सदन का बाकी काम रोककर इस पर चर्चा कराए जाने की मांग की।

सपा सदस्य मुकुल यादव ने सूचना पढ़ते हुए कहा कि जबसे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार बनी है, शिक्षामित्रों का उत्पीड़न जारी है। सरकार ने चुनाव के समय शिक्षामित्रों को स्थाई नौकरी देने का वादा किया था मगर उसने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित करने को न्यायिक प्रक्रिया के तहत उचित नहीं माना गया लेकिन उनके सेवा कार्य को देखते हुए सरकार को समान कार्य का समान वेतन देने की छूट है मगर सरकार उन्हें प्रतिमाह 10 हजार रुपए मानदेय दे रही है जिससे उनका गुजर-बसर नहीं हो पा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन दुश्वारियां की वजह से अब तक लगभग 4000 शिक्षामित्रों ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने कहा कि सरकार इसके प्रति संवेदनशील नहीं है लिहाजा इस लोक महत्व के तात्कालिक मामले पर सदन का बाकी काम रोक कर चर्चा कराई जाए। सपा सदस्यों आशुतोष सिन्हा और मान सिंह यादव ने सूचना की ग्राह्यता पर बल दिया। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इस सूचना पर सरकार की तरफ से जवाब देना शुरू किया तो सपा सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मंत्री शिक्षा मित्रों के विषय पर कुछ भी नहीं कह रहे हैं। इस पर नेता सदन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा सदस्यों पर आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री संदीप सिंह पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पौत्र हैं और पिछड़े समाज से आते हैं इसलिए समाजवादी पार्टी के सदस्य उनका विरोध कर रहे हैं। सपा सदस्यों ने नेता सदन के इस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस पर सत्ता पक्ष और सपा के सदस्यों के बीच नोकझोंक होने लगी। इसी दौरान सपा के सदस्य सदन से बाहर चले गए। उसके बाद बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि 2014 में तत्कालीन समाजवादी पार्टी नीत सरकार ने एक लाख 37 हजार शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित किया था लेकिन एक शिक्षक के लिए जरूरी योग्यता पूरी नहीं करने की वजह से 2017 में अदालत के आदेश पर उसे निरस्त कर दिया गया। मगर शिक्षा विभाग ने उन 15240 शिक्षामित्रों को शिक्षक के रूप में विभाग ने समायोजित कर लिया जिन्होंने जरूरी अर्हताएं हासिल कर ली थीं।

## बसपा ने निघासन में दो दलित लड़कियों की हत्या का मामला उठाया

**आरोपियों को गिरफ्तार कर त्वरित की गई कार्रवाईः संसदीय कार्यमंत्री**

**लखनऊ।** विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी के उमाशंकर सिंह ने हाल ही में लखीमपुर खीरी के निघासन में दो दलित लडकियों के साथ दुष्कर्म और हत्या के बाद उनके शवों का लटकाएं जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह जघन्य अपराध है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो चुकी है। अपराध का बोल-बाला है। इसी का परिणाम है कि दो दलित लड़कियों के साथ दुष्कर्म करने के उपरान्त उनकी हत्या कर उनके शवों को लटका दिया जा रहा है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इस मामलें मे त्वरित कार्रवाई की गयी। आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसी के साथ इस प्रकरण में सरकार ने आरोपियों को जल्द सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैककोर्ट में मुकदमा चलाए जाने का निर्णय लिया है।

# फीस वृद्धि को लेकर आत्महत्या करने की घटना दुखद व चिंतनीयः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के छात्र आशुतोष तिवारी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेना दुखद एवं उत्तर प्रदेश वासियों के लिए चिन्तनीय घटना है। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है मगर न ही मोदी सरकार और न ही योगी सरकार इस घटना पर गंभीर हैं। दोनों ही इस घटना पर मौन हैं।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि लगभग 23 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में 80 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर हैं और गरीब हैं। बच्चों को महंगी शिक्षा दे पाना उनके बस की बात नहीं है। आशुतोष तिवारी के माता पिता भी इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 400 प्रतिशत फीस बढ़ जाने के बाद फीस देने में असक्षम थे। नतीजन आशुतोष तिवारी ने अपने मरते हुए सुनहरे भविष्य को देखते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 400 प्रतिशत फीस वृद्धि कर भाजपा सरकार ने एक ऐतिहासिक नौजवान विरोधी कदम उठाया है। नौजवान छात्र इस केन्द्रीय विश्वविद्यालय में फीस बढ़ोत्तरी को शायद कभी भूल पाएं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जहां देश के तमाम राज्यों से छात्र पढ़ने आते हैं, वहीं उत्तर प्रदेश एवं बिहार के साधरण परिवारों के बच्चे सबसे ज्यादा पढ़ने आते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार बढ़ी हुई फीस वापस नहीं लेती है तो कांग्रेस सड़कों पर आन्दोलन करेगी। युवाओं और किसानों के बीच जाकर 2024 में इस युवा, किसान, गरीब विरोधी सरकार को हराने का आवाह्न करेगी।

## प्रो कृष्ण कुमार सिंह कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति नियुक्त

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, पूसा नई दिल्ली के पूर्व सदस्य प्रो कृष्ण कुमार सिंह को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ का कुलपति नियुक्त किया है। प्रो कृष्ण कुमार सिंह की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के लिए होगी। यह जानकारी प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी ने दी है।

## राजभर व भर समाज को जल्द मिलेगा अनुसूचित जनजाति का दर्जाः राजभर

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि राजभर व भर समाज को जल्द ही अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज कल्याण विभाग को प्रस्ताव बनाकर केन्द्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए हैं। राजभर बुधवार को लखनऊ में अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा ने 17 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के नाम पर गुमराह करने का काम किया था। समाजवादी पार्टी ने सिर्फ सपना दिखाया था। अखिलेश यादव जब सत्ता में थे तो उन्होंने प्रस्ताव नहीं भेजा। पहले की सरकारें चाहे सपा रही हो या बसपा, उन्होंने वोट बैंक की राजनीति की। सुभासपा अध्यक्ष ने बताया कि राजभर व भर समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले थे।

# हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव के निधन पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने जताया दुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रसिद्ध हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि राजू श्रीवास्तव का निधन कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वे उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष भी रहे। उनका प्रदेश की परंपरागत कला की विधाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को शांति तथा उनके शोकाकुल परिजनों व प्रशंसकों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि राजू श्रीवास्तव ने हास्य कला की विधा को अपनी प्रतिभा एवं मेहनत से नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के माध्यम से प्रदेश की परम्परागत कला की विधाओं के उत्थान में उनका सराहनीय योगदान रहा। अपनी अभिनव कला दक्षता के द्वारा जीवनपर्यन्त समाज के हर तबके का मनोरंजन करने वाले राजू श्रीवास्तव का निधन उनके अनगिनत प्रशंसकों को दु:खी करने वाला है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए स्व. राजू श्रीवास्तव के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### उप मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फिल्म जगत में अपने सहज हास्य से एक अलग पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध कॉमेडियन, उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राजू श्रीवास्तव के निधन से हास्य कला एवं फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति हुई है। मौर्य ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुये ईश्वर से प्रार्थना की है कि ईश्वर शोक संतप्त परिजनों, उनके शुभचिंतकों और प्रशंसकों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### कांग्रेस नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया

**लखनऊ।** मशहूर फि ल्म जगत के अभिनेता एवं अति लोकप्रिय हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव के निधन पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी धीरज गुर्जर, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं प्रवक्ता अशोक सिंह ने पूरे कांग्रेस परिवार की तरफ से अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। अशोक सिंह ने कहा की राजू श्रीवास्तव का निधन फि ल्म जगत एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई लंबे समय तक बहुत कठिन है। पूरा कांग्रेस परिवार इस दुख की घड़ी में दिवंगत राजू श्रीवास्तव के परिवार के साथ है और अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

## भाजपा को कड़ी टक्कर देने में विफल साबित हुई सपाः मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा है कि भाजपा की घोर जातिवादी, साम्प्रदायिक व जनहित-विरोधी नीतियों आदि के विरुद्ध उत्तर प्रदेश की सेक्युलर शक्तियों ने सपा को वोट देकर यहां प्रमुख विपक्षी पार्टी तो बना दिया लेकिन यह पार्टी भाजपा को कड़ी टक्कर देने में विफ ल साबित होती हुई साफ दिख रही है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि यही कारण है कि भाजपा सरकार को यूपी की करोड़ों जनता के हित व कल्याण के विरुद्ध पूरी तरह से निरंकुश, जनविरोधी सोच व कार्यशैली के साथ काम करने की छूट मिली हुई है। विधान सभा में भी भारी संख्या बल होने के बावजूद सरकार के विरुद्ध सपा काफी लाचार व कमजोर दिखती है।

# मुख्यमंत्री से मिले स्पेनिश कम्पनी डोर्ना के चेयरमैन कारमेलो एजपेलेटा

### ● मोटो जीपी के आयोजन का आमंत्रण विश्व में उत्तर प्रदेश की बढ़ती साख का प्रमाण हैः नन्दी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दुनिया** के तीसरे सबसे मशहूर गेम, विश्व स्तरीय मोटरसाइकिल रेसिंग मोटो जीपी, का भव्य आयोजन देश में और वह भी उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जनपद नोएडा में होगा। जिसको लेकर आज दुनिया भर में मोटर साइकिल की रेस कराने वाली स्पेनिश कम्पनी डोर्ना के चेयरमैन कार्मेलो एजपेलेटा लखनऊ पहुंचे। जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी और फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर जाकर मुलाकात की, ताकि भारत में और विशेष कर उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय मोटर साइकिल रेसिंग प्रतियोगिता मोटो जीपी का आयोजन कराया जा सके। मोटो जीपी के आयोजन में केंद्र सरकार के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग को लेकर डोर्ना के चेयरमैन कार्मेलो एजपेलेटा ने औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के आवास पर आयोजन को लेकर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि भारत असीम सम्भावनाओं का देश है, जहां अब सब कुछ सम्भव है। ऐसे में मोटो जीपी जैसे विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स गेम का नोएडा में भव्य आयोजन होने पर देश को एक नई पहचान मिलेगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी दुनिया में एक मिसाल बनी है। हमारी सरकार ने देश-दुनिया के निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीता है। मोटोजीपी जैसी वैश्विक स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन से उत्तर प्रदेश की आर्थिक व पर्यटन सम्भावनाओं को विस्तार मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इनवेस्टर सम्मिट का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें कई देशों के निवेशकों का आगमन होगा।

## विधानमंडल सत्र आज रहेगा महिलाओं के नाम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधायी इतिहास में गुरुवार को एक नया अध्याय जुड़ेगा। मौजूदा विधानमंडल सत्र का एक दिन पूरी तरह दोनों सदनों की महिला सदस्यों के नाम रहेगा। देश में इसे अपनी तरह का पहला प्रयोग माना जा रहा है। इससे ठीक पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा और विधान परिषद की सभी महिला सदस्यों को एक पत्र और फोल्डर भेजकर अनूठी पहल की। इसमें महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के साथ ही अन्य तमाम योजनाओं का ब्योरा है। विधानसभा हो या विधान परिषद दोनों सदनों में गुरुवार को सिर्फ महिला सदस्य ही अपने मुद्दे उठाएंगी। पीठासीन अधिकारी की भूमिका में भी वही होंगी।

# आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों की मदद करेगी सरकार

### ● मुख्यमंत्री सहायता कोष से खिलाड़ी को मदद दी जायेगीः अपर मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव खेलकूल डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि हर व्यक्ति खिलाड़ी होता है। कमी न कभी सभी ने कोई न कोई गेम अवश्यय खेला होगा। सभी के अंदर खेल की भावना होगी। इस खेल भावना को जीवित रखने की आवश्यकता है क्योंकि अब सभी विभागीय अधिकरियों और कर्मचारियों को इसी भावना से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि जनपद में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी की आर्थिक स्थित खराब है, तो नियमानुसार उनकी पूरी तरह मदद की जाय। अपने स्तर से सहायता करने में असमर्थ है, तो शासन को अवगत करायें। मुख्यमंत्री सहायता कोष से खिलाड़ी को मदद दी जायेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेलों के आयोजन के दौरान खेल की गरिमा को बनाये रखने के साथ ही खिलाड़ियों के मान सम्मान का भी ध्यान रखा जाये। डा. सहगल ने यह निर्देश बुधवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी क्रीडा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एकलव्य क्रीडा कोष से सम्बन्धित नियमावली का अध्ययन किया जाए तथा उसमें दी गयी व्यवस्था के अनुसार प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक खिलाड़ियों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित खेलसंघ के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर उनके सहयोग से प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कराया जाए। जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाय तथा आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का पूर्ण विवरण सम्बन्धित जिलाधिकारी को भी उपलब्ध कराया जाय। अपर मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि विभागीय अधिकारी अपने जनपद में निर्मित खेल अवस्थापनाओं की सूची तैयार करेंए ताकि जियोटैगिंग की कार्यवाही की जा सकें।

अलग-अलग बीआरसी पर सौंपे गए बीएसए को संबोधित मांग पत्र

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने रिक्त पदों पर पदोन्नति देने की उठाई मांग

- 23 सितंबर को जिला मुख्यालय पर ज्ञापन देने की तैयारी
- लंबित मांगों के समर्थन में अगले कदम की बनेगी रणनीति





**संवाददाता।** सीतापुर

रिक्त पदों पर पदोन्नति न होने से आक्रोशित परिषदीय शिक्षक आंदोलन के मूंड में है। बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले परिषदीय शिक्षकों ने संबंधित विकास खंडों की बीआरसी पर बीएसए को संबोधित ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने 23 सितंबर को जनपद मुख्यालय पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया है। संघ जिलाध्यक्ष रवीन्द्र दीक्षित का कहना है कि अधिकतर शिक्षक सहायक अध्यापक का वेतन लेकर प्रधानाध्यापक का दायित्व निभा रहे है, लेकिन इस दायित्व को निभाने में वह अपने को सक्षम नहीं पा रहे है। पदोन्नति लाभ न दिए जाने से परिषदीय शिक्षक आहत है। ऐसी ही और भी कई समस्याएं है। सकरन संवाददाता के अनुसार ब्लॉक संसाधन केंद्र सांडा में बीएसए को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी सकरन ओमकार सिंह को सौंपा गया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नसीर अहमद, महामंत्री रविंद्र मिश्रा, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार, महामंत्री फरीद गौरी, प्रिय गौतम, बृजेश कुमार, राजेश वर्मा, शारदा प्रसाद, कृष्णकांत, सुधांशु श्रीवास्तव, अटल बिहारी वाजपेई, धीरेंद्र पटेल, मनीष वर्मा, अलीमुद्दीन, राकेश कुमार, विनोद कुमार, जितेंद्र सिंह, मोहम्मद उमर मौजूद रहे। परसेंडी संवाददाता के अनुसार खंड शिक्षाधिकारी परसेंडी ऋषिकेश को ज्ञापन शिक्षक संघ के अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव के नेतृत्व में सौंपा गया। इस मौके पर रोमेश यादव, श्रीपाल उपस्थित रहे। मिश्रिख संवाददाता के अनुसार ब्लॉक संसाधन मिश्रिख में खंड शिक्षा अधिकारी कपिल देव देवेडी को ज्ञापन प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाधक्ष रविंद्र दीक्षित के नेतृत्व में सौंपा गया। इस मौके पर महेश पाल सिंह, उमेश शुक्ला, पुनीत शुक्ला, महीप सक्सेना, निर्मल मिश्रा, ओंकार शुक्ला, रमेश चंद्र यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। गोंदलामऊ संवाददाता के अनुसार बीआरसी संदना पर बीएसए को संबोधित खंड शिक्षाधिकारी गोंदलामऊ को ज्ञापन सौंपा गया। नेतृत्व ईकाई अध्यक्ष अजय सिंह ने किया। इस मौके पर ब्लाक कोषाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव, लवलेश प्रताप सिंह, आनंद प्रातप पांडेय, रामकिशोर, ब्रजेश सिंह, अजय कुमार पांडये, पंकज सिंह, श्रद्धा त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र, संजीव सिंह, अपूर्वा पांडेय सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## बोरे में बंद मिला नवजात बच्ची का शव

**बरेली ।** रात के समय किसी ने नवजात बच्ची की हत्या कर शव को बोरे में बंद करके खाली पड़े प्लाट पर दे दिया सुबह होने पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मढ़ीनाथ स्थित शिव मंदिर से कुछ ही दूरी पर खाली पड़े एक प्लाट पर स्थानीय लोगों ने आज सुबह एक बंद बोरे में नवजात बच्ची के शव को देखा जैसे ही घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को मिली बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर लग गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बोरे को कब्जे में लेकर उसे खोला तो उसमें से एक नवजात बच्ची का शव मिला रात के समय किसी ने बच्ची की हत्या करने के बाद शव को बोरे में बंद करके खाली प्लाट पर फेंका था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर शव फेंकने वालों की तलाश शुरू कर दी

## क्विक न्यूज

### बैंक आए बुजुर्ग से 75 सौ रूपये लेकर फरार हुए टप्पेबाज

**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित बैंक ऑफइंडिया में उस समय हडकंप मच गया जब एक बुजुर्ग बैंक में पैसे जमा करने आया था, वह लाइन में लगा ही था कि दो टप्पेबाज आए और बुजुर्ग से बातचीत करते हुए उसके झोले से 20 हजार में से 75 सौ रूपये पार कर दिए। हालांकि यह सब कुछ बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित बुजुर्ग रामकोट थाना के चकलापुर गांव का निवासी महेन्द्र कुमार है जो बैंक ऑफइंडिया में 20 हजार रूपये जमा करने आया था। लेकिन इसी बीच दो लुटेरे आए और लाइन में लगे बुजुर्ग से बातचीत करते-करते उनके झोले से रूपये गायब कर वहां से रफूचक्कर हो गए। आपको बता दें कि इससे पहले भी शहर के पॉश इलाके की आंख अस्पताल रोड पर कई ग्राहक टप्पेबाजी का शिकार हो चुके है। यह बैंक एसपी आफिस से करीब 100 मीटर की दूरी पर है। हालांकि पीड़ित ने अभी कोई लिखित तहरीर नहीं दी है, सिविल लाइन चौकी पर इसकी सूचना दी, सूचना पाकर मौके पर चौकी इंचार्ज झारिया सिंह ने बैंक पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच कर रहे है।

### पुरानी रंजिश के चलते सगे भाइयों पर जानलेवा हमला

**बरेली।** पुरानी रंजिश के चलते सामान खरीदकर मोटरसाइकिल पर लौट रहे सगे भाइयों पर गांव के ही दबंगों ने घेरकर हमला कर दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।आंवला थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया निवासी 45 वर्षीय श्याम पाल पुत्र कोमिल राम और उसके छोटे भाई हेमराज को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां श्याम पाल ने बताया किउसका कुछ दिन पहले गांव के ही रहने वाले पप्पू से मामूली विवाद हो गया है जिसे गांव के लोगों ने रफा-दफा करा दिया लेकिन पप्पू उससे रंजिश मानने लगा और कल दिन में वह अपने छोटे भाई हेमराज के साथ सामान खरीदने के लिए ओला की बाजार गया था शाम को दोनों भाई मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान लगभग 2 किलोमीटर दूर चलते ही बाग के पास पप्पू ने अपने भाई टीकाराम और देव पाल के साथ मिलकरदोनों भाइयों को बाग के पास ले लिया और मोटरसाइकिल से गिरा कर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दियाशोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए तब तक हमलावर फरार हो चुके थे सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद पुणे उन्हे पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और फिर जिला अस्पताल ले आए

### सब्जी पर पेशाब छिड़कने के आरोपी को भेजा जेल

**बरेली।** सब्जी पर पेशाब छिड़क कर बेचने के आरोप में गिरफ्तार किए गए सब्जी विक्रेता को पुलिस ने आज जेल भेज दिया ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव परतापुर चौधरी निवासी शरीफ को पुलिस में आज जेल भेजा ।ज्ञात हो कि शुक्रवार को ठेले पर सब्जी बेचने वाले शरीफपर एक हिंदूवादी नेता ने सब्जी पर पेशाब फड़कने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी कर्मचारी नगर निवासी दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि जब वह अपनी कार से जनकपुरी इलाके से गुजर रहा था तब उसने शरीफ को सब्जी पर पेशाब छडकते हुए देखा उसने इसका वीडियो भी बना लिया दुर्गेश ने जब शरीफसे शिकायत की तो वह झगड़ा करने लगा शोर शराबा सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई दुर्गेश ने जब यह बात लोगों को बताई तो उन्होंने शरीफको पकड़कर घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शरीर को हिरासत में ले लिया और वीडियो के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया और आज जेल भेज दिया।

### सेना का फर्जी अधिकारी गिरफ्तार

**बरेली ।** सेना की वर्दी पहनकर कैंट क्षेत्र में घूम रहे सेना के एक फर्जी अधिकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया उसके पास से सेना की वर्दी परिचय पत्र व अन्य सामान भी बरामद हुआ गिरफ्तार किए गए फर्जी अधिकारी से पूछताछ जारी है ।बिहार के रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के शाहमत खेरा निवासी प्रवीण कुमार सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह को पुलिस ने आज कैंट थाना क्षेत्र में वीरांगना चौक के पास से गिरफ्तार किया थाने में तैनात दरोगा दीपचंद अपने साथी गौरव कुमार के साथ लाल फाटक की तरफसे आ रहे थे तभी उन्हें एक मुखबिर से सूचना मिली कि कैंट क्षेत्र में चल रही अग्नि वीरों की भर्ती में शामिल होने के लिए आने वाले युवकों से एक फर्जी अधिकारी रकम ऐंठने के लिए आया हुआ है और वह इस समय वीरांगना चौक की तरफआ रहा है तब दीपचंद अपने साथी गौरव के साथ वीरांगना चौक से पहले टोल प्लाजा के पास पहुंचे जहां मौजूद मुखबिर ने इशारा प्रवीण कुमार सिंह की तरफकिया तब तब दीपचंद और गौरव कुमार ने चीता मोबाइल पर तैनात दो सिपाहियों को भी मौके पर बुला लिया ।

सकरन की सांडा ग्राम पंचायत का मामला.....

# मांगे न माने जाने के बाद दूसरे दिन भी धरना जारी पर

- ग्रामीणों का धरना शान्त कराने पहुंचे ब्लाक के अधिकारी

**संवाददाता।** सांडा सीतापुर

**सरकारें स्वच्छता** को लेकर चाहे जो भी अभियान चला रही हो, चाहे जिस अधिकारियों को निर्देश दे रही हो, लेकिन गांव में सड़के न बनने से उन पर भरे कीचड़ स्वच्छता को मुंह चिढ़ाते नजर आते है। ऐसा ही एक मामला है सांडा ग्राम पंचायत का जहां के ग्रामीण कीचड़ में बैठकर दूसरे दिन भी धरना देने को मजबूर है, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। ब्लाक मुख्यालय सकरन की ग्राम पंचायत सांडा में सभी प्रमुख रास्तों पर बीते एक दशक से कीचड़ व गंदे पानी का जमाव है, जिस वजह से लोगो को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद बीडीओ सकरन को ज्ञापन दिया वह मंगलवार को स्थाई समाधान न होने तक धरने पर बैठ गए थे, लेकिन बुधवार को भी किसी उच्च अधिकारी के द्वारा कोई संज्ञान न लिए जाने के बाद वह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए है। इसकी जानकारी जब ब्लाक अधिकारियों को हुई तो

धरना स्थल पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी राम लगन वर्मा, जेई शैलेश कुमार, आर,एस, एडीओ पंचायत श्रीकृष्ण सरोज, सेक्रेटरी शिवमंगल मिश्रा ने ग्रामीणों से वार्ता की और कहा की ग्राम पंचायत निधि में 28 लाख रुपए हैं जिससे नालियों का निर्माण करा दिया जाए फिर कोई निधि आती है तब सड़के भी ऊंची करा दी जाएंगी, लेकिन धरने पर बैठे लोग इस बात पर सहमत नहीं हुए और अधिकारी ब्लॉक से वापस चले गए। धरने पर बैठे पूर्व ब्लाक प्रमुख मोलहेराम, सरवन सेठ, उमेश जायसवाल, दिनेश मिश्रा, सोनू मिश्रा, दयाशंकर भार्गव, गुमानी लाल, अशोक मिश्रा, नीरज जायसवाल, रामखेलावन लोधी, विशाल गुप्ता, ऋषभ मिश्रा, अनीश, अनुज निषाद, मेराज, महानंद यादव, हसमत अली, विष्णु नारायण मिश्रा, शहजाद, राजाराम, कमलेश, बिरजू राधेश्याम, रामजीवन, फिरोज, राम प्रकाश मांगे पूरी ना हो जाने तक धरना जारी रहेगा।

## भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

- नहीं हुआ चोरी का खुलासा तो करेंगे धरना प्रदर्शन



**संवाददाता।** मछरेहटा सीतापुर

**भारतीय किसान** यूनियन के द्वारा जिले की कई समस्याओं को लेकर व पूर्व में हुई सुशील शुक्ला की चोरी के चलते अतिरिक्त मजिस्टेट पंकज राठौर को चोरी का खुलासा करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा बताते चलें कि थाना मछरेहटा अंतर्गत सुशील शुक्ला निवासी राठौर के घर अज्ञात चोरों ने 3 अगस्त की रात्रि को चोरों ने घर से कीमती सामान चोरी कर ले गए थे वही दूसरे मकान अजय राठौर के घर में भी चोरों ने चोरी कर लिया था जिसकी रिपोर्ट थाना मछरेहटा में दर्ज कराई गई थी लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस द्वारा कोई भी खुलासा नहीं किया जा सका वहीं सुशील शुक्ला द्वारा आरोप लगाते हुए ज्ञापन में कहा गया कि मछरेहटा पुलिस द्वारा कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गई फिर उन्हें छोड़ दिया गया संदिग्ध लोगों में से एक श्यामू पुत्र रामकुमार निवासी रामुवापुर थाना मछरेहटा का है खुलेआम चौराहे पर सुशील शुक्ला को उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और एक प्रार्थना पत्र थाने पर सुशील शुक्ला द्वारा दिया गया लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की जा सकी थाने के मात्र 20 कदम की दूरी पर लाखों की चोरी मछरेहटा पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहा है भारतीय किसान यूनियन द्वारा 7 दिन का समय देते हुए ज्ञापन सौंपा और कहा कि 7 दिन में चोरी का खुलासा नहीं होता है तो धरना करने के लिए बाध्य होंगे इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रामदास यादव विजय शुक्ल, राम लली पाल, शिवचरण ,प्रहलाद, मणिकांत त्रिपाठी इत्यादि काफी संख्या में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, एक झुलसा



**ओयल-खीरी।** कस्बे के स्थानीय मोहल्ला एकतानगर में शार्ट सर्किट के कारण लगी आग। कमरे में रखा हुआ मिट्टी का तेल जलने के कारण रामनरेश पुत्र खग्गा बुरी तरह से झुलसा। स्थानीय लोगो की सूचना पर नगर पंचायत ओयल की एम्बुलेंस पहुंची। मौके पर एम्बुलेंस ने एमसीएच अस्पताल में कराया भर्ती। भर्ती के पश्चात अस्पताल के चिकित्सक डा. ललित ने मरीज को लखनऊ केजीएमयू किया रेफर। मौके पर कस्बे के नगर पंचायत अध्यक्ष सोनू गुप्ता पहुंचे अस्पताल। पीड़ित के भाई को दी सहायता धनराशि। हर सम्भव मदद का दिया आश्वासन। उधर दूसरी तरफओयल कस्बे की पुलिस भी मौके पर थी पहुंची। आग में झुलसे व्यक्ति को नगर पंचायत की एम्बुलेंस के साथ भेजा अस्पताल। मौके पर जेबी सिंह चौकी प्रभारी, आरक्षी सचिनएराहुल, सुमित भी रहे मौजूद।

# समाजसेवी व्यापारी और पूंजीपति अब टीबी के मरीजों को घर बैठे ले सकेंगे गोद



**लखीमपुर-खीरी।** जिले के समाजसेवियों, व्यापारियों और पूंजीपतियों को स्वास्थ्य विभाग से जुड़कर समाज सेवा का अवसर प्रदान किया गया है। यह लोग टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण आहार प्रदान कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सिर्फ निश्चय पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और उसके बाद वह वहीं से अपने क्षेत्र के टीबी के मरीजों को गोद ले सकते हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक जिले के अधिकारी और माननीय द्वारा टीबी से ग्रसित मरीजों को गोद लिया गया है परंतु मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण शासन द्वारा प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निश्चय 2.0 पोर्टल को अपडेट कर कर यह व्यवस्था लागू की गई है। इस योजना को निश्चय मित्र नाम दिया गया है जिससे जुड़कर अब जिले के समाजसेवीए व्यापारी पूंजीपति और वह लोग जो स्वेच्छा से टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को गोद लेना चाहते हैंए वह निश्चय 2.0 पोर्टल पर जाकर खुद का रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और इसी पोर्टल के माध्यम से वह अपने क्षेत्र के मरीजों को अपने अनुसार गोद ले सकते हैं। जिससे गरीब मरीजों को इलाज के दौरान पोषण युक्त भोजन उपलब्ध हो सकेगा। वहीं शासन द्वारा भी इन्हें 500 रुपए प्रतिमाह पोषण योजना के अंतर्गत दिया जाता है। इन सभी का इलाज निशुल्क किया जाता है और 2025 तक प्रधानमंत्री जी का भारत को टीबी मुक्त करने का जो उद्देश्य है। उसमें यह शासन की योजना बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ऐसे सभी लोगों से आगे आकर इस कार्यक्रम से जुड़ने का अनुरोध कर रहा है और अगर इस मामले में किसी भी तरह की समस्या आती है तो लोग शहर स्थित टीबी अस्पताल में पहुंचकर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## गायत्री महायज्ञ व भंडारा आयोजित



**निघासन-खीरी।** ग्राम पंचायत बरोठा के देवी दीन पुरवा के तपोकुंज आरण्यक आश्रम मेंआज गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के जीवन दानी परिब्राजक स्व. भारत प्रसाद शुक्ल की दूसरी पूण्य तिथि पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय परिजनों के अतिरिक्त बहराइच, श्रावस्ती, गोण्डा आदि जनपदों के परिजनों ने भाग लिया। सभी परिजनों ने भारत प्रसाद शुक्ल के द्वारा गायत्री परिवार के विस्तार में किए गए योगदान को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम लोग शामिल होकर याद करके श्रद्धांजलि अर्पित की यह कार्यक्रम अरूण शुक्ला के आयोजन में किया गया। इस दौरान जसवंत कुमार वर्मा, मोहन अग्रवाल, कौशल किशोर शुक्ला, राम कृपा पाण्डेय, अमर प्रकाश शुक्ला, रजनीकांत शुक्ला, आलोक वर्मा व घनश्याम चौधरी समेत सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि देकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# पेज एक का शेष

## टाटा, थामस...

गई कि ना सिर्फ राहत सहायता बल्कि शमन उपाय और क्षमता निर्माण के जरिए भी पीएम केयर्स के पास आपातकालीन और संकट की स्थितियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए एक बड़ा दृष्टिकोण है। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने कहा कि नए न्यासियों और सलाहकारों की भागीदारी से पीएम केयर्स फंड की कार्यप्रणाली को व्यापक दृष्टिकोण मिलेगा। उन्होंने कहा, सार्वजनिक जीवन में उनका व्यापक अनुभव, इस कोष को विभिन्न सार्वजनिक आवश्यकताओं के प्रति अधिक उत्तरदाई बनाने में और अधिक उत्साह प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी के फैलने के बाद सरकार ने इससे उत्पन्न किसी भी प्रकार की आपातकालीन या संकटपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए पीएम केयर्स फंड की स्थापना की थी। साल 2019-20 के दौरान इस फंड में 3976 करोड़ रुपया इकट्ठा हुआ था जो 2020-21 में बढ़कर 10,990 करोड़ रुपया हो गया। इस कोष से एक हजार करोड़ रुपए प्रवासी मजदूरों पर खर्च किए गए जबकि 1,392 करोड़ रुपए टीका बनाने के लिए दिया गया। पीएम केयर्स फंड से देश के सभी जिलों में ऑक्सीजन संयंत्र लगाने में भी बड़ी संख्या में पैसे खर्च किए गए हैं। पीएम केयर्स की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने, संस्थाओं ने और सरकारी निकायों ने भी इसमें योगदान दिया था।

## पुतिन ने...

टेलीविजन के जरिए देश को संबोधित करते हुए चेतावनी भरे लहजे में पश्चिम से कहा कि रूस अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा और यह कोरी बयानबाजी नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और यह प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ हो जाएगी। रिजर्विस्ट ऐसा व्यक्ति होता है जो सैन्य आरक्षित बल का सदस्य होता है। यह आम नागरिक होता है जिसे सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है तथा आवश्यकता पड़ने पर इसे कहीं भी तैनात किया जा सकता है। शांतिकाल में यह सेवाएं नहीं देता है। यूक्रेन की सेना ने सितंबर महीने में बड़े पैमाने पर उन क्षेत्रों में पुन: कब्जा कर लिया है जिन पर रूसी सैनिकों ने कब्जा कर लिया था। पुतिन ने कहा कि विस्तारित सीमा रेखा, यूक्रेन की सेना द्वारा रूसी सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार गोलाबारी और मुक्त कराए गए क्षेत्रों पर हमलों के लिए रिजर्व से सैनिकों को बुलाना आवश्यक था। उनके इस संबोधन के ठीक एक दिन पहले दक्षिणी और पूर्वी यूक्रेन के रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों ने घोषणा की कि वे रूस का अभिन्न अंग बनने के लिए 23 से 27 सितंबर के बीच जनमत संग्रह कराएंगे। पुतिन के संबोधन के तुरंत बाद, रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने घोषणा की कि आंशिक तैनाती लिए 3,00,000 लोगों को बुलाया जाएगा। उन्होंने रशिया -24 टीवी से कहा, तीन लाख रिजर्व सैनिकों को बुलाया जाएगा। यूक्रेन में अमेरिकी राजदूत ब्रिगेट ब्रिंक ने पुतिन की घोषणा को कमजोरी का संकेत बताया। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि झूठे जनमत संग्रह के साथ और सेना भेजना कमजोरी तथा रूसी नाकामी के लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि रूस द्वारा बलपूर्वक हथियाए गए यूक्रेनी इलाके पर रूसी दावे को अमेरिका कभी मान्यता नहीं देगा तथा जितना भी समय लगे, अमेरिका हमेशा यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा।

## कांग्रेस अध्यक्ष...

ने कुछ नहीं कहा। हालांकि सूत्रों का कहना है कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की और कहा कि वह राहुल गांधी को मनाने का एक बार फिर प्रयास करेंगे। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे पार्टी ने सब कुछ दिया है, आलाकमान ने सब कुछ दिया है। पिछले 40-50 साल से मैं पदों पर ही हूं, मेरे लिए अब कोई पद महत्वपूर्ण नहीं है। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि जो जिम्मेदारी मिलेगी मुझे या जो जिम्मेदारी मुझे लेनी चाहिए, वो मैं निभाऊंगा। उनका यह भी कहना था, मुझ पर गांधी परिवार का विश्वास तो है ही है, जितने भी कांग्रेसजन हैं, उन सबके परिवारों का विश्वास मेरे ऊपर है...अगर वे मुझे कहेंगे कि नामांकन करना है, तो मैं भरूंगा। हमारे जो मित्र लोग हैं, उनसे बात करेंगे। एक सवाल के जवाब में गहलोत ने कहा, अगर मेरा बस चले तो मैं किसी भी पद पर नहीं रहूं। मैं राहुल गांधी के साथ सड़क पर उतरूं और फासीवादी लोगों के खिलाफ मोर्चा खोलूं। गहलोत का यह भी कहना था कि राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में भारत जोड़ो यात्रा करेंगे तो पार्टी के लिए एक अलग माहौल बनेगा। यह पूछे जाने पर कि अध्यक्ष बन जाने की स्थिति में क्या वह मुख्यमंत्री भी बने रहेंगे तो उन्होंने कहा, यह प्रस्ताव हमने पारित किया है, जहां नामित होते हैं वहां दो पद होते हैं..यह चुनाव तो सबके लिए है। इसमें कोई भी खड़ा हो सकता है...चाहे वो सांसद है, विधायक है, मंत्री है, मुख्यमंत्री है। कल किसी राज्य का मंत्री कहेगा कि मैं खड़ा होना चाहता हूं, तो वह हो सकता है।

## औपनिवेशिक अतीत...

कुछ यूनिटों,सड़कों, पार्कों के अंग्रेजी नामों पर भी विचार किया जाएगा। पिछले साल संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशस्त्र सेनाओं को सलाह दी थी कि वे औपनिवेशिक प्रणाली और परंपराओं से बाहर आएं क्योंकि उनकी उपयोगिता और प्रासंगिकता खत्म हो चुकी है। औपनिवेशिक अतीत से संबंधित यूनिटें, प्रतिष्ठान और संस्थान भी समीक्षा सूची में शामिल हैं। साथ ही इमारतें, सड़कें और पार्क जिनका नाम ब्रिटिश कमांडरों जैसे सर क्लाउड ओचिन्लेक तथा हरबर्ट किचेनर, के नाम पर रखा गया है उनकी भी समीक्षा होगी।

## दिल्ली पुलिस...

जड़ में चढ़ाया (कोटेड) था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 1,725 करोड़ रुपए है। पुलिस का कहना है कि हेरोइन की खेप भेजने वाला अफगान नागरिक है जो पाकिस्तान में है। इस ड्रग को भेजने वाली कंपनी अफगानिस्तान की है और कंसाइनिंग कंपनी दुबई की है। यह हमारे पड़ोसी देश में स्थित एक बंदरगाह से चला है। इसके पीछे अफगान नागरिक है जिसको गिरफ्तार कर लिया है। हेरोइन को घोल बनाकर तस्करों ने उसे मुलेठी की जड़ों पर लेप लगाकर सुखा दिया था, जिसे भारत में लाने के बाद जड़ों को पानी व रसायन से धोकर निकाला जाना था। कंटेनर से 20 हजार किलो मुलेठी की जड़ें भी बरामद की गई है। हेरोइन की यह खेप तस्करों ने पिछले साल ही कंटेनर में रखकर उसे अफगानिस्तान से वाया ईरान व दुबई होते हुए मुंबई के जवाहर लाल नेहरू बंदरगाह पर मंगवाई थी जो अब तक कंटेनर में ही रखी हुई थी। इसके बाद अन्य जगहों पर भेजी जानी थी। विशेष आयुक्त स्पेशल सेल हर गोविंद सिंह धालीवाल के मुताबिक पांच सितंबर को स्पेशल सेल की टीम ने अफगानी मूल के तस्कर रहीमुल्लाह रहीमी व मुस्तफा को दिल्ली में अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर 312.5 किलो मेथामफेटामाइन और 10 किलो हेरोइन बरामद की थी। रहीमुल्लाह रहीमी व मुस्तफा ने ही पूछताछ में मुंबई के बंदरगाह पर कंटेनर में हेरोइन रखे होने की जानकारी दी थी। इसके बाद डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा, एसीपी ललित मोहन नेगी, ह्दय भूषण, इंस्पेक्टर विनोद बडोला, अरविंद कुमार और एसआई सुंदर गौतम की टीम ने मुंबई पहुंचकर कई हफ्ते तक जांच पड़ताल के बाद हेरोइन की बड़ी खेप को कंटेनर समेत जब्त कर लिया।

## पंजाब समेत...

और अन्य राज्यों में पहुंचनी थी। पिछले महीने गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पर यूएपीए कानून के तहत नार्को टेररिज्म पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## हमेशा हंसाने...

हमेशा आप हमारे दिलों में रहेंगे। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे राजू श्रीवास्तव सर। मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। अभिनेता अक्षय कुमार ने लिखा, राजू भाई आपने जीवनभर हमें हंसाया। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे। द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज के निर्णायक रहे अभिनेता शेखर सुमन ने कहा, राजू बेहद मजाकिया इंसान थे। हम सभी उनको बहुत याद करेंगे। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सहित कई कार्यक्रम में उनकी कला देखने का मौका मिला...। लेखक एवं हास्य कलाकार वरुण ग्रोवर ने उन्हें हिंदी भाषा का पहला हास्य कलाकार बताया। उन्होंने कहा, राजू भाई लखनऊ दूरदर्शन के 1990 के दशक के सबसे बड़े कलाकार थे। रोजमर्रा की मुश्किलों से जूझ रहे लोगों के जीवन में हास्य, उनसे बेहतर तरीके से कोई नहीं ढूंढ सकता था। निर्देशक सुधीर मिश्रा, अभिनेता एवं हास्य कलाकार जावेद जाफरी, अनिल कपूर, निमृत कौर और निर्देशक संजय गुप्ता, सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, फिल्मकार मधुर भंडारकर, हास्य कलाकार नवीन प्रभाकर ने भी राजू श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त किया। मनोरंजन जगत में 1980 के दशक के अंत से सक्रिय राजू श्रीवास्तव को 2005 में स्टैंड-अप कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज के पहले सीजन में भाग लेने के बाद काफी लोकप्रियता मिली थी। उन्होंने मैंने प्यार किया, बाजीगर, बॉम्बे टू गोवा (रीमेक) और आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया जैसी फिल्मों में अभिनय किया। वह बिग बॉस सीजन तीन में नजर आए थे।

# अध्यक्ष गहलोत हों या थरूर, कांग्रेस की कमान राहुल गांधी के हाथों में ही रहेगी: भाजपा


भाषा। नई दिल्ली

**भाजपा** ने अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर कांग्रेस में तेज होती सुगबुगाहटों के बीच विपक्षी दल पर तंज कसते हुए बुधवार को कहा कि भले ही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत या फिर केरल के सांसद शशि थरूर कांग्रेस के अध्यक्ष बनें, लेकिन कमान पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के ही हाथों में होगी। भाजपा प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि वह चाहे गहलोत हों या थरूर, अध्यक्ष के रूप में वह कठपुतली ही होंगे। वडक्कन ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को भ्रष्टाचार जोड़ो यात्रा करार दिया और इसके लिए तर्क दिया कि इसकी शुरुआत द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टू जी सहयोगियों के साथ हुई। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने इस यात्रा का नाम भारत जोड़ो दिया है लेकिन इसका नाम होना चाहिए था



भ्रष्टाचार जोड़ो यात्रा। इसकी शुरुआत कन्याकुमारी से हुई जो तमिलनाडु का हिस्सा है। आप लोगों को याद होगा कि टू जी घोटाले के साझेदार तमिलनाडु से ही थे। मुख्यमंत्री स्टालिन भी यात्रा में गए थे और उन्होंने इसे विशेष महत्व दिया था।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस की यात्रा अब केरल में प्रवेश कर गई है लेकिन पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी दिल्ली की भ्रष्ट आबकारी नीति पर चुप्पी साधे



हुए हैं क्योंकि यह केरल की कांग्रेस नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन सरकार की आबकारी नीति की कॉपी है। किसने किसको क्या सिखाया यह बड़ा प्रश्न है? इसीलिए कांग्रेस की यात्रा भ्रष्टाचार जोड़ो यात्रा है।

गांधी पर भ्रष्टाचार को संस्थागत स्वरूप देने का आरोप लगाते हुए वडक्कन ने कहा कि उन्हें आप सरकार की वापस ले ली गई आबकारी नीति पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए और अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव का उल्लेख करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा, कांग्रेस पार्टी कोई भी तंत्र अपनाए...गहलोत अध्यक्ष बनें या थरूर...वे सिर्फ कठपुतली होंगे। मुख्य कमान तो राहुल गांधी के ही हाथों में होगी, जो पीछे से पार्टी को चलाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल के सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाले व्यक्ति को चुनने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से आरंभ हो जाएगी। अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की जाएगी और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 से 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

## महाराष्ट्र में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नागपुर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एक महिला सहित दो नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों पर कुल छह लाख रुपए का इनाम घोषित था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल ने एक बयान में बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की पहचान गढ़चिरौली निवासी 26-वर्षीय अनिल उर्फ रामसय कुजुर और छत्तीसगढ़ निवासी 30-वर्षीया रोशनी पल्लो के तौर पर की गई है। गोयल ने बताया कि कुजुर पर चार लाख रुपए और पल्लो पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित था। कुजुर मिलिशिया (लड़ाका) सदस्य के तौर पर संगठन में काम कर रहा था। वह वर्ष 2011 में खोब्रामेंधा और गयरापट्टी में हुए हमलों और उसी साल छोटा जेलिया में हुए मुठभेड़ मामले में वांछित था। अधिकारी ने बताया कि पल्लो आत्मसमर्पण करने से पहले नक्सली संगठन में उप कमांडर और मिलिशिया सदस्य के तौर पर कार्य कर रही थी।

# पंजाब के राज्यपाल ने विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का आदेश वापस लिया

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब** के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने विश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की योजना को बुधवार को विफल कर दिया। राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को विशेष सत्र आहूत करने के पिछले आदेश को वापस लेते हुए कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजभवन से संपर्क करने के बाद कानूनी राय मांगी गई थी और सदन के नियमों के अनुसार इसकी अनुमति नहीं है। राजभवन के ताजा आदेश में कहा गया है कि विधानसभा के नियम सिर्फ सरकार के पक्ष में विश्वास मत पारित करने के लिए सत्र बुलाने की अनुमति नहीं देते हैं।

राज्यपाल ने मंगलवार को, 22 सितंबर को विशेष सत्र आहूत करने की अनुमति दी थी। उनके ताजा आदेश के बाद वह अनुमति वापस ले ली गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस फैसले की आलोचना की। मान ने ट्वीट किया, राज्यपाल द्वारा विधानसभा ना चलने देना देश के लोकतंत्र पर बड़े सवाल पैदा करता है... अब लोकतंत्र को करोड़ों लोगों द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि चलाएंगे या केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक व्यक्ति... एक तरफ भीमराव जी का संविधान और दूसरी तरफ ऑपरेशन लोटस... जनता सब देख रही है...

केजरीवाल ने ट्वीट किया, राज्यपाल कैबिनेट द्वारा बुलाए सत्र को कैसे मना कर सकते हैं? फिर तो जनतंत्र खतम है। दो दिन पहले राज्यपाल ने सत्र की इजाज़त दी। जब ऑपरेशन लोटस फ़ेल होता दिखा और संख्या पूरी नहीं हुई तो ऊपर से फ़ोन आया कि इजाज़त वापस ले लो। आज देश में एक तरफ़ संविधान है और दूसरी तरफ़ ऑपरेशन लोटस।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, कांग्रेस के नेता सुखपाल सिंह खैरा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने राज्यपाल से संपर्क करके कहा था कि सिर्फ विश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। पंजाब में आप सरकार ने विश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विशेष सत्र आहूत करने की मांग की थी। इससे कुछ दिन पहले ही आप ने भाजपा पर उसकी सरकार गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

# पार्थ चटर्जी पांच अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में सीबीआई की विशेष अदालत ने बुधवार को प्रदेश के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए उन्हें और तीन अन्य को पांच अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चटर्जी के साथ जिन तीन लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है उनमें पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के पूर्व सचिव अशोक साहा और इसके पूर्व सलाहकार एस पी सिन्हा शामिल है। सीबीआई ने गांगुली को 15 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

केंद्रीय जांच एजेंसी के आग्रह पर यह यह आदेश सीबीआई अदालत ने पारित किया। विशेष अदालत ने जांच एजेंसी के आग्रह पर 16 सितंबर को चटर्जी को बुधवार तक सीबीआई रिमांड में भेज दिया था। एजेंसी ने अदालत से आग्रह किया था कि मामले में चटर्जी से पूछताछ करनी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सीबीआई मामले की जांच कर रहा है।

चटर्जी और उनकी कथित निकट सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। ईडी एसएससी भर्ती घोटाले में कथित वित्तीय हेराफेरी की जांच कर रहा है और इसने मुखर्जी के फ्लैट से 23 जुलाई को छापेमारी के दौरान 49.80 करोड़ रुपए नकद, सोना-चांदी तथा आभूषण, फ्लैट तथा अन्य संपत्तियों के कागजात जब्त किए थे। जांच एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र में कहा है कि नकद समेत जब्ती की कुल कीमत 100 करोड़ रुपए से अधिक है। पूर्व मंत्री इस मामले में भी न्यायिक हिरासत में हैं।

## तमिलनाडु में मुस्लिम व्यक्ति ने तिरुपति मंदिर को दान में दिए एक करोड़ रूपए

**तिरुपति।** चेन्नई में भगवान वेंकटेश को मानने वाले एक मुस्लिम व्यक्ति ने मंदिर को 1.02 करोड़ रूपए का नगद दान दिया है। मंदिर के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि भगवान वेंकटेश के इस मुस्लिम उपासक का नाम अब्दुल गनी है और पिछले तीन दशक में वह वाहन,फर्नीचर तथा नगदी मंदिर में दान देते रहे हैं। गनी मंगलवार को परिवार सहित मंदिर पहुंचे और उन्होंने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 87 लाख रुपए मूल्य का फर्नीचर तथा सामान दान में देने के साथ ही 15 लाख रुपए का चेक दिया। फर्नीचर तथा सामान का मंदिर के वीआईपी गेस्ट हाउस में इस्तेमाल किया जाएगा और नगदी को टीटीडी संचालित श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसाद न्यास उपयोग में लाएगा। यह न्यास आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन आदि की व्यवस्था करता है। 1984 में हैदराबाद के एक मुस्लिम उपासक ने सोने के 108 कमल भेंट किए थे और टीटीडी को इन फूलों को गर्भ गृह में भगवान वेंकटेश के चरणों में समर्पित करने का आग्रह किया था।

# बोम्मई की तस्वीर वाले पेसीएम पोस्टर लगे, जांच के आदेश

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के कई हिस्सों में बुधवार को मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की तस्वीर वाले ऐसे पोस्टर लगाए गए, जिन पर पेसीएम लिखा हुआ था। इसके बाद नाराज बोम्मई ने जांच के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने इसे छद्म अभियान करार देते हुए कहा कि ए न केवल उनकी बल्कि कर्नाटक की छवि भी खराब करते हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह मुझे और कर्नाटक को बदनाम करने की सोची-समझी साजिश है। मैंने संबंधित अधिकारियों को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। हम जांच करवाकर पता लगाएंगे कि इसके पीछे कौन लोग हैं। बोम्मई ने कहा, यह सोशल मीडिया पर बेबुनियाद अभियान है। सब जानते हैं कि इस तरह की चीजें कैसे की जाती हैं। लोग भी जानते हैं कि इस तरह का अभियान कैसे चलाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इसलिए आहत हैं क्योंकि इस तरह के अभियान के कारण उनसे ज्यादा कर्नाटक बदनाम हो रहा है। बोम्मई ने कहा, इसलिए, हमने इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने का फैसला किया है। शहर के




मध्य क्षेत्र में दिखाई दिए ए पोस्टर ऑनलाइन भुगतान ऐप पेटीएम के विज्ञापनों से मिलते-जुलते थे। पोस्टर में बने क्यूआर कोड के बीच में बोम्मई के चेहरे की तस्वीर लगाते हुए लिखा गया था, 40 फीसदी यहां लिया जाता है। सूत्रों के अनुसार, इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर लोग कांग्रेस द्वारा रिश्वतखोरी की शिकायतों के लिए शुरू की गई 40 प्रतिशत सरकार वेबसाइट पर पहुंच जाते हैं। यह घटनाक्रम कांग्रेस द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे आक्रामक अभियान के बीच हुआ है। पार्टी ने राज्य सरकार पर सार्वजनिक ठेके देने और सरकारी पदों पर भर्ती में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

ठेकेदारों के एक संगठन ने हाल में आरोप लगाया था कि उन्हें लोक निर्माण से जुड़े ठेके हासिल करने के लिए 40 प्रतिशत कमीशन देना होता है। सरकार ने इस आरोप को पूरी तरह खारिज कर दिया। अधिकारियों को घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही शहर से संबंधित पोस्टर हटा दिए गए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की करतूत है।

# साक्ष्य गढ़ने के मामले में एसआईटी ने तीस्ता सीतलवाड़, दो अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

भाषा। अहमदाबाद

● पूर्व आईपीएस अधिकारी से वकील बने राहुल शर्मा को भी इस मामले में गवाह बनाया गया है

**विशेष जांच** दल (एसआईटी) ने 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े मामलों के सिलसिले में कथित तौर पर साक्ष्य गढ़ने को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में तीस्ता सीतलवाड़, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक आर.बी. श्रीकुमार और पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट के खिलाफ बुधवार को आरोपपत्र दाखिल किया। जांच अधिकारी एवं सहायक पुलिस आयुक्त बी.वी. सोलंकी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यहां मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी से वकील बने राहुल शर्मा को भी इस मामले में गवाह बनाया गया है। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 194 (मौत की सजा दिलाने के लिए दोषसिद्धि के इरादे से झूठे सबूत देना या गढ़ना) और 218 (लोक सेवक द्वारा लोगों को सजा से बचाने के इरादे से गलत जानकारी दर्ज करना) समेत अन्य प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। जून के अंतिम सप्ताह में गिरफ्तार सीतलवाड़ को उच्चतम न्यायालय के दो सितंबर के आदेश के बाद अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया गया था। वहीं, श्रीकुमार इस मामले में जेल में बंद हैं जबकि तीसरा आरोपी भट्ट पालनपुर की जेल में है, जहां वह हिरासत में मौत के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है।



थाणे में महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकाली बाइक रैली।

# द्रमुक नेता ए. राजा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में भाजपा पदाधिकारी गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद ए राजा और पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित रूप से अपशब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में भाजपा के जिलाध्यक्ष उत्तमरामासामी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। ए राजा की हाल ही में हिंदुओं के खिलाफ की गई एक टिप्पणी से विवाद उठ गया था। पुलिस के अनुसार, हिंदू मुन्नानी द्वारा आयोजित एक बैठक में उत्तमरामासामी ने समाज सुधारक पेरियार ईवी रामासामी के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की। साथ ही उन्होंने ए. राजा के लिए कथित तौर पर अपशब्दों का इस्तेमाल किया। पेरियार कार्यकर्ताओं की शिकायत के आधार पर पुलिस बुधवार को सुबह भाजपा नेता को मामले के संबंध में पूछताछ के लिए पीलामेडु थाने ले गई।

उक्त घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। जिला अध्यक्ष की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और अवनाशी रोड पर धरना दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ए. राजा की गिरफ्तारी की भी मांग की। पूछताछ के बाद उत्तमरामासामी को गिरफ्तार किया गया। एक स्थानीय अदालत ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उधर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश में पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा का पुतला फूंका। पुलिस ने बताया कि भाजपा नेता के खिलाफ आईपीसी की धारा-153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना) सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई, पार्टी की महिला मोर्चा अध्यक्ष और विधायक वनथी श्रीनिवासन और पार्टी के कृषि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जी. के. नागराज ने उत्तमरामासामी की गिरफ्तारी की निंदा की।

# हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन को नियंत्रित करता है उनका सहयोगी पंकज मिश्रा: ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दावा किया कि धन शोधन से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार पंकज मिश्रा को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, क्योंकि वह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राजनीतिक प्रतिनिधि है और उनके विधानसभा क्षेत्र में संचालित कथित अवैध खनन गतिविधियों को अपने सहयोगियों के जरिए नियंत्रित करता है। ईडी ने रांची की विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत में मिश्रा और उसके दो सहयोगियों-बच्चू यादव व प्रेम प्रकाश के खिलाफ 16 सितंबर को एक आरोप पत्र दाखिल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान जारी कर बताया कि विशेष अदालत ने 20 सितंबर को आरोप पत्र और अभियोजन पक्ष की शिकायत का संज्ञान लिया। सोरेन झारखंड के साहिबगंज जिले की बरहैट विधानसभा सीट से विधायक हैं।

ईडी ने बयान में आरोप लगाया, पीएमएलए जांच से खुलासा हुआ है कि पंकज मिश्रा, जिसे मुख्यमंत्री और बरहैट के विधायक का प्रतिनिधि होने के नाते राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, अपने सहयोगियों के माध्यम से साहिबगंज और उसके आसपास के क्षेत्रों में अवैध खनन कारोबार और क्षेत्रीय नौका परिवहन सेवाओं को नियंत्रित करता है। जांच एजेंसी ने कहा, वह (मिश्रा) साहिबगंज में विभिन्न खनन स्थलों पर स्टोन चिप्स और बोल्डर के खनन के साथ-साथ विभिन्न क्रशर के संचालन से जुड़े मामलों में अच्छा-खासा नियंत्रण रखता है।

पंकज मिश्रा द्वारा अवैध गतिविधियों से अर्जित लगभग 42 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति की पहचान की गई है। ईडी द्वारा गिरफ्तार पंकज मिश्रा, बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। जांच एजेंसी ने कहा कि उसने राज्य में अब तक अवैध खनन से अर्जित लगभग एक हजार करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों की पहचान की है। ईडी के मुताबिक, धन शोधन से जुड़े इस मामले के सिलसिले में 47 तलाशी अभियान चलाए गए, जिनमें 5.34 रुपए की नकदी, 13.32 करोड़ रुपए बैंक जमा राशि, 30 करोड़ रुपए मूल्य की नाव, पांच स्टोन क्रशर और दो ट्रक जब्त किए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, छापेमारी में दो एके-47 राइफल भी बरामद हुए हैं, जिन्हें बाद में झारखंड पुलिस ने अपना बताया था। ईडी की जांच तब शुरू हुई थी, जब एजेंसी ने अवैध खनन और जबरन वसूली के कथित मामलों को लेकर आठ जुलाई को झारखंड के साहिबगंज, बरहैट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा इलाके में मिश्रा और उसके कथित सहयोगियों के 19 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने मार्च में मिश्रा और अन्य के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी शुरू की थी। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया गया था कि मिश्रा ने अवैध रूप से बड़े पैमाने पर संपत्ति हड़पी या अर्जित की है।

# सौगत रॉय ने पार्थ चटर्जी पर कुलपति की प्रतिष्ठा धूमिल करने का लगाया आरोप

**कोलकाता।** शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में सीबीआई द्वारा नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी (एनबीयू) के कुलपति सुबीरेश भट्टाचार्य की गिरफ्तारी के मद्देनजर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद सौगत रॉय ने बुधवार को अपने निलंबित पार्टी सहयोगी पार्थ चटर्जी पर कुलपति के पद की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। रॉय ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि भट्टाचार्य की किस विशेष योग्यता के चलते उच्च शिक्षा विभाग ने उन्हें कई पदों के लिए चुना जिनमें स्कूल सेवा आयोग की अध्यक्षता से लेकर... एनबीयू के कुलपति का वर्तमान पद भी शामिल है। तृणमूल के वरिष्ठ नेता ने कहा, भट्टाचार्य की हमारी पार्टी के प्रति कोई निष्ठा भी नहीं रही है। वह निश्चित ही किसी एक व्यक्ति के प्रति निष्ठावान रहे होंगे। मैं समझता हूं कि पार्थ चटर्जी की वजह से पार्टी बड़ी असहज स्थिति में है।

भट्टाचार्य कलकत्ता विवि सीनेट समिति के सदस्य तथा यहां श्यामाप्रसाद कॉलेज के प्राचार्य भी थे। इन पदों से उन्होंने इस्तीफा भी नहीं दिया। रॉय ने सवाल किया, उनकी ऐसी कौन सी महान योग्यता थी कि एक ही व्यक्ति कई पदों पर होना चाहिए? भट्टाचार्य की गिरफ्तारी पर अपनी पीड़ा प्रकट करते हुए रॉय ने कहा, कोई कुलपति जेल की सलाखों के पीछे है।

ऐसी घटनाएं कुलपति की प्रतिष्ठा को गिराती हैं। रॉय की प्रतिक्रिया पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, रॉय पूरा आरोप एक या दो व्यक्तियों पर डालने की चेष्टा कर रहे हैं। लेकिन उससे वे और पार्टी के अन्य दिग्गज अध्यापन की नौकरी के लिए उन हजारों हकदार प्रत्याशियों के साथ की गई नाइंसाफी (के दोष) से नहीं बच पाएंगे जो शहर में प्रदर्शन कर रहे हैं। माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य सुजान चक्रवर्ती ने भी पलटवार किया। उन्होंने कहा, सीबीआई द्वारा कुलपति की गिरफ्तारी किए जाने के बाद पूरे देश में बंगाल की प्रतिष्ठा गिर गई है।

# राजू के पैतृक आवास पर प्रशंसकों और दोस्तों का उमड़ा हुजूम

● हास्य कलाकार का दिल्ली के एम्स में हुआ निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

भाषा। कानपुर

**दिल्ली में** कामेडी किंग राजू श्रीवास्तव के निधन की खबर मिलते ही यहां उनके किदवई नगर स्थित पैतृक आवास पर उनके दोस्तों और रिश्तेदारों का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रीवास्तव की मृत्यु की खबर आने के तुरंत बाद, उनके दोस्त, रिश्तेदार और प्रशंसक किदवई नगर स्थित उनके आवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे। राजू के परिजन यहीं रहते हैं। श्रीवास्तव के करीबी दोस्त संजय बाजपेई ने बताया कि वह हाल ही में अपने दोस्त के स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) गए थे और वहां तीन दिनों से अधिक समय तक रहें। बाजपेई ने कहा कि उन्हें परिवार द्वारा सूचित किया गया




है कि उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजू श्रीवास्तव की पत्नी शिखा, बेटा आयुष्मान और बेटी अंतरा एम्स में थे और उन्होंने फैसला किया है कि बृहस्पतिवार सुबह दिल्ली में अंतिम संस्कार किया जाएगा। कानपुर में बचपन के दोस्तों में से एक श्याम शुक्ला ने राजू को याद करते हुए कहा कि 58 साल की उम्र में श्रीवास्तव के निधन से उन्हें बेहद दुख हुआ। शुक्ला ने कहा, हम बचपन से दोस्त रहे हैं। इतना मशहूर होने के बावजूद वह बहुत जमीन से जुड़े थे। जब भी वह कानपुर आते थे तो सभी से मिलते थे। शुक्ला ने कहा कि उन्हें परिवार से फोन पर सूचना दी गई कि राजू अब नहीं रहे। उन्होंने कहा कि यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण खबर थी क्योंकि वह उनके स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे थे। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव मूल रूप से कानपुर रहने वाले थे और 1982 में मुंबई गए थे। राजू श्रीवास्तव का स्वास्थ्य एक महीने से अधिक समय से खराब था और दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था, जहां उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था।

## अमिताभ बच्चन को भगवान मानते थे राजू श्रीवास्तव

● आज भी घर में संजोकर रखा है उनका हस्ताक्षर

**मुंबई।** मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की जिंदगी में अगर कोई सबसे खास व्यक्ति था, तो वह शायद अमिताभ बच्चन थे। बच्चन की वजह से ही वह मुंबई आए, हास्य कला की दुनिया में खुद को स्थापित किया और उनका हस्ताक्षर आज भी श्रीवास्तव के घर में संजोकर रखा गया है। राजू श्रीवास्तव का बुधवार को दिल्ली के एक अस्पताल में 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्रीवास्तव के भाई दीपू ने कहा कि बच्चन उनके लिए भगवान थे। अपने गृहनगर कानपुर के एक सिनेमाघर में बच्चन की फिल्म देखते-देखते बड़े हुए श्रीवास्तव ने अभिनेता



के साथ अपनी समानता पर गौर किया और फिर उनकी नकल करने लगे। साल 1982 में जब कुली फिल्म की शूटिंग के दौरान बच्चन को भीषण चोट लगी तब महज 18 वर्ष की आयु में श्रीवास्तव मुंबई पहुंच गए। वह बच्चन की एक झलक पाना चाहते थे। श्रीवास्तव को बच्चन की झलक देखने को नहीं मिली तो वह ब्रीच कैंडी अस्पताल में ताक लगाए बैठी भीड़ में शामिल हो गए, जहां बच्चन भर्ती थे। श्रीवास्तव के भाई दीपू ने कहा, राजू भाई रोजाना अस्पताल के बाहर खड़े हो जाते और बच्चन जी के लिए कामना करते। वह अमिताभ बच्चन जी को देखने आए थे क्योंकि वह उन्हें भगवान मानते थे। बच्चन ठीक होकर सेट पर लौट गए। और श्रीवास्तव ने यहीं रहकर मनोरंजन उद्योग में करियर बनाने का फैसला किया, जिसने उनका जीवन बदल दिया। बाद के वर्षों में भी श्रीवास्तव का बच्चन के प्रति यह लगाव बरकरार रहा। दीपू ने बताया कि श्रीवास्तव के घर में आज भी एक तय जगह पर बच्चन का हस्ताक्षर संजोकर रखा हुआ है। उन्होंने कहा, राजू भाई किसी भी शो के लिए जाने से पहले उनसे आशीर्वाद लेते थे।

# भारत-अमेरिका के समान लक्ष्य व हित: जितेंद्र सिंह

भाषा। वाशिंगटन



**विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के समान लक्ष्य और हित हैं, जो दोनों देशों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। सिंह ने अमेरिकी वैज्ञानिक समुदाय व उद्यमियों से स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा व अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अपने भारतीय समकक्षों के साथ काम करने का आग्रह किया। अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू द्वारा मंगलवार को इंडिया हाउस में उनके सम्मान में आयोजित एक स्वागत समारोह में सिंह ने कहा, हमारे एक समान लक्ष्य हैं। इसलिए हम एक जैसी स्थिति में हैं, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती भी है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में पहले की तुलना में कहीं अधिक बेहतर माहौल प्रदान किया है। इस समारोह में कई सांसदों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक समुदाय के सदस्यों और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। मंत्री ने कहा कि भारत में अब एक ऐसी सरकार है, जिसके प्रमुख के पास लीक से हटकर सोचने और वर्जनाओं को तोड़ने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष, भू-स्थानिक आदि दोनों देशों के साथ-साथ काम करने के लिए कुछ उचित क्षेत्र हैं। सिंह ने कहा, आप इस बात की सराहना करेंगे कि कई वर्षों बाद अंतरिक्ष विभाग को संयुक्त पहल, संयुक्त उद्यम और सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। हम अंतरराष्ट्रीय निवेश की भी उम्मीद कर रहे हैं ..। राजदूत संधू ने भी अपने भाषण में शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-अमेरिका संबंधों को रेखांकित किया। संधू ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के संबंधों को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## एक मजबूत भारत का मतलब एक मजबूत अमेरिका : अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के तीन प्रभावशाली सांसदों ने कहा है कि एक मजबूत भारत का मतलब एक मजबूत अमेरिका है। उन्होंने ऐसे समय में विश्व के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई है, जब दुनिया कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अमेरिकी सांसदों ने भारत के केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह के सम्मान में वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित एक भोज में यह टिप्पणी की। विज्ञान, अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी समिति की उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सांसद हैली स्टीवन्स ने कहा, मेरा मानना है कि एक मजबूत भारत का मतलब एक मजबूत अमेरिका है। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन से लेकर महामारी तक जटिल वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहे बड़े भौगोलिक क्षेत्र वाले दो लोकतांत्रिक देशों के रूप में हमारी दुर्दशाअ चुनौतियां जिन्हें हम अवसरों में बदल सकते हैं, चुनौतियां जो उद्यमशीलता के अवसर पैदा करती हैअ चुनौतियां जो हमें एक साथ आने के लिए बाध्य करती है। इसलिए मैं भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रिश्तों में यकीन करती हूं। वहीं, सांसद जैरी मैक्नर्नी ने कहा कि जो व्यक्ति भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों की अहमियत को नहीं देख सकता, वह दृष्टिहीन है। सांसद डेबोरा रॉस ने भी भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की वकालत की। रॉस सदन की विज्ञान, अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी समिति के अलावा न्यायिक समिति की भी सदस्य है।


## वेस्ट बैंक में होने वाली झड़पों को रोकने के लिए फलस्तीन में संघर्ष विराम

**नाबलुस (वेस्ट बैंक)।** वेस्ट बैंक शहर में हिंसक झड़पों पर रोक लगाने के लिए फलस्तीनी सुरक्षा बलों एवं आतंकवादियों के बीच बुधवार को सहमति जताई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हिंसा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थित फलस्तीनी नेतृत्व के प्रति गहरे मोहभंग को उजागर किया। फलस्तीनी सुरक्षा बलों ने स्थानीय आतंकवादियों की गिरफ्तारी के लिए उनके खिलाफ की गई कार्वाई की जिसके बाद यह झड़प शुरू हुई। दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी हुई और स्थानीय लोगों ने एक बख्तरबंद जीप पर विभिन्न वस्तुएं फेंकी और उसे खदेड़ दिया। इसमें एक व्यक्ति के मारे जाने की सूचना है। पुलिस ने कहा कि बुधवार को भी तेल अवीव में 84 वर्षीय इस्राइली महिला की हत्या के संदिग्ध एक फिलीस्तीनी व्यक्ति का शव लटका मिला। नाबलुस में व्याप्त अशांति से फलस्तीनी नेतृत्व के खिलाफ गहरी अलोकप्रियता सामने आई है।

# रक्षा सहयोग पर एमओयू से भारत-मिस्त्र संबंध ऐतिहासिक ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे: राजनाथ सिंह

**● रक्षा मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व अपने समकक्ष से कीं महत्वपूर्ण चर्चाएं**

भाषा। काहिरा



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को मिस्र की अपनी यात्रा को अत्यंत लाभप्रद बताते हुए विश्वास जताया कि दोनों पक्षों के बीच रक्षा सहयोग पर सहमति-पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर से भारत-मिस्र की साझेदारी ऐतिहासिक ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। सिंह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस अरब देश की तीन दिन की यात्रा पर यहां आए थे। उन्होंने बुधवार को ट्वीट किया, मिस्र की अत्यंत लाभप्रद यात्रा हाल में समाप्त हुई। मैं राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी और मेरे समकक्ष जनरल (मोहम्मद) जकी को गर्मजोशी से स्वागत करने और व्यापक चर्चा के लिए शुक्रिया अदा करता हूं। मुझे विश्वास है कि रक्षा सहयोग पर सहमति-पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने से हमारी साझेदारी ऐतिहासिक ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

सिंह ने मेजबान देश के अधिकारियों से विदा लेते हुए अपनी कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और विस्तार देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए तथा संयुक्त अभ्यास बढ़ाने पर आम-सहमति व्यक्त की। सिंह ने सोमवार को मिस्र के रक्षा मंत्री जनरल मोहम्मद जकी से व्यापक चर्चा की थी। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट किया था, मिस्र के रक्षा मंत्री जनरल मोहम्मद जकी के साथ काहिरा में शानदार मुलाकात हुई। द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और विस्तारित करने के लिए कई पहल पर हमने व्यापक चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि दोनों पक्षों ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने के कदमों पर चर्चा की और संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण के लिए कर्मियों के आदान-प्रदान, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के संबंध में आम सहमति पर पहुंचे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सही कहा था यह युद्ध का समय नहीं : मैक्रों

भाषा। सुंयक्त राष्ट्र



**फ्रांस** के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक सत्र में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा था कि यह युद्ध का वक्त नहीं है और उनकी यह बात एकदम सही थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इस सत्र में दुनियाभर के नेताओं ने हिस्सा लिया। मोदी ने हाल ही में उज्बेकिस्तान के समरकंद में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन से मुलाकात की थी और कहा था कि आज युद्ध का युग नहीं है। इसके अलावा, मोदी कई बार पुतिन से फोन पर युद्ध के संबंध में बातचीत कर चुके हैं। इस दौरान वह लोकतंत्र, कूटनीति और बातचीत के महत्व के रेखांकित कर चुके हैं। मैक्रों ने अपने संबोधन में कहा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। यह पश्चिम से बदला लेने और उसे पूर्व के खिलाफ खड़ा करने का समय नहीं है। यह वक्त है कि हम सभी संप्रभु राष्ट्र हमारे समक्ष मौजूद चुनौतियों का एकजुट होकर मुकाबला करें। उन्होंने कहा, इसीलिए उत्तर और दक्षिण के बीच नए समझौतों की सख्त जरूरत है। एक ऐसा समझौता, जो खाद्यान्न, शिक्षा और जैव विविधता के क्षेत्र में हो। यह सोच को सीमित करने का नहीं, बल्कि साझा हितों के लिए खास कार्वाई करने के वास्ते गठबंधन बनाने का है। समरकंद में पुतिन ने मोदी से कहा था कि वह यूक्रेन में जारी संघर्ष को लेकर अपनी स्थिति और उन चितांओ के बारे में अच्छी तरह से वाकिफ हैं, जिनके संबंध में मोदी अक्सर बात करते हैं।



द वेटीकन में सेंट पीटर्स स्कवायर पर बुधवार को पोप फ्रांसिस जनता से मिलते हुए

# चीन ने ताइवान के प्रति रुख नरम किया, शांतिपूर्ण विलय की बात की

भाषा। बीजिंग

**चीन** ने ताइवान के प्रति अपने रुख को नरम करते हुए बुधवार को कहा कि स्वशासित द्वीप का चीन के अधीन आना निश्चित है लेकिन वह इसे शांतिपूर्ण तरीके से करने का प्रयास करेगा। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन ने हाल में बयान दिया था कि अगर चीन, ताइवान पर हमला करता है तो उनका देश स्वशासित द्वीप की रक्षा करेगा। एक दिन पहले ही अमेरिकी और कनाडड घप युद्धपोत ताइवान जलडमरु मध्य से गुजरे थे, जिसके बाद चीन की ओर से यह बयान आया है। चीन द्वारा ताइवान के खिलाफ ताकत के इस्तेमाल करने को लेकर बढ़ रही चिंता के बारे में पूछे जाने पर ताइवान मामले के सरकारी प्रवक्ता मा शिआओगुआंग ने कहा, मैं दोहराना चाहता हूं... हम पूरी गंभीरता और ईमानदारी से शांतिपूर्ण एकीकरण की कोशिश करने के इच्छुक हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 1949 के गृहयुद्ध में चीन और ताइवान अलग हो गए थे एवं मुख्य भूमि पर कम्युनिस्ट पार्टी का कब्जा हो गया था जबकि ताइवान पर प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रवादियों ने अपनी सरकार बनाई। ताइवान मुद्दे पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान मा ने अपने जवाब में ताकत शब्द का इस्तेमाल नहीं किया, जैसा कि पूर्व में वह कहते थे। उन्होंने कहा कि ताइवान या उसके अंतरराष्ट्रीय समर्थकों द्वारा किसी उकसावे की कार्वाई करने पर चीन ठोस कदम उठाएगा। मा ने कहा कि चीन ताइवान की मदद करने के लिए और नीतियों को लागू करेगा, चीन के साथ एकीकरण के लाभ को रेखांकित करेगा और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा, मातृभूमि को एकीकृत होनी चाहिए और (यह)निश्चित तौर पर एकीकृत होगी। यह ऐतिहासिक परिपाटी है, जिसे कोई रोक नहीं सकता।

# कारोबार के ऐसे किसी तरीके की इजाजत नहीं दे सकते जिसका सत्यापन न हो सके: सेबी प्रमुख

भाषा। मुंबई

**भारतीय** प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) की चेयरमैन माधवी पुरी बुच ने बुधवार को कहा कि कारोबार करने का कोई भी ऐसा तरीका जो ब्लैक बॉक्स पर आधारित है और जिसका न तो लेखा परीक्षण किया जा सकता है और न ही सत्यापन किया जा सके, उसकी इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि डेटा सार्वजनिक अवसंरचना है और इसे अपने अधिकार में लेने का किसी भी निजी इकाई या व्यक्ति का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्लैक बॉक्स एक उपकरण या प्रणाली है, जो अपने आतंरिक कामकाज के बारे में कोई खुलासा किए बिना उपयोगी जानकारी देता है। इसके निष्कर्षों के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं रहता है।बुच ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को संबोधित करते हुए कहा, हम एल्गो (एल्गोरिदम) ट्रेडिंग के समर्थन में या विरोध में नहीं हैं, बशर्ते पर्याप्त पारदर्शिता और खुलासे हों। कारोबारी मॉडल ब्लैक बॉक्स पर आधारित नहीं हो सकते हैं...इसलिए ऐसा कोई भी दावा जिसका लेखा परीक्षण या सत्यापन नहीं हो सके उसकी इजाजत नहीं दी जाएगी। ऐसी खबरें आई थीं कि बाजार नियामक एल्गो ट्रेडिंग के खिलाफ कार्वाई कर सकता है। वहीं, कुछ ब्रोकरों ने एनएसई के शीर्ष अधिकारियों के साथ मिलीभगत में एल्गो ट्रेडिंग का दुरुपयोग भी किया था। इस महीने की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों को एल्गो ट्रेडिंग से संबंधित सेवाएं देने वाले ब्रोकरों के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे। दरअसल, सेबी ने पाया था कि कुछ शेयर ब्रोकर नियमन के दायरे से बाहर मंचों के जरिए एल्गोरिदम (एल्गो) आधारित कारोबार की सुविधा निवेशकों को दे रहे हैं। सेबी ने एक परिपत्र में कहा था कि ए मंच निवेशकों को कारोबार के स्वचालित निष्पादन के लिए एल्गोरिदम ट्रेडिंग सेवाएं या रणनीति उपलब्ध करा रहे हैं। ऐसी सेवाओं और रणनीतियों का निवेश पर उच्च रिटर्न के दावों के साथ विपणन किया जा रहा है।इसको देखते हुए सेबी ने ऐसे शेयर ब्रोकरों के लिए कुछ जिम्मेदारी तय की है।एल्गोरिदम ट्रेडिंग सेवाएं देने वाले ब्रोकरों को पूर्व के या भविष्य के रिटर्न को लेकर कोई भी संदर्भ देने से मना किया गया है। साथ ही ऐसे किसी भी मंच से संबद्ध होने से प्रतिबंधित कर दिया गया है जो एल्गोरिदम के पहले के या भविष्य के लाभ के बारे में कोई संदर्भ देता है। इसमें कहा गया है, जो शेयर ब्रोकर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एल्गोरिदम के पिछले या भविष्य के रिटर्न या प्रदर्शन के बारे में जानकारी देते हैं या इस प्रकार की जानकारी देने वाले मंच से जुड़े हैं, वे सात दिन के भीतर उसे वेबसाइट से हटा देंगे और इस तरह के संदर्भ प्रदान करने वाले मंच से खुद को अलग कर लेंगे।

# अडाणी समूह ने अंबुजा सीमेंट्स, एसीसी में 13 अरब डॉलर की हिस्सेदारी गिरवी रखी

**● डॉयच बैंक एजी की हांगकांग शाखा को सौंपा**

भाषा। नई दिल्ली

**अडाणी** समूह ने अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी में 13 अरब डॉलर मूल्य की अपनी पूरी हिस्सेदारी गिरवी रख दी है। समूह ने दोनों कंपनियों का 6.5 अरब डॉलर में कुछ दिन पहले ही अधिग्रहण पूरा किया था। शेयर बाजारों को मंगलवार को बताया गया कि उद्योगपति गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले समूह ने अंबुजा सीमेंट्स में अपनी 63.15 प्रतिशत हिस्सेदारी और एसीसी में 56.7 प्रतिशत हिस्सेदारी (जिसमें से 50 प्रतिशत अंबुजा के पास है) को डॉयच बैंक एजी की हांगकांग शाखा को सौंप दिया है। कंपनी ने कहा कि यह कुछ उधारदाताओं और अन्य वित्त सहयोगियों के फायदे के लिए है। अडाणी समूह की अगले पांच वर्षों में सीमेंट विनिर्माण क्षमता को दोगुना कर 14 करोड़ टन करने की योजना है। अडाणी ने मॉरीशस स्थित विशेष उद्देश्य इकाई एंडेवर ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (ईटीआईएल) के माध्यम से इन दो कंपनियों का अधिग्रहण किया है। अडाणी समूह ने पिछले हफ्ते 6.5 अरब डॉलर में अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी के अधिग्रहण को पूरा करने की घोषणा की थी। इसमें दो कंपनियों में स्विस प्रमुख होल्सिम की हिस्सेदारी की खरीद और बाद में शेयरधारकों को खुली पेशकश शामिल है।गौतम अडाणी ने इस सप्ताह की शुरुआत में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा था कि उनके समूह की सीमेंट निर्माण क्षमता को दोगुना करने और देश में सबसे अधिक लाभदायक विनिर्माता बनने की योजना है। बीएसई पर अंबुजा सीमेंट्स का शेयर मंगलवार को 574.10 रुपए और एसीसी लिमिटेड का शेयर 2,725.70 रुपए पर बंद हुआ था।

# फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले सेंसेक्स 263 अंक टूटा

भाषा। मुंबई



**अमेरिकी** केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर निर्णय से पहले वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बुधवार को स्थानीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 262.96 अंक या 0.44 प्रतिशत टूटकर 59,456.78 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 444.34 अंक या 0.74 प्रतिशत फिसलकर 59,275.40 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.90 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,718.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सबसे अधिक 3.19 प्रतिशत टूट गया। इसके अलावा पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, डॉ. रेड्डीज, टीसीएस और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडिया और एचडीएफसी बैंक लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा से पहले विश्वभर के बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है। वहीं यूक्रेन में रूस के बलों की तैनाती से भूराजनीतिक तनाव बढ़ा है और मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका भी बढ़ी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट आई। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 2.38 प्रतिशत चढ़कर 92.78 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को ।,196.19 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# मंत्रिमंडल ने सौर पीवी मोड्यूल के लिए 19,500 करोड़ रुपए की पीएलआई योजना को मंजूरी दी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में उच्च दक्षता के सौर पीवी मॉड्यूल के विनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के उच्च दक्षता के सौर पीवी मॉड्यूल्स पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए 19,500 करोड़ रुपए के व्यय के साथ पीएलआई योजना (दूसरा चरण) के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से करीब 94,000 करोड़ रुपए का निवेश आएगा। इस पहल का मकसद।,000 मेगावॉट क्षमता के उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल्स के विनिर्माण की क्षमता प्राप्त करना है।

उच्च दक्षता के सौर पीवी मॉड्यूल पर राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के विनिर्माण के लिए एक परिवेश तैयार करना और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आयात निर्भरता को कम करना है। साथ ही यह आत्मनिर्भर भारत पहल को मजबूत करेगा और रोजगार पैदा करेगा बयान के अनुसार, पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से सोलर पीवी विनिर्माताओं चुना जाएगा। सौर फोटोवोल्टिक विनिर्माण संयंत्रों के चालू होने के बाद घरेलू बाजार से उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल की बिक्री पर प्रोत्साहन स्वरूप पांच साल के लिए पीएलआई का वितरण किया जाएगा।

इसमें कहा गया है कि योजना से प्रत्यक्ष रूप से करीब 94,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा। साथ ही ईवीए, सौर ग्लास आदि जैसी अन्य सामाग्रियों की विनिर्माण क्षमता सृजित होगी। इसके अलावा इससे प्रत्यक्ष रूप से।,95,000 तथा परोक्ष रूप से 7,80,000 रोजगार सृजित होंगे। इससे करीब 1.37 लाख करोड़ रुपए के आयात में कमी आने का अनुमान है। इसके अलावा सौर पीवी मॉड्यूल में दक्षता में सुधार के लिए अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

## सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले विनिर्माण योजना में संशोधन को मिली हरी झंडी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने की योजना में संशोधन को दी मंजूरी है। इसके तहत सेमीकंडक्टर फैब के लिए 50 प्रतिशत प्रोत्साहन की पेशकश की जाएगी। सूचना एवं प्रसारण व खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला किया गया कि भारत में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना की योजना के तहत सभी प्रौद्योगिकी नोड्स के लिए पूंजीगत व्यय के 50 प्रतिशत के बराबर वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसी तरह डिस्प्ले फैब परियोजना के लिए भी 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का फैसला किया गया है। भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने की योजना ने कई वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों को आकर्षित किया है। संशोधित योजना से सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। संभावित निवेशकों से चर्चा के आधार पर उम्मीद है कि जल्द ही पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र को स्थापित करने का काम शुरू हो जाएगा।

## राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति का उद्देश्य परिवहन की लागत को कम करना और देश में वस्तुओं की आपूर्ति को बिना किसी रुकावट के बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति पेश की थी। उन्होंने इस नीति को पेश करते कहा था कि हमें कारोबार की मौजूदा लॉजिस्टिक लागत को 13-14 प्रतिशत से घटाकर जल्द से जल्द उसे एक अंक यानी 10 प्रतिशत से नीचे लाना चाहिए। इस नीति में लॉजिस्टिक क्षेत्र के लिए विस्तृत रूपरेखा तय करने के साथ बहु-साधन परिवहन जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। नीति के तहत प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित, नियामकीय ढांचे, कौशल विकास और प्रौद्योगिकियों के जरिए लॉजिस्टिक सेवाओं और मानव संसाधन में दक्षता लाने का लक्ष्य रखा गया है।

# जीसीसी देशों को भारत का निर्यात 2021-22 में 44 प्रतिशत बढ़ा: फियो

भाषा। दुबई

**खाड़ी** सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों को भारत का निर्यात 2021-22 में सालाना आधार पर 44 प्रतिशत बढ़कर लगभग 43.9 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 27.8 अरब डॉलर था। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) ने यह जानकारी देते हुए कहा कि निर्यात में 68 प्रतिशत वृद्धि के साथ खाड़ी देशों में यूएई शीर्ष पर रहा। फियो ने बताया कि भारत के दूसरे सबसे बड़े व्यापार साझेदार और निर्यात के लिहाज से सबसे बड़े साझेदार यूएई को निर्यात बीते वित्त वर्ष में बढ़कर 28 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2020-21 में 16.7 अरब डॉलर था। जीसीसी की स्थापना मई, 1981 में हुई थी। इसके सदस्य सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर और यूएई हैं। फियो ने बयान में कहा कि जीसीसी को कागज और संबद्ध उत्पादों का निर्यात 2021 में 63.8 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया। इसमें यूएई की हिस्सेदारी 38.6 करोड़ डॉलर रही। फियो के महानिदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय सहाय ने कहा, वित्त वर्ष 2021-22 में जीसीसी को हमारा निर्यात प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। यूएई के अलावा, हमारा निर्यात सऊदी अरब में 49 प्रतिशत, ओमान में 33 प्रतिशत, कतर में 43 प्रतिशत, कुवैत में 17 प्रतिशत और बहरीन में 70 प्रतिशत बढ़ा। कागज उद्योग के मामले में भारत की जीसीसी में 16 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है और इसे 2027 तक बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। भारत और यूएई ने इस साल फरवरी में सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) पर हस्ताक्षर किए थे, जो एक मई, 2022 को लागू हुआ।

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार धीरेंदर शर्मा, खसरा संख्या 751 में से 160 वर्ग गज का आवासीय भूखंड क्षेत्र।,ग्राम छपरौला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी. के मलिक है तथा डी एम आइ हाउसिंग फाइनान्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है. तथा धीरेंदर शर्मा, के पास प्रापर्टी से संबंधित कागजात, मूल 1. श्रीमती रमेश देवी और श्रीमती रेणु के पक्ष में बिक्री विलेख, 2. श्री ब्रह्म के पक्ष में बिक्री विलेख का पंजीकरण विवरण। यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय अनिल कुमार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे..
एडेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही-७५. म. ९८९९०१३९१८

PUBLIC NOTICE
To be known to all that **I, Manju Jain S/D/W/O Shri D.C.Jain R/o SFS Flat No. 8049,Ground Floor,CAT-III,Pocket-11, Sector-B, Vasant Kunj, New Delhi-110070.** Submission of document in respect of property bearing Ref. no. F-126 (6100) 83/SFS /VK/III.The Original Documents **Allotment Letter,last & final Demand Letter, Possession Letter, site Possession letter with encloures, NOC for Water & Electricity Connection, Conveyence Deed** of the above said property has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P.S. Crime Branch, Delhi vide LR NO. 81368/2022.So No. 430/2014 Delhi Police. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone:838386763.The person claiming any right, interest objections with respect to this property can personally inform or write to: **The Assistant Director (SFS III) Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

# काशी में गंगा फिर उफान पर, डूबे घाट

## दाह संस्कार में आ रही है भारी दिक्कत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**वाराणसी** में गंगा एक बार फिर ऊफान पर है। पानी में बढ़ाव का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक बुधवार सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 66.27 सेंटीमीटर तक पहुंच गया था। सुबह के वक्त जलस्तर एक सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है। अनुमान है कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश और गंगोत्री नदी में हुए जल वृद्धि के कारण काशी में भी देर रात पानी बढ़ा। इधर, गंगा और वरुणा में तीसरी बार बाढ़ आने के कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वालों की धुकधुकी बढ़ गई है। मंगलवार देर शाम तक दशाश्वमेध घाट की तीन सीढ़ियां और पानी में डूब गई थीं। इधर, खिड़किया घाट (नमो घाट) के फर्श के नीचे तक पानी पहुंच चुका था। इसके अलावा शहर के कई प्रमुख गंगा घाटों को डूबोने के बाद पानी का रुख ऊपर की ओर चढ़ रहा है।गाय घाट निवासी अखिलेश पाण्डेय, शोभित भारद्वाज, बाबू यादव, प्रह्लाद घाट के विजय कुमार, शंकर पाण्डेय ने बताया कि गंगा के बढ़ते जलस्तर को देख कर वह अपने मकान के निचले तल को खाली करने में जुट गए हैं। मकान घाट से सटा होने के कारण उनके घर में पहले पानी भरने लगता है। इसके अलावा शहर के बीच से होकर गुजरी वरुणा नदी के किनारे रहने वाले भी बाढ़ के प्रकोप को लेकर फिर से सहम गए है। नक्खी घाट के मीरा घाट और तालीम नगर में अभी तक बाढ़ का मलबा और खिचड़ लगा हुआ है। लोग अपने घरों की सफाई में लगे हुए थे कि फिर से वरुणा का पानी बढ़ने लगा। इससे लोगों की मुसिबत और बढ़ गई है।

**मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट पर शव दाह करने में बढ़ी दिक्कत:**गंगा के बढ़ते जल स्तर के कारण शव दाह करने आए लोगों को भी परेशान होना पड़ रहा है। रविवार से गंगा में शुरु हुए बढ़ाओ ने मंगलवार शाम तक महा शमशान और हरिश्चंद्र घाट की आधी सीढ़ियों को जलमंग्न कर दिया था। इसके कारण शव दाह करने में गोलों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं शाम के वक्त हुई बारिश ने लोगों की दुश्वारियां और बढ़ा दी।

# अवधेश राय हत्याकांड में चशमदीद गवाह से जिरह पूरी

## कड़ी सुरक्षा में गवाह संग पूर्व विधायक अजय राय पहुंचे कोर्ट

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी



**अवधेश** राय की लगभग 31 साल पूर्व हुए चर्चित हत्याकांड में चश्मदीद गवाह विजय कुमार पांडेय से बचाव पक्ष द्वारा की जा रही जिरह की कार्यवाही पूर्ण हो गई। अब इस मामले में अगले गवाह को कोर्ट तलब कर उसका बयान व जिरह की कार्यवाही की जाएगी।

विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) सियाराम चौरसिया की अदालत में चल रही इस मुकदमे की सुनवाई में आरोपित बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी का बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। इस दौरान मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी द्वारा अदालत में उपस्थित चश्मदीद गवाह से पूर्व में किए गए जिरह की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए जिरह की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई। साथ ही अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि 26 सितंबर नियत कर दी। इसके पूर्व अदालत में मुकदमे कि सुनवाई के लिए कड़ी सुरक्षा में पूर्व विधायक अजय राय, गवाह विजय कुमार पांडेय को साथ लेकर अपने अधिवक्ता अनुज यादव व अधिवक्ता विकास सिंह के साथ कोर्ट में उपस्थित हुए। बता दें कि तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर क्षेत्र में स्थित आवास के गेट पर ही अवधेश राय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। अजय राय ने मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, भीम सिंह, कमलेश सिंह व राकेश न्यायिक समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# भाजपाइयों ने की ऐतिहासिक कुंड-तालाबों की सफाई



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवारा के अंतर्गत पांचवें दिन बुधवार को महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय राय के नेतृत्व में काशी के ऐतिहासिक कुंडों एवं तालाबों की साफसफाई किया गया साथ ही इसे स्वच्छ रखने की शपथ भी ली।बुधवार को सुबह भाजपा के कार्यकर्ताओं ने झाड़ू , डलिया, बोरी, फावड़ा लेकर काशी के ऐतिहासिक अलईपुरा नक्खीघाट स्थित वक्र कुंड, सुल्तानपुर रामनगर के दुर्गा मंदिर,सारनाथ के पहड़िया तालाब,कर्णघंटा कुंड, ईश्वरगंगी कुंड, कबीर मठ अमृत सरोवर, सिगरा के शास्त्री नगर स्थित चकरा तालाब, मंदाकिनी कुंड, लक्ष्मी कुंड आदि कुंडों व तालाबों पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा उसे स्वच्छ रखने की शपथ ली। कार्यक्रम की सफलता पर महानगर प्रभारी, महामंत्री राहुल सिंह तथा सह संयोजक मंत्री किशन कन्नौजिया ने सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठ के अनुसार महानगर के सभी 13मंडलों में मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# खेत में मृत पाई गई मादा तेंदुआ आपसी संघर्ष में मौत की आशंका

**बहराइच।** बहराइच जिले में कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के ककरहा वन रेंज में एक खेत में लगभग डेढ़ वर्ष की मादा तेंदुआ मृत पाई गई। वन विभाग की तरफ से यह जानकारी दी गई। वन विभाग के अधिकारी के अनुसार, तेंदुए की मौत की संभावित वजह नर तेंदुए द्वारा यौन– संसर्ग के प्रयास को मादा द्वारा अस्वीकार करने पर हुई लड़ाई अथवा वन क्षेत्र पर आधिपत्य को लेकर संघर्ष हो सकता है। दुधवा नेशनल पार्क के मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक संजय पाठक ने बुधवार को पीटीआई– भाषा को बताया, मंगलवार सुबह वन कर्मियों को सूचना मिली कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज में महबूबनगर जंगल के पास एक खेत में एक मादा तेंदुए का शव मिला है। वन विभाग के कर्मियों ने मृत तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर उच्चाधिकारियों की अनुमति से विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों के पैनल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में उसका पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद नियमानुसार मृतक तेंदुए के शव को जला दिया गया है। पाठक ने बताया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व स्थलीय निरीक्षण के निष्कर्ष से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मंगलवार तड़के एक ही प्रजाति के दो तेंदुओं के बीच संघर्ष के परिणाम स्वरूप मादा तेंदुए की मौत हुई है। मृत मादा तेंदुए की उम्र करीब डेढ़ वर्ष आंकी जा रही है जबकि हमलावर तेंदुए के बड़ी उम्र का होने की संभावना है। पाठक ने बताया, किन्हीं परिस्थितियों में जब मादा तेंदुआ नर तेंदुए के साथ यौन–संसर्ग के लिए तैयार नहीं होती तब नर तेंदुआ चिढ़कर और उत्तेजित होकर आक्रामक व हमलावर हो जाता है। मृत तेंदुए के चेहरे व गर्दन पर मिली चोटों और घटनास्थल पर मौजूद पद चिन्हों को देखते हुए इस मामले में अधिक संभावना यौन संसर्ग के लिए तैयार ना होने पर संघर्ष की ही जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि दूसरी संभावना एक तेंदुए के प्राकृतिक वास में दूसरे तेंदुए के प्रवेश होने की स्थिति में क्षेत्र पर आधिपत्य को लेकर हुए संघर्ष की भी है। उन्होंने स्पष्ट किया, दोनों ही स्थितियों में मृत्यु का कारण दो तेंदुओं के बीच संघर्ष ही माना जा रहा है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया, "घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। अधिकारी एवं वन कर्मी घटनास्थल के निकट कैम्प कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं तथा वन विभाग की टीम क्षेत्र की निगरानी कर रही है।

## स्कूल में घुसा मगरमच्छ वन विभाग के दस्ते ने पकड़ा


**अलीगढ।** अलीगढ़ जिले के अतरौली क्षेत्र स्थित कासिमपुर गांव के एक स्कूल में बुधवार को मगरमच्छ घुस आने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने उसे बहुत मुश्किल से एक कक्षा में बंद कर अधिकारियों को सूचना दी। स्कूल के स्टाफ कर्मियों ने बताया कि कासिमपुर गांव स्थित उनके स्कूल में आज सुबह एक मगरमच्छ घुस आया। उसे देख कर बच्चे तथा स्कूल कर्मी घबरा गए। उनका शोर सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण लाठी लेकर आए और बड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को एक कमरे के अंदर बंद कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने मगरमच्छ को पकड़ लिया। स्टाफ कर्मियों के मुताबिक अतरौली क्षेत्र के कासिमपुर गांव के नजदीक कई तालाब हैं जिनमें अक्सर घड़ियाल देखे जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अनेक बार स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस तरफ दिलाया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने बताया कि गंगा नदी भी पास में ही बहती है। संभावना है कि पिछले दिनों आई बाढ़ की वजह से यह मगरमच्छ गांव के ही किसी तालाब में आ गया होगा, जहां से आज वह स्कूल में घुस गया।

**सामूहिक बलात्कार की शिकार महिला का गर्भपात, तीन आरोपी गिरफ्तार:** बरेली। बरेली के बिशारतगंज थाना क्षेत्र में तीन लोगों ने एक गर्भवती महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया, जिससे उसका गर्भपात हो गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पीड़िता के पति द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, 13 सितंबर को वह खेत में काम कर रही थी, तभी तीन युवकों ने वहां पहुंचकर उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया, जिसके परिणामस्वरूप उसका गर्भपात हो गया। तीन माह की गर्भवती पीड़िता की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को मंगलवार शाम गिरफ्तार कर लिया।

# प्रो. रामयत्न शुक्ल के निधन से शोक की लहर

## प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री सहित पूरी काशी ने व्यक्त किया गहरा दुख सबने कहा-अपूर्णनीय क्षति

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**काशी** विद्वत्परिषद् के अध्यक्ष महामहोपाध्याय पद्मश्री प्रोफेसर रामयत्न शुक्ल को सोमवार की शाम को आईसीयू में भर्ती कराया गया था। विगत कई दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। काशी विद्वत्परिसषद् के महामंत्री प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि सोमवार शाम करीब छह बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी आयु 92 वर्ष थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोफेसर एवं उद्भट विद्वान प्रो0 रामयत्न शुक्ल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि व्याकरण शास्त्र के अति विशिष्ट विद्वान,काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. रामयत्न शुक्ल के आकस्मिक निधन की सूचना से हम सभी स्तब्ध और मर्माहत हैं यह सूचना अत्यंत दुखद है। काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष और संस्कृत के प्रकांड विद्वान प्रोफेसर रामयत्न शुक्ल को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया गया। वह शक्ति पीठ के शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती समेत कई संतों को विद्या दान कर चुके हैं।

## नौ साल की आयु से कर रहे थे संस्कृत का प्रचार-प्रसार

प्रोफेसर रामयत्न शुक्ल नौ वर्ष की आयु से संस्कृत के प्रचार-प्रसार से जुड़े थे।. वह संस्कृत की निशुल्क शिक्षा देते थे।. छात्रों की हर समस्या का वह समाधान करते थे। उनका जन्म सन् 1932 में हुआ था। बचपन से ही उनकी संस्कृत विषय में अधिक रुचि थी। उनके पिता राम निरंजन शुक्ल भी संस्कृत के विद्वान थे। उन्होंने धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी व स्वामी चैतन्य भारती से वेदांत शास्त्र, हरिराम शुक्ल से मीमांसा और पंडित रामचन्द्र शास्त्री से दर्शन व योग शास्त्र की शिक्षा प्राप्त की थी। कुलपति एवं शंकराचार्य जैसे पदों को सुशोभित कर रहे शिष्य प्रो. शुक्ल बीएचयू संस्कृत विद्या धर्मविद्या संकाय में आचार्य रह चुके हैं । वह सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में भी व्याकरण विभाग के आचार्य व अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। मुख्य रूप से भदोही जनपद के कोनिया क्षेत्र के कलातुलसी गांव निवासी प्रो शुक्ल के पढ़ाए हुए कई छात्र कुलपति पद पर आसीन हैं। यही नहीं उन्होंने शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के साथ स्वामी गुरु शरणानंद, रामानंदाचार्य, स्वामी रामभद्राचार्य को भी विद्या का दान दिया है। व्याकरण शास्त्र के उद्भट विद्वान पद्मश्री प्रो. रामयत्न शुक्ल शुक्ल ने 1961 में सन्यासी संस्कृत महाविद्यालय में बतौर प्राचार्य छात्रों को शिक्षा दी। वर्ष 1974 में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के प्राध्यापक नियुक्त हुए। सन् 1976 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अपनी सेवा दी। सन् 1982 में वह सेवानिवृत्त हो गए। अब वह काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष हैं। वह सनातन संस्कृति परिषद के संस्थापक भी हैं। उन्हें वर्ष 2015 में संस्कृत के शीर्ष सम्मान 'विश्वभारती' से भी सम्मानित किया जा चुका है। भारतीय संस्कृति तथा पारम्परिक शास्त्रों के संरक्षण में सम्पूर्ण जीवन लगाने वाले प्रो राम यत्न शुक्ल के निधन से काशी के विद्वत समाज में शोक की लहर है। भारत के अनेक धर्माचार्यो के शिक्षा गुरु तथा भारत ही नहीं विश्व में संस्कृत भाषा तथा पारम्परिक शास्त्रों के संरक्षण संवर्धन में योगदान देने वाले आचार्य के न रहने पर अपूर्णीय क्षति हुई। काशी विद्वतपरिषद् के महामंत्री प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत परम्परा की कड़ी टूट गई। शहर दक्षिणी के विधायक व पूर्व मंत्री डा नीलकंठ तिवारी ने कहा कि यह व्याकरण व काशी की क्षति है।

**संस्कृत जगत के मेरुदण्ड थे प्रो. शुक्ल :** प्रो. रामयत्न शुक्ल के निधन से संस्कृत जगत की अपूर्णनीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई कठिन है। वह देश ही नहीं अपितु विश्व स्तर के मूर्धन्य विद्वान थे जिस कारण बाहर के मनीषी भी इनसे शिक्षा ग्रहण करने आते रहे। उक्त बातें दशाश्वमेध स्थित शास्त्रार्थ महाविद्यालय में आयोजित एक शोक सभा में श्री काशी विद्वत परिषद के मंत्री व संस्कृत समाज नेता डा.गणेश दत्त शास्त्री ने कही। सभा में इन्होंने बताया की शास्त्रार्थ महाविद्यालय से प्रो शुक्ल का अभिन्न सम्बंध रहा है। इसलिए सदैव हम सबको इनका स्नेह व आशीर्वाद मिलता रहा। इसके निधन से संस्कृत जगत मर्माहत है। प्राचार्य पंडित पवन शुक्ला ने कहा कि श्री काशी विद्वत परिषद पूरे विश्व में सर्वमान्य संस्था है जो विपरीत परिस्थितियों में देश को शास्त्र सम्मत उचित सलाह भी देती है, का अध्यक्ष होना काफी गर्व की बात है और प्रो शुक्ल ने इसका बखूबी निर्वहन भी किया है। इनकी विद्वता का परचम संस्कृत जगत में सदैव लहराता रहेगा।

# जंगल में फांसी पर झूलते मिले लापता प्रेमी युगल के शव

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में तीन सितंबर से लापता एक प्रेमी युगल के शव बिहारीगढ़ के जंगल मे फांसी के फंदे से लटकते पाए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार देर शाम वीरेंद्र (40) और 17 वर्षीय एक किशोरी के शव बिहारीगढ़ के जंगल मे फांसी के फंदे से लटकते मिले। ए दोनों तीन सितंबर से लापता थे। टाडा के मुताबिक, दोनों शव सड़ी–गली हालत में पाए गए हैं। उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टाडा के अनुसार, नागल थाना क्षेत्र के रसूलपुर का रहने वाला वीरेंद्र पेशे से शिक्षक था और बताया जाता है कि उसका अपने ही विद्यालय की कक्षा नौ की छात्रा से प्रेम प्रसंग था। टाडा के मुताबिक, छात्रा के परिजनों ने अपनी बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी, लेकिन बार–बार लोकेशन बदलने के कारण उनका पता नहीं चल पा रहा था।

## डीआईओएस ने की प्रधानाचार्यों संग मंत्रणा

**गोंडा।** डीआईओएस राकेश सिंह की अध्यक्षता में माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की तहसील स्तरीय बैठक कन्हैया लाल इंटर कॉलेज करनैलगंज में संपन्न हुई।बैठक में डीआईओएस ने कहा कि सभी प्रधानाचार्य यूपीएमएसपी की वेबसाइट साइट पर विद्यालय की समस्त सूचनाओं को अद्यतन कराएं। छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय आय योग्यता छात्रवृत्ति, कन्या सुमंगला योजना, शुल्क माफी, इंस्पायर अवार्ड सहित सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ छात्र छात्राओं को दिलाएं। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालय का क्रियान्वयन सुचारू ढंग से कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर से हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। बैठक में कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीपी मौर्य, भारतीय इंटर कॉलेज कटरा के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र वर्मा, शिक्षक बंधु इंटर कॉलेज बालपुर के प्रधानाचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव, राजकीय हाई स्कूल टेपरा के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार श्रीवास्तव, राजकीय हाई स्कूल पहाड़ापुर से अंजलि वर्मा, बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कर्नलगंज से अमिता पाण्डेय, कन्हैया लाल कॉलेज से शिक्षक आरडी सिंह, मेजर राजाराम, अमित कुमार श्रीवास्तव, शिव कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन शिकंजा के तहत दुष्कर्मी को दस साल की सजा

**गोंडा।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान 'मिशन शक्ति' व 'ऑपरेशन शिकंजा' में पुलिस अधीक्षक तोमर द्वारा पुलिस की प्रभावी पैरवी कराते दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्तो को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास व रु0 5,000-5,000 के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक तोमर ने बताया कि थाना कटराबाजार क्षेत्र के अन्तर्गत अभियुक्तगण सलीम पुत्र अमजद अली निवासी सिटकिहवा मौजा बनगांव थाना कटरा बाजार गोंडा, जानू उर्फ जान मोहम्मद पुत्र रहमत अली निवासी सिटकिहवा मौजा बनगांव थाना कटराबाजार गोंडा ने एक लड़की के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध किया था। जिसमे पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर उक्त अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मॉनिटरिंग सेल व थाना कटराबाजार के पैरोकार मुख्य आरक्षी रुदल शर्मा द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप उक्त अभियुक्तगण को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश गोंडा ने 10-10 वर्ष सश्रम कारावास रु0 5,000-5,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## धौरहरा पहुंची सर्वशिक्षा अभियान व मिशन प्रेरणा की टीम

**करनैलगंज** (गोंडा)। सर्वशिक्षा अभियान, मिशन प्रेरणा और यूनिसेफके अधिकारियों की टीम बुधवार को प्राथमिक विद्यालय धौरहरा पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उनकी प्रतिभा को परखा तथा प्रतिभाशाली बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए सराहना की। बुधवार की सुबह संयुक्त निदेशक एसएसए व कॉलेज ऑफटीचर एजूकेशन के प्राचार्य अजय कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय धौरहरा में सबसे पहले कक्षा 1 के छात्रों से तीन अंक के जोड़ के प्रश्न दिए, जिसे बच्चों ने तुरंत हल कर दिया। उन्होंने पहले प्रश्न हल करने वाले बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। उसके बाद संयुक्त निदेशक की टीम कक्षा 2 में पहुंची, जहां छात्र मोहम्मद अजहर और निधी से कहानी सुना। कक्षा 4 व 5 के छात्रों से गणित के प्रश्न हल करवाकर उन्हें पुरस्कृत किया। इस दौरान अधिकारियों ने छात्रों के साथ हूप भी खेला। इस मौके पर संयुक्त निदेशक अमित राय, मिशन प्रेरणा के समन्वयक शुधांशू, खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा पाण्डेय, जिला समन्वयक प्रशिक्षण हरगोविंद, एआरपी अनुराग कुमार, प्रधानाध्यापक रवि प्रताप सिंह, बाबूलाल यादव, ग्राम प्रधान मायाराम, भालेन्दु कुमार सिंह, उत्तम प्रसाद, राजकुमार, राम कुमार सिंह, सीमा सिंह आदि मौजूद रहे।

## एलबीएस ने किया ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**गोंडा।** एल.बी.एस. कॉलेज व एनआईआईटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को ट्रेनिंग एवं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कालेज के ललिता शास्त्री सभागार में किया गया। दो चक्रों में चले कैरियर गाइडेंस सेमिनार एवं प्लेसमेंट ड्राइव में 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। एक्सिस बैंक, एचडीएफसी एवं एडलवेइस में असिस्टेंट मैनेजर, वेल्थ मैनेजर सहित 6 दर्जन से अधिक पदों के लिए विद्यार्थियों का कई चक्रों में इंटरव्यू लेकर प्रवेश परीक्षा हेतु चयनित किया गया। एनआईआईटी, उत्तर भारत के महाप्रबंधक सैयद हसन अख्तर और सीनियर काउंसलर रोहित मोहन ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रबंधतंत्र की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में आगे भी विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगार हेतु तैयार किया जाएगा। विद्यार्थियों में जहाँ भी अपूर्णता दिखेगी, उन अंशों की पूर्ति के लिए अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रबंध समिति के सचिव उमेश शाह ने कहा कि यह प्रसन्नता का क्षण है कि विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र के अलग-अलग पदों पर कैम्पस प्लेसमेंट द्वारा नौकरियाँ संभव हो रही हैं, यह क्रम आगे भी चलता रहेगा। ट्रेनिंग एवं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष व पूर्व मुख्य नियंता प्रो. जितेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. बी.पी. सिंह, प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र, प्रो. जे.बी. पाल, डॉ. रंजन शर्मा, प्रो. जयशंकर तिवारी, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, डॉ. चमन कौर, मनीष शर्मा, डॉ. मनोज मिश्र, सुधीर तिवारी, डॉ. स्मृति शिशिर, शैलजा सिंह व शरद पाठक आदि उपस्थित रहे।

## वी नेउपलब्ध कराए नौकरियों के हजारों अवसर

**वाराणसी।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपना के साथ साझेदारी में उत्तर प्रदेश में तीस हजार से अधिक नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए हैं। पिछले तीन महीनों में उपलब्ध कराई गई इन नौकरियों ने वी ऐप के ज़रिए रोज़गार के अवसर प्रदान कर भारत के स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाया है। वी ऐप में वी जॉब्स पर भारत का सबसे बड़ा जॉब सर्च प्लेटफॉर्म 'अपना' मौजूद है, जो वी के उपभोक्ताओं को निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर सुनिश्चित करता है कि उनका रेज़्यु मे शीर्ष पायदान के नियोक्ताओं तक पहुंचें।

## उत्तर मध्य रेलवे में 102 कर्मचारी हुए पुरस्कृत

**प्रयागराज।** प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पुरस्कार समारोह 2021 22 का आयोजन बुधवार को अरावली सभागार उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर शशि कांत सिंह प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मुख्यालय एवं मंडलों के चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाले 102 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए वित्त वर्ष 2020 21 की तुलना में 2021 22 में अधिक आय अर्जन और यात्री सेवा की दिशा में निरंतर किए गये अथक प्रयासो की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्यालय सभागार में अनु त्रिपाठी मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एफएम जितेन्द्र कुमार उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एफएम हिमांशु शुक्ला उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक दावा विपिन कुमार सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज नवीन दीक्षित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक झाँसी एवं वीरेंद्र सिंह सहायक वाणिज्य प्रबंधक आगरा उपस्थित रहे। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीकृष्ण शुक्ला मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ने किया।

## विश्वकर्मा पूजा समारोह में 123 वरिष्ठ संविदाकार सम्मानित

**कानपुर।** सीमेंट निर्माताओं में से एक डालमिया भारत लिमिटेड ;डीबीएलद्ध ने आप हैं सच्चे विश्वकर्मा सम्मान पहल के साथ पूर्वी क्षेत्र के 123 वरिष्ठ संविदाकारों के मूल्यवान योगदान को सराहा। अपनी विशेषज्ञता और शिल्पकला में दक्षता के चलते अनगिनत लोगों के घर बनाने का सपना पूरा करने वाले वरिष्ठ संविदाकारों को सलाम करते हुए यह कार्यक्रम कंपनी की उत्तर प्रदेश में सालाना विश्वकर्मा पूजा के दौरान संपन्न हुआ। डालमिया भारत लिमिटेड नेृआप हैं सच्चे विश्वकर्माष् पहल की शुरुआत 2020 में सभी क्षेत्रों में संविदाकारों के साथ अपनत्व दर्शानों के लिए की थी। अपने उद्घाटन वर्ष में 14 संविदाकारों को सम्मानित किया गया जिसके उपरांत 2021 में 74 को यह सम्मान दिया गया। इस वर्ष सीमेंट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने सभी क्षेत्रों के रिकार्ड 123 संविदाकारों के साथ यह सम्मान उत्सव मनाया जिसमें उत्तर प्रदेश से छह शामिल थे।

## संगीतज्ञों के गांव में ताबड़तोड़ गोली चलाकर युवक की हत्या

**आजमगढ।** पूरी दुनिया में संगीतज्ञों के गांव के रूप मे मशहूर उत्तर प्रदेश का हरिहरपुर गांव मंगलवार रात गोलियो की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। बदमाशों ने संगीतकारों के एक परिवार से जुड़े युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि कंधरापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के रहने वाले आदर्श मिश्रा मंगलवार को अपने दोस्त विपिन मिश्रा के साथ गांव में स्थित शीतला माता मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि पहले से ही घात लगाकर बैठे हमलावर उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने लगे। सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में आदर्श और विपिन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों को आनन-फानन में लक्षिरामपुर स्थित एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरो ने आदर्श को मृत घोषित कर दिया। वही, विपिन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वारदात से आक्रोशित हरिहरपुर के ग्रामीणों ने लक्षिरामपुर स्थित अस्पताल के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

# दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ रहाणे अय्यर का नहीं चला बल्ला

दलीप ट्रॉफी फाइनल

भाषा। कोयंबटूर


अजिंक्य रहाणे

**हेत** पटेल (नाबाद 96) और जयदेव उनादकट (नाबाद 39) की नौवें विकेट के लिए 83 रन की अटूट साझेदारी के दम पर पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल के पहले दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ आठ विकेट पर 250 रन बनाए। पटेल 178 गेंद की अब तक की पारी में छह चौके और एक छक्का लगा चुके हैं। उत्तर क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे (आठ) और कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर (37) जैसे बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। इन दोनों के अलावा सरफराज खान (34), यशस्वी जायसवाल (एक) और भारत ए के मौजूदा कप्तान प्रियांक पंचाल (सात) बल्ले से योगदान देने में नाकाम रहे।

दक्षिण क्षेत्र के लिए तेज गेंदबाज बासिल थंपी (42 रन पर दो), सीवी स्टीफन (39 रन पर दो) ने शुरुआती आधे घंटे के खेल में ही पश्चिम क्षेत्र के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान हनुमा विहारी ने टॉस जीत कर गेंदबाजों के लिए मददगार परिस्थितियों में पश्चिम क्षेत्र को बल्लेबाजी का न्योता दिया। आंध्र के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टीफन ने पारी के दूसरे ओवर में ही विकेटकीपर रिकी भुई के हाथों जायसवाल को कैच कराकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। रहाणे ने चौका लगाकर खाता खोला लेकिन ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को छेड़ने की पुरानी आदत ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। थंपी की गेंद पर रवि तेजा ने स्लीप में उनका कैच लपका। पंचाल को स्टीफन ने पगबाधा किया।

छठे ओवर में 16 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद अय्यर और सरफराज ने मैच में पश्चिम क्षेत्र की वापसी कराने की कोशिश की लेकिन उनकी 48 रन की साझेदारी को शानदार लय में चल रहे बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर (80 रन पर तीन विकेट) ने तोड़ा। उन्होंने अय्यर के बाद सरफराज और शम्स मुलानी (शून्य) के विकेट चटकाए। पटेल ने इसके बाद अतीत सेठ (25) के साथ सातवें विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। थंपी ने सेठ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कृष्णप्पा गौतम (73 रन पर एक विकेट) ने तनुष कोटियान का विकेट चटकार दक्षिण क्षेत्र को आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद पटेल और उनादकट ने 21 ओवर तक संभल कर बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों को विकेट से दूर रखा। उनादकट ने 64 गेंद की अबतक की पारी में तीन चौके लगाए।

# बाबर को पछाड़कर टी20 रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे सूर्यकुमार

भाषा। दुबई,



**भारत** के सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। सूर्यकुमार ने मंगलवार को मोहाली में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में चार विकेट की हार के दौरान 46 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया। इस पारी की बदौलत उन्होंने बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और अपने बीच के अंकों के अंतर को भी कम किया। सूर्यकुमार अब रिजवान से सिर्फ 45 रेटिंग अंक पीछे हैं। रिजवान ने मंगलवार को कराची में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान की हार के दौरान अर्धशतक जड़ा और करियर के सर्वश्रेष्ठ 825 अंक के साथ बल्लेबाजी सूची में अपनी बढ़त बरकरार रखी है। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम (792 अंक) सूर्यकुमार (780 अंक) से आगे दूसरे स्थान पर हैं।

एशिया कप में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं करने और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में सिर्फ 31 रन बनाने के बाद बाबर चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के डेविड मलान (725) पांचवें जबकि आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच (715) छठे स्थान पर हैं। सूर्यकुमार के अलावा स्टार भारतीय आलराउंडर हार्दिक पंड्या 22 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 में नाबाद 65 रन बनाए। मंगलवार को तीन विकेट चटकाने के बाद बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल गेंदबाजों की सूची में 24 स्थान आगे बढ़कर 33वें पायदान पर हैं। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पहले टी20 में रोहित शर्मा और लोकेश राहुल के अहम विकेट चटकाने के बाद गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के खिलाफ दो विकेट चटकाने वाले लेग स्पिनर आदिल राशिद तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की सूची में चार स्थान के फायदे से 21वें स्थान पर हैं। टीम के उनके साथी मोहम्मद नवाज भी तीन स्थान आगे बढ़कर 31वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

## द ओवल 2023 और लार्ड्स 2025 में डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेंगेः आईसीसी


भाषा। दुबई

**क्रिकेट** की संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को कहा कि द ओवल और लार्ड्स के मैदान क्रमशः 2023 और 2025 में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करेंगे। इंग्लैंड को जुलाई में बर्मिंघम में हुई आईसीसी सालाना आम बैठक के दौरान अगले दो डब्ल्यूटीसी फाइनल्स का मेजबान चुना गया था।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ अलार्डिस ने एक बयान में कहा, हम खुश हैं कि अगले साल आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल का मेजबान द ओवल होगा और इसके बाद हम 2025 का फाइनल लार्ड्स में कराएंगे। इसमें उन्होंने कहा, पिछले साल न्यूजीलैंड और भारत के बीच साउथम्पटन में हुआ फाइनल काफी मनोरजंक था और मुझे पूरा भरोसा है कि दुनिया भर के प्रशंसक द ओवल में अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे। 2023 और 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप दोनों के स्थलों की घोषणा हो गई है लेकिन अभी तक इनकी तारीख की पुष्टि नहीं हुई है। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के मुख्य कार्यकारी और सचिव गे लेवेंडर ने कहा, हम काफी प्रसन्न हैं कि लार्ड्स 2025 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का दूसरा चरण चार अगस्त को शुरू हुआ और यह अगले साल 31 मार्च तक चलेगा। आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका इस समय डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर चल रहे हैं।

# भुवनेश्वर की डेथ ओवरों में गेंदबाजी चिंता का विषयः गावस्कर

भाषा। नई दिल्ली



**महान** क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि अगले महीने शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का डेथ ओवरों में खराब प्रदर्शन भारत के लिए वास्तविक चिंता है। भुवनेश्वर ने पिछले कुछ मैच में डेथ ओवरों में काफी रन लुटाए हैं। मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 में भी उन्होंने 19वें ओवर में 16 रन दिए जिससे आस्ट्रेलिया 209 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहा। गावस्कर ने स्पोर्ट्स टुडे से कहा, मुझे नहीं लगता कि बहुत अधिक ओस थी। हमने क्षेत्ररक्षकों या गेंदबाजों को अपनी उंगलियों को सुखाने के लिए तौलिए का उपयोग करते नहीं देखा। यह कोई बहाना नहीं है। हमने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। उदाहरण के लिए, वहां 19वां ओवर, वह वास्तविक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, भुवनेश्वर कुमार जैसे गेंदबाज को जब भी गेंद सौंपी जा रही है तो वह हर बार रन लुटा रहा है। उसने पाकिस्तान, श्रीलंका और अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच में 18 गेंद में (19वें ओवर में गेंदबाजी करते हुए) 49 रन दिए हैं। गावस्कर ने कहा, यह लगभग तीन रन प्रति गेंद हैं। उसके जैसे अनुभव और क्षमता के गेंदबाज के साथ आप उम्मीद करते हैं कि वह उन 18 गेंद में 35 से 36 रन देगा। यह वास्तव में चिंता का विषय है। पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत अच्छे स्कोर का बचाव करने में भी सफल नहीं हो पा रहा लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि जसप्रीत बुमराह की वापसी से गेंदबाजी विभाग को मजबूती मिलेगी। बुमराह इस साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के बाद से ही बाहर हैं क्योंकि वह पीठ की पुरानी चोट से उबर रहे थे। गावस्कर ने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है कि यह उन क्षेत्रों में से एक रहा है जहां भारत को नुकसान उठाना पड़ा है।

## क्विक न्यूज

### एआईएफएफ लीग के चेयरमैन बने मिजोरम के लालंघिंग्लोवा हमार

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के सदस्य और मिजोरम राज्य इकाई के सचिव लालंघिंग्लोवा हमार को लीग समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया। हमार (44 वर्ष) ने 2012 में मिजोरम प्रीमियर लीग शुरू करने में अहम भूमिका निभाई थी। इतिहास के पूर्व शिक्षक से पत्रकार बनने वाले हमार 2019 लोकसभा चुनाव में मिजोरम में एकमात्र सीट के लिए लड़े थे लेकिन हार गए थे। एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरण ने ट्वीट किया, भरोसा रखिए हमार काफी अच्छा काम करेंगे। मिजोरम में फुटबॉल का चेहरा बदलने वाले व्यक्ति को मेरी शुभकामनाएं।

### उत्तर प्रदेश के अगले सत्र में कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे अजय रात्रा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर अजय रात्रा अगले सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश की पुरूष क्रिकेट टीम को कोचिंग देंगे। रात्रा (40 वर्ष) ने भारत के लिए छह टेस्ट और 12 वनडे खेले है। एनसीए के तीसरे स्तर के कोच रात्रा ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के संभावित खिलाड़ियों को तराशना चाहते है। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए शानदार मौका है कि मुझे उत्तर प्रदेश जैसी टीम की कोचिंग का मौका मिल रहा है। टीम में काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।

### महिला आयरिश ओपन में चुनौती पेश करेंगी दीक्षा, त्वेसा और वाणी

**ड्रोमोलैंड कासल।** लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस में तीसरे स्थान पर रही भारत की दीक्षा डागर गुरुवार से यहां शुरू हो रहे केपीएमजी महिला आयरिश ओपन में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने के इरादे से उतरेंगी। झज्जर की 21 साल की दीक्षा के अलावा तीन अन्य भारतीय त्वेसा मलिक, अमनदीप द्राल और वाणी कपूर भी इस प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगी। सत्र की निराशाजनक शुरुआत के बाद त्वेसा ने कुछ हद तक लय हासिल कर ली है जबकि अमनदीप ने भी हाल में स्विस लेडीज टूर्नामेंट में लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया था। वाणी भी मौजूदा सत्र में शीर्ष तीन में शामिल रह चुकी है। एक अन्य भारतीय रिद्धिमा दिलावरी को प्रतीक्षा सूची में दूसरे स्थान पर रखा गया है। ड्रोमोलैंड कासल में होने वाली इस प्रतियोगिता के साथ आयरलैंड में 10 साल बाद एलईटी की वापसी होगी।

### युवराज घर के एक्सक्लूसिव स्टे की कर रहे मेज़बानी

**नई दिल्ली।** युवराज सिंह एयरबीएनबी होस्ट बनने जा रहे हैं और इसके तहत वह गोवा में स्थित अपने घर में 6 लोगों के लिए एक्सक्लूसिव वन.टाइम स्टे की पेशकश कर रहे हैं। पहाड़ी पर स्थित और दूर तक समुद्र का शानदार नज़ारा दिखाने वाला युवराज का यह घर गोव की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का एक नमूना है। अब वह एयरबीएनबी पर होस्ट करने वाले भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनकर एक और उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। 6 मेहमानों को युवराज के इस तीन बेडरूम वाले घर में रहने का मौका मिलेगा जिसमें युवराज सिंह की कई खास यादें हैं और पिच पर बिताए गए उनके समय की कुछ यादगार वस्तुएं भी रखी हुई हैं। सिंह के इस घर को वेबसाइट  पर बुक किया जा सकता है।

### पहली मोटरसाइकलिंग ग्रैंड प्रिक्स की घोषणा

**लखनऊ।** भारत के मोटर साइकिल रेसिंग के दीवानों के लिए एक खुशखबरी है। दरअसल नोएडा की स्पोर्टिंग कम्पनी फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स प्रा लिमिटेड ने एफआईएम वर्ल्ड चैंपियनशिप ग्रैंड प्रिक्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कराने वाले स्पेन के मैड्रिड स्थित डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल के सहयोग से आज भारत मे पहले ग्रैंड प्रिक्स की घोषणा की। यह रेसिंग टूर्नामेंट भारत में 2023 में बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट पर आयोजित किया जायेगा। वर्ल्ड चैंपियनशिप के भारत के पहले एडिशन को ग्रैंड प्रिक्स ऑफ भारत् नाम दिया गया है।

# खन्ना ने आईओए कार्यकारी अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



भाषा। नई दिल्ली

**अनुभवी** खेल प्रशासक अनिल खन्ना ने बुधवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यवाहक अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। खन्ना ने यह कदम अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के दो सप्ताह पहले लिए गए उस फैसले पर उठाया जिसमें खेल के अंतरराष्ट्रीय निकाय ने किसी भी कार्यवाहक । अंतरिम अध्यक्ष पद को मान्यता देने से इनकार कर दिया था। आईओसी ने आठ सितंबर को आईओए को निलंबन की धमकी देते हुए कहा था कि आईओए को इस साल दिसंबर तक चुनाव करा लेना चाहिए। आईओए के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा के शासन को समाप्त करने के अदालत के फैसले के बाद खन्ना ने आईओए का कार्यभार संभाला था।

आईओए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रह चुके खन्ना ने कहा कि वह आईओसी के दृष्टिकोण का सम्मान करते है। उन्होंने इसके साथ ही आईओसी से सवाल किया कि खेलों को लेकर देश का कानून और एनओसी (राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) के संविधान के मामले में निर्णय और व्याख्या करने का अंतिम अधिकार किसके पास होगा। खन्ना ने अपने बयान में कहा, आईओए के संविधान और 2011 में अध्यक्ष पद के रिक्त होने के बाद ऐसी ही मामले के आधार पर आम सभा की सर्वसम्मति से मैंने एक संक्षिप्त अवधि के लिए अध्यक्ष के कर्तव्यों की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने तत्कालीन वरिष्ठ उपाध्यक्ष वी. के. मल्होत्रा का उदाहरण दिया था। 2010 राष्ट्रमंडल खेलों के भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद तत्कालीन अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी की 2011 में गिरफ्तारी के बाद मल्होत्रा ने आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष का पद संभाला था। खन्ना ने आईओए महासचिव और इसके सदस्यों को जारी पत्र में लिखा, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 24 जून 2022 को इसकी पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा, मैं पिछले कई वर्षों से आईओए खेल बिरादरी का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, जहां भारत ने उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार आईओए के संचालन को सामान्य करने का पूरा प्रयास कर रही है और सर्वोच्च न्यायालय भारतीय खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए आईओसी के विचारों के प्रति संवेदनशील है।

# हरमनप्रीत का नाबाद शतक, पांच विकेट पर 333 रन



● भारतीय महिला टीम ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया विशाल स्कोर

भाषा। कैंटरबरी

**भारतीय** महिला टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 143 रन) के शतक और हरलीन देओल (58 रन) के अर्धशतक की मदद से बुधवार को यहां खेले गए दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 333 रन का विशाल स्कोर बनाया।

हरमनप्रीत ने 111 गेंद का सामना करते हुए अपनी नाबाद पारी में 18 चौके और चार छक्के जड़े। हरलीन ने 72 गेंद खेलीं जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 113 रन की भागीदारी निभाई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत को पहला झटका दूसरे ही ओवर में लगा जब शेफाली वर्मा (08 रन) केट क्रास की गेंद पर बोल्ड हो गईं। फिर स्मृति मंधाना और यास्तिका भाटिया ने दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय (54 रन) साझेदारी निभाई। पर भाटिया 12वें ओवर में आउट होने वाली टीम की दूसरी खिलाड़ी रहीं जिन्होंने 26 रन बनाए। मंधाना ने फिर 51 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 40 रन का योगदान दिया। पूजा वस्त्राकर ने 18 रन बनाए और दीप्ति शर्मा 15 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की पांचों गेंदबाजों लॉरेन बेल, क्रास, फ्रेया केंप, चार्ली डीन और सोफी एक्लेस्टोन को एक एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

**भारतीय टीम :** शेफाली वर्मा बो क्रास 08, स्मृति मंधाना पगबाधा बो एक्लेस्टोन 40, यास्तिका भाटिया का एवं बो डीन 26, हरमनप्रीत कौर नाबाद 143 , हरलीन देओल का वाट बो बेल 58, पूजा वस्त्राकर का लैंब बो केंप 18, दीप्ति शर्मा नाबाद 15

**अतिरिक्त :** 25

**कुल :** 50 ओवर में पांच विकेट पर 333 रन

**विकेट पतन :**1–12, 2–66, 3–99, 4–212, 5–262

**गेंदबाजी :** लॉरेन बेल 10–0–79–1, केट क्रास 10–0–68–1, फ्रेया केंप 10–0–82–1, चार्ली डीन 10–0–39–1, सोफी एक्लेस्टोन 10–0–64–1

## एसीसी चैम्पियनशिप के लिए भारतीय महिला टी20 टीम में कोई बदलाव नहींः बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में एक से 15 अक्टूबर तक खेली जाने वाली एसीसी टी20 चैम्पियनशिप के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए उसी 15 सदस्ईय टीम पर भरोसा जताया है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टी20 श्रृंखला में भाग लिया था। टीम में तानिया भाटिया और सिमरन बहादुर को स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। यह दोनों खिलाड़ी इंग्लैंड दौरे पर गई 17 सदस्ईय भारतीय टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला था।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में छह बार की चैम्पियन भारतीय टीम टूर्नामेंट के शुरुआती दिन श्रीलंका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। टीम चिर–प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ सात अक्टूबर को मैदान में उतरेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने एक से 15 अक्टूबर तक बांग्लादेश के सिलहट में खेली जाने वाली आगामी एसीसी महिला टी20 चैंपियनशिप 2022 के लिए भारतीय टीम का चयन किया है।

# फेडरर का विदाई मैच होगा युगल मुकाबला, नडाल हो सकते है जोड़ीदार

एपी। लंदन



**स्विस** टेनिस स्टार रोजर फेडरर अपने करियर के अंतिम प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट लीवर कप से पहले जब बुधवार को मीडिया से मुखातिक हुए तो उनके चेहरे पर कोई उदासी नहीं थी, वह मुस्कुरा रहे थे और खुद के चुटकुलों पर हंस रहे थे। अपने 20 ग्रैंडस्लैम खिताबों के दौरान यह 41 साल का खिलाड़ी मैच में मिली हार या जीत के बाद भावनाएं भी व्यक्त कर चुका है जिसमें कभी कभार उनकी आंखे भी डबडबा चुकी हैं। लेकिन अपने संन्यास से जुड़े सवालों के जवाब देने के लिए जब वे मीडिया के सामने आए तो वह बिलकुल सहज दिख रहे थे।

फेडरर लीवर कप में शुक्रवार को एक युगल मुकाबले से अपने करियर का अंत करेंगे जिसमें उनके साथी उनके लंबे समय के प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल हो सकते हैं। फेडरर ने कहा कि वह संन्यास के फैसले के बाद शांति महसूस कर रहे हैं और वह चाहते हैं कि टेनिस से उनकी विदाई एक जश्न की तरह हो। उन्होंने कहा, मैं इसे दुखद सचमुच नहीं बनाना चाहता। मैं वास्तव में खुश होना चाहता हूं और चाहता हूं कि पार्टी के माहौल रहे। वह नीले रंग का ब्लेजर (कोट) पहने थे और उन्होंने बाजुओं को कोहनी तक मोड़ा हुआ था। ब्लेजर के अंदर सफेद पोलो शर्ट थी। फेडरर ने करीब आधे घंटे तक सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा, मैं खेलने को लेकर थोड़ा नर्वस हूं क्योंकि मैं इतने लंबे समय से खेला नहीं हूं। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि मैं थोड़ा प्रतिस्पर्धी हो सकूं। घुटने की कई सर्जरी कराने के बाद फेडरर ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वह लीवर कप के बाद संन्यास ले लेंगे। लीवर कप उनकी प्रबंधन टीम द्वारा आयोजित किया जाता है जो शुक्रवार से शुरू होगा। यह पांचवां चरण होगा जिसमें टीम यूरोप का सामना टीम विश्व से होगा। फेडरर के करियर में मुख्य प्रतिद्वंद्वी रहे नडाल, नोवाक जोकोविच और एंडी में भी इसमें हिस्सा लेंगे। 1990 से शुरू हुए करियर में इस खिलाड़ी ने 2020 तक 20 ग्रैंडस्लैम चैम्पियनशिप और अन्य टूर्नामेंट में 83 खिताब अपने नाम किए।

## संन्यास पर चर्चा के लिए मीडिया से मुखातिब होंगे रोजर

**लंदन (एपी)।** स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर अपने करियर के अंतिम प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट लीवर कप से पहले मीडिया के साथ प्रेस काफ्रेंस में अपने संन्यास से जुड़े सवालों के जवाब देंगे।

फेडरर इस समय लंदन में हैं और लीवर कप से पहले अभ्यास कर रहे हैं। यह टूर्नामेंट उनकी प्रबंधन टीम द्वारा आयोजित किया जाता है जो शुक्रवार से शुरू होगा। इसके पांचवें चरण में टीम यूरोप का सामना टीम विश्व से होगा। फेडरर के करियर में मुख्य प्रतिद्वंद्वी रहे राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और एंडी में भी इसमें हिस्सा लेंगे। फेडरर लीवर कप शुरू होने से पहले प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से मुखातिब होंगे और 1990 से शुरू हुए करियर के समापन के संबंध में सवालों के जवाब देंगे। 41 साल के इस खिलाड़ी ने 2020 तक 20 ग्रैंडस्लैम चैम्पियनशिप और अन्य टूर्नामेंट में 83 खिताब अपने नाम कर लिए थे।

# पेरिस ओलंपिक में, हमारा लक्ष्य टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करने का होगाः शरत कमल



भाषा। सूरत

**भारत** के सबसे बड़े टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल हमेशा निर्धारित किए लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत रहते हैं और अब वह राष्ट्रीय टीम को 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में मदद करना चाहते हैं।

शरत व्यक्तिगत स्पर्धा में खेल चुके हैं और वह देश को 2024 ओलंपिक में टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करते हुए देखना चाहते हैं। शरत यहां राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने के लिए आए हुए हैं। उन्होंने कहा, 2024 में हम क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे क्योंकि पुरूष टीम के पास पदक जीतने का अच्छा मौका है। हम पिछली बार क्वालीफाइंग में चूक गए थे लेकिन अब मुझे लगता है कि हम अच्छी लय में हैं। अगर हम इसे जारी रखते हैं तो हम ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लेंगे और हमें पदक जीतने की भी उम्मीद है।